

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 02 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 11 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## काबुल में फिर से दूतावास खोलेगा भारत, मुत्ताकी ने की एस जयशंकर से कई मुद्दों पर चर्चा

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी 9 से 16 अक्टूबर तक भारत दौरे पर हैं। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्ताकी से मुलाकात की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस दौरान अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की और काबुल में फिर से भारत का दूतावास खोलने का ऐलान किया।

अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा द्विपक्षीय संबंधों और आपसी मित्रता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने और दोनों देशों के बीच स्थायी मित्रता की पुष्टि करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारतीयों के घर में 34,600 टन गोल्ड, वैल्यू करीब 3.8 ट्रिलियन डॉलर

**समाज जागरण**

भारतीय परिवारों के पास मौजूदा समय में 34,600 टन गोल्ड मौजूद है और इसकी वैल्यू करीब 3.8 ट्रिलियन डॉलर या जीडीपी के 88.8 प्रतिशत के बराबर है। यह जानकारी मॉर्गन स्टेनली की ओर से शुक्रवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई।

बीते एक साल में गोल्ड की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है और यह ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गोल्ड की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 4,056 डॉलर प्रति औंस पर बनी हुई है और घरेलू बाजार में सोने के दाम 1,27,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं। इस साल की शुरूआत से अब तक सोने ने डॉलर में 54.6 प्रतिशत और रुपए में 61.8 प्रतिशत का



रिटर्न दिया है।

### केंद्रीय बैंकों की खरीदारी में भी काफी वृद्धि

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि परिवारों द्वारा वित्तीय परिसंपत्तियों को प्राथमिकता देने से सोने में निवेश हाल के कुछ महीनों में तेजी से बढ़ा है और पिछले 12 महीनों में ईटीएफ इनफ्लो 1.8 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। यह रुझान आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, परंपरागत रूप से घरेलू खपत इस मांग का बड़ा हिस्सा होती है, लेकिन केंद्रीय बैंकों की खरीदारी में भी काफी वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2024 से अपने ग्लोड रिजर्व में लगभग 75 टन की वृद्धि की है, जिससे उसकी कुल होल्डिंग 880 टन हो गई है, जो अब भारत के कुल विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 14 प्रतिशत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016 में लचीले मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को अपनाने के बाद से मुद्रास्फीति की दर औसतन 5 प्रतिशत रही है, जो कि सकारात्मक वास्तविक ब्याज दरों (महामारी के बाद नीति सामान्यीकरण के बाद से औसतन 1.7 प्रतिशत) के साथ मिलकर, सोने के आयात को सकल घरेलू उत्पाद के 1-1.5 प्रतिशत के दायरे में रखने में मददगार रही है। यह मई 2013 में दर्ज सकल घरेलू उत्पाद के 3.3 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर से काफी कम है। मजबूत व्यापक आर्थिक स्थिरता ने यह सुनिश्चित करने में मदद की है कि परिवार फिजिकल एसेंट्स में बचत के लिए अत्यधिक प्राथमिकता विकसित न करें, जिससे सोने का आयात नियंत्रण में रहा है और चालू खाता घाटे पर दबाव कम हुआ है।

## दीपावली से पहले कारोबारियों को दिल्ली सरकार का तोहफा

### 694 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड जारी

दीपावली से पहले दिल्ली सरकार ने राजधानी के कारोबारियों को



बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार ने इस वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 694 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड जारी किया है, जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को तय समय सीमा में जीएसटी रिफंड देने के लिए उनकी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरित होकर ह्यइज ऑफ डूइंग बिजनेसह्ल की नीति पर गंभीरता से कार्य कर रही है। सरकार बड़े बाजारों के पुनर्विकास की योजनाओं पर काम कर रही है और व्यापारियों की समस्याओं को हल करने के लिए दिल्ली व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जब व्यापारियों को कारोबार चलाने में आसानी होगी, तभी विकसित दिल्ली का सपना पूरा होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछली सरकारों ने जीएसटी रिफंड प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं लिया था, जिससे लंबित रिफंड बढ़ते गए। लेकिन उनकी सरकार ने इसे प्राथमिकता दी और आईआईटी-हैदराबाद के सहयोग से एक उन्नत आईटी मॉड्यूल विकसित किया है। यह मॉड्यूल डेटा एनालिटिक्स, ऑटोमेशन और तेज जांच प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे रिफंड आवेदन तेजी से निपटाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वित्त वर्ष में अप्रैल से अब तक 7375 रिफंड आवेदनों का निपटारा कर 694 करोड़ रुपये की राशि व्यापारियों के खातों में जमा कर दी है। इसके साथ ही सितंबर माह में अकेले 227 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया, जो अब तक का सबसे बड़ा मासिक रिफंड रिकॉर्ड है।

मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग और कर अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि समय पर रिफंड से व्यापारिक संस्थाओं में विश्वास बढ़ता है और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को तेजी से काम करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्विवादित और वास्तविक रिफंड आवेदनों का निपटारा जल्द किया जाए ताकि दीपावली तक अधिकतम कारोबारियों को रिफंड मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि समयबद्ध रिफंड से व्यापारियों को पूंजी की उपलब्धता बढ़ेगी, मुकदमेबाजी का तनाव घटेगा और दिल्ली की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार व्यापारिक नियमों को सरल कर रही है और अनावश्यक बाधाओं को दूर कर रही है। -

# बाजार में तेजी की वापसी: सेंसेक्स 328 अंक चढ़ा, बैंकिंग शेयरों में जोरदार खरीदारी

**समाज जागरण**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 328.72 अंक या 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,500.82 और निफ्टी 103.55 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,285.35 पर था।

### बाजार को ऊपर खींचने का काम बैंकिंग शेयरों ने किया

बाजार को ऊपर खींचने का काम बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 417.70 अंक या 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56,609.75 पर था। निफ्टी ऑटो (0.50 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (1.67 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (0.44 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (0.44 प्रतिशत) और निफ्टी एनर्जी (0.43 प्रतिशत) की मजबूती के साथ बंद हुआ।

### टाटा स्टील, टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाइटन, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स थे

वहीं, निफ्टी मेटल (0.91 प्रतिशत) और निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स (0.18 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एसबीआई, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, इटरनल (जोमैटो), सन फार्मा, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और ट्रेंट टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील, टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाइटन, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स थे।



### एलकेपी सिक्योरिटीज के रूपक डे ने कहा कि निफ्टी ने हाल ही में कंसोलिडेशन रेंज से ब्रेक आउट दिया है

एलकेपी सिक्योरिटीज के रूपक डे ने कहा कि निफ्टी ने हाल ही में कंसोलिडेशन रेंज से ब्रेक आउट दिया है। इस कारण आने वाले समय में ट्रेंड सकारात्मक रह सकता है। अगर ऐसे में कोई भी गिरावट होती है तो यह खरीदारी का मौका हो सकती है। तेजी की स्थिति में निफ्टी 25,500-25,550 तक जा सकता है, गिरावट की स्थिति में सपोर्ट 25,150 पर है और अगर यह इस स्तर के नीचे जाता है और गिरावट बढ़ सकती है।(इनपुट-आईएएनएस)

### वैश्विक स्तर पर 'गाजा शांति समझौता' संघर्ष समाप्त होने और क्षेत्र से भू-राजनीतिक जोखिम में कमी का संकेत देता है

जानकारों के मुताबिक, "कुल मिलाकर बाजार का माहौल सकारात्मक हो रहा है। वैश्विक स्तर पर 'गाजा शांति समझौता' संघर्ष समाप्त होने और क्षेत्र से भू-राजनीतिक जोखिम में कमी का संकेत देता है।" भारतीय शेयर बाजार कारोबारी सत्र में हरे निशान में खुला। बाजार में चौतरफा तेजी देखी जा रही है। सुबह 9:33 पर सेंसेक्स 227 अंक या 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,399 और निफ्टी 63 अंक या 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,245 पर था।

## नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली मारिया कोरीना मचाडो ने डोनाल्ड ट्रंप को समर्पित किया अवार्ड ?



वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो ने नोबेल शांति पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया. मगर उनके पहले बयान ने दुनिया का ध्यान खींचा है. मचाडो ने ये अवॉर्ड 'पीड़ित वेनिजुएलावासियों" के साथ-साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी समर्पित किया. मचाडो ने (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'ये सम्मान उन सभी वेनिजुएलावासियों के संघर्ष की पहचान है जो आजादी की लड़ाई में साथ खड़े हैं. ये हमें हमारी अंतिम मंजिल, आजादी, तक पहुंचने की ताकत देता है.'

अपने पोस्ट में मचाडो ने लिखा, 'हम आज जीत की दहलीज पर हैं और अब पहले से ज्यादा हमें प्रेसिडेंट ट्रंप, अमेरिकी जनता, लैटिन अमेरिकी देशों और दुनिया की लोकतांत्रिक ताकतों के सपोर्ट की जरूरत है. यही हमारी फ्रीडम और डेमोक्रेसी की सबसे बड़ी उम्मीद हैं.' उन्होंने आगे कहा, 'मैं ये नोबेल पुरस्कार वेनेजुएला के पीड़ित लोगों और प्रेसिडेंट ट्रंप को समर्पित करती हूं जिन्होंने हमारी आजादी की जंग में निर्णायक भूमिका निभाई.'

### महाभारत काल से जुड़ा है करवा चौथ व्रत का इतिहास !

# महिलाएं की व्रत रखकर सदा सुहागन रहने की प्रार्थना।

**सुनील कुमार श्रीवास्तव**
**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। पौराणिक कथाओं के अनुसार, करवा चौथ का व्रत सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए रखा था, जिससे उन्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति हुई थी। मुख्य कथाएँ पति की लंबी उम्र के लिए पत्नियों के समर्पण, युद्ध में पतियों की सुरक्षित वापसी की प्रार्थना और पति पत्नी के बीच सामाजिक बंधन को मजबूत करने के बारे में हैं। कहानियों में करवा द्रौपदी और देवताओं की पत्नियों के व्रत का उल्लेख है, जिनमें से हर एक करवा चौथ की परंपरा के पीछे एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। मुख्य कथाएँ और ऐतिहासिक आधार करवा और मगरमच्छ की कथा के अनुसार, करवा नाम की एक महिला का पति मगरमच्छ का शिकार हो जाता है। करवा अपने पति को बचाने के लिए यमराज से गुहार लगाती है और उन्हें मगरमच्छ को नर्क भेजने की धमकी भी देती है। यमराज के मान जाने के बाद करवा के पति को लंबी आयु का वरदान मिलता है, जिसके बाद यह व्रत पति की लंबी आयु के लिए रखा जाने लगा। द्रौपदी और अर्जुन की कथा में एक प्रसंग है, जब अर्जुन तपस्या के लिए गए थे और पांडवों पर संकट आ गया था। द्रौपदी ने श्री कृष्ण से उपाय पूछा, जिन्होंने उन्हें करवा का व्रत करने की सलाह दी। व्रत के बाद पांडवों पर आया संकट टल गया। कथा के अनुसार, देवताओं और दानवों के बीच युद्ध छिड़ा। जब देवता हारने लगे, तो देव पत्नियों ने अपने पतियों की विजय के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। इस व्रत के बाद देवताओं को युद्ध में जीत मिली। विवाहित महिलाओं को उनके नए घरों में अकेलापन दूर करने और एक-दूसरे के साथ प्रेम करने का एक अवसर प्रदान करता था। कई जगहों पर पति भी इस दिन अपनी पत्नियों के लिए व्रत रखते हैं, जो आपसी प्रेम और सम्मान का प्रतीक सनातन धर्म में कार्तिक महीने का विशेष महत्व है।

इस माह में कई महत्वपूर्ण पर्व मनाए जाते हैं। इनमें करवा चौथ का पर्व भी शामिल है। यह त्योहार हर साल बेहद उत्साह के साथ कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ दिन पर विवाहित महिलाएं अखंड सुहाग की प्राप्ति के लिए निर्जला करती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को विधिपूर्वक करने से पति को लंबी आयु का वरदान प्राप्त होता है। वहीं, अविवहित लड़कियों की शीघ्र शादी हो जाती है। क्या आप जानते हैं कि इस व्रत को सर्वप्रथम किसने किया था। अगर नहीं पता, तो आइए जानते हैं इसके बारे में। पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार देवी देवताओं और राक्षसों के बीच युद्ध छिड़ गया था। युद्ध बहुत भयंकर था। ऐसे में देवी-देवताओं ने अपनी शक्तियों का प्रयोग किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल रही थी। देवताओं पर राक्षस हावी हो रहे थे। इस स्थिति में ब्रह्मदेव ने सभी देवियों को कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी का व्रत करने के लिए कहा, जिसे करवा चौथ के नाम से जाना जाता है। इसी क्रम में इटवा क्षेत्र के ग्राम पिपरी महरी की रहने वाली सोभा मिश्रा का कहना है कि करवा चौथ का ब्रत पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाता है, और सदा सुहागन रहने का प्रार्थना किया जाता है।



इसी क्रम में पिपरी महरी की रहने वाली रीता मिश्रा का कहना है कि करवा चौथ का व्रत रखने से पति-पत्नी के बीच अटूट प्रेम का बंधन मजबूत होता है।

ग्राम कमसार की रहने वाली गुड़िया यादव



का कहना है कि करवा चौथ का रखने से पति की नजर में पत्नी की मयार्दा बनी रहती है, जो कि पती पत्नी के बीच होना अनिवार्य है।

ग्राम सभा धन्धरा की रहने वाली रेनू



श्रीवास्तवा का कहना है कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महा देवियों ने अपने पतियों यानि देवताओं के लिए व्रत रखा था, इसलिए उनके पद चिन्हों पर एक भारतीय नारी को जरूर चलना चाहिए।



ग्राम सभा धन्धरा की रहने वाली नीलम श्रीवास्तवा का कहना है माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था, जिससे उनको अखंड सौभाग्य प्राप्त हुआ था। इसलिए महिलाओं को पति की लंबी उम्र के लिए इस व्रत को रखना चाहिए



इटवा कस्बे की रहने वाली सुमन श्रीवास्तवा का कहना है कि करवा चौथ का व्रत एक ऐसा व्रत है जिसमें महिलाएं बिना जल ग्रहण किए ही पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती है, और यह व्रत पूर्णतः पति की दीघार्यु के लिए समर्पित होता है।



# असली विश्व गुरु तो डोनाल्ड ट्रंप ही निकले




बिना किसी चुनाव के आखिर विश्वगुरू का फैसला हो ही गया. दुनिया में हथियारों के सबसे बडे सौदागर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिर फिलस्तीन और इजराइल के बीच शान्ति समझौता करा ही दिया. ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच भी समझौता कराने की कोशिश की थी लेकिन कामयाबी अभी नहीं मिली है. इजराइल और हमास के बीच संघर्ष की मानवता को बहुत बडी कीमत चुकाना पडी है. दो साल में करीब 70 हजार निर्दोष लोग मारे गये, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे.

डोनाल्ड ट्रंप और हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी के बीच विश्वगुरु और शांन्तिदूत बनने की प्रतिस्पर्द्धा अघोषित रूप से चल रही थी, लेकिन बाजी मारी ट्रं सर ने. इजराइल -फिलिस्तीन के युद्ध में भारत मूक दर्शक बना रहा, भारतीयों की भावनाओ के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी फिलिस्तीन का समर्थन करने से कन्नी काटते रहे क्योंकि उन्हे इजराइल से लगाव था. मोदी ने हालांकि रूस और यूक्रैन के बीच संघर्ष रुकवाने के लिए खूब उछल-कूद की लेकिन हासिल कुछ नहीं हुआ.अब मोदीजी शायद अपने हाथ मल रहे होंगे अपनी नाकामी पर.

दुनिया को युद्ध की नही बल्कि बुद्धि और बुद्ध की जरुरत है. ट्रंप सर ईसाई होते हुए भी बुद्ध साबित हुए हालांकि उनका ये मूल चरित्र नहीं हैक्योंकि इजराइल और ईरान युद्ध में उनकी भूमिका एकदम अलग थी. हमास और इजराइल के बीच शांति समझौते से कोई खुश हो या या न हो लेकिन मै जाती तौर पर बहुत खुश हूँ. मैने पढा था कि युद्धप्रेमी सम्राट अशोक का ह्रदय परिवर्तन भी आखिर एक दिन हुआ ही था. ट्रंप इस लिहाज से न सिर्फ खुद अशोक की तरह शान्ति के रास्ते पर खडे हैं बल्कि उन्होंने इजराइल और फिलिस्तीन को भी साथ ले रखे हैं.

ट्रंप को इस प्रयास के लिए शांति का नोबल पुरस्कार मिले न मिले इससे कोई फर्क नहीं पडता. ट्रंप को ये सम्मान अघोषित रुप से मिल ही गया है और हम टापते रह गये. हम विदेश नीति के मोर्चे पर औंधे मुंह गिरे. जो ट्रंप ने किया वो मोदीजी भी कर सकते थे. हम तो ये मानकर ही चल रहे हैं कि'मोदीजी हैं तो सब मुमकिन है, किंतु अब लगता है कि हम और हमारी धारणा गलत थी. सही तो केवल ट्रंप साहब थे.

इस समझौते के बाद पर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक एआई-जनरेटेड तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनके गले में नोबेल पुरस्कार पदक लटका हुआ है और प्रधानमंत्री और अन्य लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं. गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई के समझौते की घोषणा के बाद तस्वीर शेयर करते हुए नेतन्याहू ने एक्स पर लिखा, डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार दीजिए - वह इसके हकदार हैं! उन्होंने पहले भी ट्रंप को इस पुरस्कार के लिए नामित किया है, जिसे जीतने की इच्छा डोनाल्ड ट्रंप अक्सर जाहिर करते रहते हैं.ट्रंप को पाकिस्तान तो पहले से शांतिदूत मानता है.

नेतन्याहू ही नहीं बल्कि उनके देश के आमजन भी ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की मांग कर रहे हैं. गुरुवार को ही ट्रंप को बंधक समझौते पर बधाई देते हुए, इजरायल के विपक्षी नेता यायर लापिड ने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार का उनसे ज्यादा कोई हकदार नहीं है और इजरायल के लोग उनका अनंत आभार जताते हैं. लापिड ने कहा, मैं उनकी टीम, स्टीव विटकॉफ, जेरेड कुशनर, मार्को रुबियो और टोनी ब्लेयर को बधाई देता हूं. मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू, आईडीएफ के कमांडरों और सैनिकों, सबसे बढ़कर उन बंधकों के परिवारों, शेरों और शेरनियों को बधाई देता हूं जिन्होंने दुनिया को एक पल के लिए भी भूलने नहीं दिया.

सुबह गाजा सीजफायर एग्रीमेंट के आगे बढ़ने की घोषणा के बाद इजरायल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने घोषणा की कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि ट्रंप इसके लिए नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं. आपको याद होगा कि ट्रंप खुद भी कई मौकों पर अपने लिए नोबेल पीस प्राइज की मांग उठा चुके हैं. हाल ही में उन्होंने कहा था कि यदि उन्हें यह पुरस्कार नहीं दिया गया तो यह संयुक्त राज्ये अमेरिको के लिए बड़ा अपमान होगा. हालांकि, सोशल मीडिया में लोग नेतन्याहू की इस कोशिश का मजाक उड़ा रहे हैं.

. यह समझौता गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना के पहले चरण का हिस्सा है. अब तक तकरीबन 70 हजार लोग इस जंग में मारे जा चुके हैं. यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं. ये समझौता इन मृतकों की आत्मा को शांति पहुंचाये या न पहुंचाए लेकिन फिलिस्तीन में जो जीवित बच गये हैं उनके लिए तो मरहम की तरह है ही. ट्रंप सर भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का श्रेय पहले ही अपनी बही में दर्ज किए बैठे हैं.

@ राकेश अचल

# माया की नजर दलित-ओबीसी-ब्राह्मण त्रिकोण पर



संजय सक्सेना,लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजनीति में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने .09 अक्टूबर को लखनऊ में मान्यवर काशीराम जी जयंती पर एक बड़ी जनसभा की। बहनजी ने काफी लम्बे समय के बाद कोई जनसभा की थी,लेकिन उनके अंदाज वही पुराने थे। चेहरे पर शांति का भाव और दिल में समाज के प्रति समर्पण। मायावती तीखे राजनीतिक दांव चलने वाली नेता मानी जाती रही हैं। समय-समय पर वह अपनी राजनीति में नये-नये प्रयोग भी करती रहती हैं। इसी तरह से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए उनकी रणनीति में बड़ा बदलाव दिखाई देने लगा है। इस बार चर्चा है कि मायावती अपने पारंपरिक मुस्लिम वोट बैंक पर सीधे दांव लगाने से बच सकती हैं और इसके बजाय अपने पुराने कोर वोटर्स दलित समाज के साथ-साथ अन्य जातीय समूहों को साधने की कोशिश कर रही हैं। ऐसा लगता है कि बहनजी 2007 की तरह से 2027 में भी सामाजिक समीकरण साधना चाहती हैं।

पिछले चुनावों में मायावती ने कई सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारकर सपा के साथ मुस्लिम समुदाय में पैठ बनाई थी। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने उन्हें एक नया गणित सिखाया है। मुस्लिम मतदाता लगातार सपा या कांग्रेस के पक्ष में जाता दिखा, जिससे बसपा को अपेक्षित फायदा नहीं मिला। 2027 में मायावती शायद मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या घटाकर, गैर-यादव ओबीसी, गैर-जाटव दलित और ब्राह्मण वोटरों को प्राथमिकता देने का रास्ता अपनाएं। इससे वह सपा-कांग्रेस के मुस्लिम-यादव गठजोड़ से टकराव से बचेंगी और अपनी अलग पहचान बनाए रखेंगी।

मायावती जानती हैं कि दलित वोट बैंक बसपा की रीढ़ है, लेकिन इसमें विस्तार के बिना सत्ता तक पहुंच नामुमकिन है। इसके लिए वह निम्न वर्गों में आर्थिक व सामाजिक मुद्दों को जोर-शोर से उठाने की योजना बना रही हैं। मायावती की नजर गैर-यादव ओबीसी समुदाय (कुर्मी, मौर्य, लोध, निषाद आदि), ब्राह्मण वर्ग, जो भाजपा से कुछ असंतोषित है, युवा बेरोजगार, खासकर ग्रामीण इलाकों के, महिलाएं, जिन्हें कानून-व्यवस्था और सुरक्षा का मुद्दा सीधे प्रभावित करता है, पर लगी हुई है। इसके तहत मायावती दलित-ओबीसी-ब्राह्मण का नया त्रिकोणीय वोट बैंक बनाने की कोशिश कर सकती हैं, ताकि मुस्लिम वोटों से परे भी उनके पास निर्णायक समर्थन हो। हाल ही में मायावती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कानून-व्यवस्था और कुछ विकास योजनाओं की सार्वजनिक तारीफ की है। उनके इस कदम को विपक्षी पार्टियां, खासकर सपा और कांग्रेस, भाजपा के साथ उनकी ह्यनजदीकीह्न का संकेत मान रही हैं। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह तारीफ एक सोच-समझकर उठाया हुआ कदम है, जिससे वह भाजपा विरोधी वोटरों में भी एक गैर-टकराव वाली नेता के रूप में सामने आएं। लेकिन इसमें जोखिम यह है कि विपक्ष उन्हें भाजपा की छिपी सहयोगी के रूप में पेश कर सकता है, जिससे कुछ पारंपरिक विरोधी वोटर उनसे दूरी बना सकते हैं। मायावती यहाँ बेहद संतुलित बयानबाजी कर रही हैं,भाजपा के साथ औपचारिक गठबंधन से बचते हुए, उनकी सरकार की कुछ उपलब्धियों को स्वीकार कर रही हैं ताकि भाजपा मतदाता भी उन्हें नकारात्मक न देखे। 2027 की तैयारियों में मायावती का एक और संभावित कदम पुराने, प्रभावशाली बसपा नेताओं को वापस लाना हो सकता है। पिछले एक दशक में पार्टी से जुड़े कई वरिष्ठ नेता अन्य दलों में गए हैं, जिनमें से कुछ की अपनी जातीय या क्षेत्रीय पकड़ है। अगर ये नेता वापस आते हैं तो बसपा के जिलास्तरीय संगठन फिर से मजबूत हो सकते हैं। इससे गांव-गांव में बसपा का बूथ नेटवर्क सक्रिय होगा और दलित-ओबीसी मतदाताओं को संगठित करने में मदद मिलेगी।

भले ही मायावती मुस्लिम वोट बैंक पर दांव कम लगाएं, लेकिन दलित समाज में उनकी पकड़ आज भी मजबूत है। मायावती इस बार ह्लसंविधान और दलित अधिकारोंह्न की रक्षा को फिर से चुनावी मुद्दा बना सकती हैं। भाजपा से नाखुश कुछ दलित वोटरों को भी वह अपनी तरफ खींचने का प्रयास करेंगी। दलित युवाओं को आकर्षित करने के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण, निजी क्षेत्र में आरक्षण की मांग, और शिक्षा में अवसर बढ़ाने जैसे मुद्दे वह प्रचार में जोर-शोर से उठा सकती हैं। कुल मिलाकर सपा-कांग्रेस गठबंधन मुस्लिम वोट बैंक और कुछ ओबीसी वर्गों पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, वहीं भाजपा हिंदुत्व, विकास और कल्याण योजनाओं के जरिए गांव शहर में अपना आधार मजबूत कर रही है। इस टकराव के बीच मायावती ह्यतीसरी ताकतह्न बनकर उभरने की कोशिश करेंगी। अगर वह अपना जातीय समीकरण सही बैठाती हैं और संगठन की कमजोर कड़ियों को जोड़ पाती हैं, तो मुस्लिम वोट के बिना भी बसपा सत्ता की दौड़ में मजबूती से उतर सकती है। कुल मिलाकर , 2027 का चुनाव मायावती के लिए इस मायने में खास होगा कि वह मुस्लिम वोट बैंक पर निर्भर रहने की पुरानी रणनीति छोड़कर एक ह्लबहुजातीय गठबंधनह्न बनाने की दिशा में बढ़ रही हैं। योगी आदित्यनाथ की तारीफ से उन्हें कुछ राजनीतिक लाभ मिल सकता है, लेकिन इसका खतरा भी है कि उन्हें भाजपा के साथ खड़ा देखा जाए। अगर मायावती पुराने बसपा नेताओं को वापस ला पाती हैं, और दलित-ओबीसी-ब्राह्मण त्रिकोण को साधने में सफल होती हैं, तो वह भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन, दोनों के लिए चुनावी चुनौती बन सकती हैं। आने वाले महीनों में उनके बयान और उम्मीदवार चयन इस बदली हुई रणनीति को साफ कर देंगे।

# संघ की विचारधारा पर क्यों उठती है बार-बार उंगली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 साल का जश्न मना रहा है। इन सौ सालों में संघ ने देश में अपनी जड़ें काफी मजबूती से जमा ली। यह सब तब हुए जबकि कांग्रेस की सरकारों ने संघ पर प्रतिबंद्ध सहित उसको लेकर जनता के बीच खूब जहर उगला था। यहां तक की संघ की राष्ट्रभक्ति पर भी सवाल खड़े किये गये। यह भ्रम फैलाया गया कि संघ आजादी की लड़ाई के समय संघ के साथ खड़ा था। दलितों और महिलाओं को संघ में सम्मान नहीं मिलने का आरोप लगाया गया। कुल मिलाकर संघ ने सौ सालों में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। संघ की समाज के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है,इसीलिये तमाम आरोपों के बाद भी संघ ने अपनी विचारधारा पर कभी समझौता नहीं किया। यह सच है कि संघ पर कई बार प्रतिबंध लगाया गया तो कांग्रेस की ही सरकारों ने समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना भी की,लेकिन संघ ने कभी भी अपने ऊपर लगे आरोपों का खुलकर खंडन नहीं किया। ऐसा इस लिये है क्योंकि संघ कभी खुलकर समाज के सामने नहीं आता है। न ही अपने किये सामाजिक कार्यो की वाहवाही बटोरता है,लेकिन संघ को सबसे अधिक विचलित तब होना पड़ता है,जब उस पर देष की आधी आबादी यानि महिलाओं की अनदेखी का आरोप लगता है। संघ पर आरोप लगाया जाता है कि वह अपनी विचारधारा और संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को पुरुषों जितना सम्मान और स्थान नहीं देता। आलोचक कहते हैं कि संघ में महिलाओं को नेतृत्व भूमिका में जगह बहुत कम मिलती है। लेकिन संघ स्वयं इस धारणा का खंडन करता आया है। उसका कहना है कि महिलाओं की गरिमा और शक्ति के बिना राष्ट्र का अस्तित्व ही अधूरा है। यही कारण है कि संघ ने वर्षों से महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और संस्कार निर्माण की दिशा में कई कार्य योजनाएं चलायी हैं।

संघ और उससे जुड़े संगठनों ने महिलाओं की उन्नति, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के लिये अब तक किस प्रकार के कार्य किए हैं, साथ ही कि किन क्षेत्रों में अभी भी और काम की आवश्यकता महसूस की जाती है। इस पर गौर किया जाये तो देखने में यही आता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयं पुरुषों का संगठन है। परन्तु इसकी समानांतर शाखा महिलाओं के लिए राष्ट्र सेविका समिति के रूप में कार्यरत है। यह संगठन 1936 में डॉ. हेडगेवार के सुझाव से स्थापित हुआ। इसका उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना था। समिति आज देशभर में हजारों शाखाएँ चला रही है। इन शाखाओं में युवतियों और महिलाओं को मानसिक व शारीरिक दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। दंड, योग, गीत, व्याख्यान, साहित्य अध्ययन और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं इनके नियमित आयोजन का हिस्सा हैं। इस समिति के माध्यम से अनेक महिला कार्यकर्ता समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आयीं। ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी इलाकों और शहरी बस्तियों में समिति की सेविकाएँ शिक्षा का प्रसार कर रही हैं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं और संस्कार शिक्षा भी दे रही हैं।

संघ का मानना है कि भारत का स्वर्णिम भविष्य केवल शिक्षित और संस्कारित पीढ़ी के निर्माण से ही संभव है। इसी उद्देश्य से संघ के प्रेरणा से अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना हुई, जिनमें लड़कियों की संख्या उल्लेखनीय है।विद्या भारती नामक शिक्षण संगठन आज भारत का सबसे बड़ा शैक्षिक नेटवर्क है। इसके विद्यालयों में बालिकाओं को संस्कारित शिक्षा प्रदान की जाती है। विज्ञान, गणित और कला जैसे विषयों के साथ नृत्य, संगीत व योग का अभ्यास भी कराया जाता है।आदिवासी बस्तियों में चलाए जा रहे ह्यएकल विद्यालयह्न योजनाओं से बड़ी संख्या में लड़कियां शिक्षा से जुड़ी हैं। इन विद्यालयों से दूर-दराज की पहाड़ी और वनवासी बालिकाओं तक शिक्षा पहुँच रही है। छात्राओं को छात्रवृत्ति और मार्गदर्शन देकर उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करने पर भी बल दिया जाता रहा है। संघ से जुड़े संगठनों का प्रयास रहा है कि शिक्षा केवल पढ़ाई लिखाई तक सीमित न होकर चरित्र निर्माण और राष्ट्रप्रेम से भी जुड़ी हो।

महिलाओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी अनेक योजनाएँ संघ व उसकी सहयोगी संस्थाएँ चला रही हैं। सेवा भारती संगठन देशभर में हजारों सेवा केंद्र चला रहा है। इनमें महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाते हैं। ग्रामीण और शहरी इलाकों में बालिकाओं के लिए पोषण आहार वितरण, आयरन की गोलियाँ, स्वास्थ्य परामर्श और स्वास्थ्य शिक्षा का कार्य होता हैगर्भवती महिलाओं की मदद, प्रसव के समय सहयोग, और बच्चों की देखभाल से जुड़ी योजनाओं के पीछे संघ की स्वयंसेविकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महिला जागरूकता अभियान चलाकर मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण और परिवार स्वास्थ्य जैसे विषयों पर ज्ञान फैलाया जाता है।

संघ का उद्देश्य केवल महिलाओं को शिक्षित करना भर नहीं है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है।अनेक सेवा प्रकल्पों में महिलाओं को सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, हस्तशिल्प और भोजन प्रसंस्करण जैसी विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है।इसके माध्यम से महिलाएं परिवार के आर्थिक बोझ को साझा करती हैं और आत्मसम्मान के साथ समाज में योगदान देती हैं। स्वयं सहायता समूह बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को लघु उद्यम चलाने में सहायता दी जाती है। इससे उनमें नेतृत्व क्षमता और प्रबंधन कौशल का विकास हुआ है। आत्मनिर्भरता और महिला उद्यमिता ऐसे प्रयासों से महिलाएँ आर्थिक मजबूती के साथ आत्मसम्मान हासिल कर रही हैं। उनके अंदर प्रबंधन और निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास हो रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दृष्टिकोण यह है कि महिलाओं का योगदान केवल आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों तक सीमित न रहकर सांस्कृतिक और नैतिक निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण होना चाहिए। सेविका समिति की शाखाओं और शिविरों में बालिकाओं को भारतीय शास्त्र, परंपरा और इतिहास से परिचित कराया जाता है। माँ भारती और नारी गरिमा की अवधारणा गीतों, नाटकों और व्याख्यानों के माध्यम से भावनात्मक रूप से जोड़ी जाती है। यह प्रशिक्षण उन्हें परिवार और समाज दोनों के प्रति जिम्मेदारी निभाने की दिशा में सजग बनाता है और उनमें नेतृत्व के साथ-साथ अनुशासन की भावना को भी प्रगाढ़ करता है।

स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आधुनिक काल की प्राकृतिक आपदाओं तक, संघ प्रेरित महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। सेविका समिति की महिलाएँ राहत कार्य, भोजन वितरण, आश्रय केंद्र संचालन और चिकित्सा सहयोग जैसे कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देती रही हैं। यह उनकी सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भाव की जीवंत मिसाल है।

उधर, आलोचक कहते हैं कि यदि महिला और पुरुष समान हैं तो महिलाओं को संघ की मुख्य संरचना में सम्मिलित क्यों नहीं किया गया। उनका मत है कि महिला नेतृत्व को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाता। संघ का पक्ष बिल्कुल भिन्न है। उसका कहना है कि पुरुष और महिला की भूमिकाओं और प्रकृति में भिन्नता है। इसीलिए दोनों के लिए अलग-अलग मंच बनाना ही उचित है। ह्लराष्ट्र सेविका समितिह्न इसी विचार पर संगठित है और वर्षों से स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही है। संघ का दावा है कि समिति की महिलाएँ सामाजिक उन्नति और सेवा कार्यों में कहीं अधिक सक्रिय हैं और यह विभाजन किसी बाधा के बजाय जिम्मेदारियों का स्वाभाविक बंटवारा है। कुल मिलाकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े संगठन महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और आत्मनिर्भरता से जुड़े हजारों प्रकल्पों के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। लाखों महिलाएँ इन प्रयासों से आत्मबल और आत्मसम्मान प्राप्त कर रही हैं। हालांकि आलोचनाएँ यह कहती हैं कि संघ की केन्द्रीय नीति निर्धारण इकाई में महिला नेतृत्व का अभाव अब भी दिखता है। फिर भी यह वास्तविकता भी है कि महिला शक्ति को स्वतंत्र मंच देकर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय किया गया है। आज गाँव-गाँव और शहर-शहर में संघ प्रेरित सेविकाएँ समाज सेवा, संस्कार शिक्षा और महिला उत्थान का दीप जला रही हैं। उनका योगदान शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति की मजबूत नींव रख रहा है और यह सिद्ध कर रहा है कि राष्ट्र की शक्ति स्त्री और पुरुष दोनों की साझेदारी से ही संपूर्ण होती है।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्र के संकट काल तक, महिलाओं ने बहादुरी से भूमिका निभाई। संघ मानता है कि मातृशक्ति ही राष्ट्र की जननी है। इतिहास में क्रांति और जागरण के क्षणों में महिलाओं का योगदान सबसे अधिक रहा है। आज भी राष्ट्रीय संकट या प्राकृतिक आपदा के समय संघ व सेविका समिति की महिलाएं राहत और सेवा कार्यों में सक्रिय दिखाई देती हैं। बाढ़, भूकम्प, महामारी और दंगों के समय स्वयंसेविकाओं ने राहत शिविर चलाये, भोजन बाँटा और पीड़ित बहनों की सहायता की है।

संघ पर महिला नेतृत्व को संगठनात्मक ढांचे में कम स्थान देने का आरोप लगता है। इसका कारण यह है कि संघ की मूल शाखा में केवल पुरुष सदस्य होते हैं। आलोचकों का कहना है कि यदि महिलाएं वास्तव में बराबर की भागीदार हैं, तो उन्हें इसी संरचना में सम्मिलित क्यों नहीं किया गया। संघ इस पर स्पष्ट जवाब देता है कि पुरुष और महिला दोनों की प्रकृति में अंतर है। इसलिए उनके विकास के लिये अलग-अलग मंच बनाना अधिक उपयुक्त है। राष्ट्र सेविका समिति इसी सिद्धांत पर कार्य करती है। संघ का कहना है कि समिति स्वतंत्र रही है और उसको अपने कार्यक्रम और दिशा तय करने की पूरी स्वतंत्रता दी गयी है। संघ का यह दावा भी है कि यदि महिला कार्यकताओं को देखा जाए, तो वे सामाजिक उत्थान में पुरुषों से कहीं अधिक सक्रिय और प्रभावशाली ढंग से कार्य करती हैं।

संघ ने महिला सशक्तिकरण के लिये क्या काम किया,इसके उदाहरण भी मौजूद हैं। संघ प्रेरित अनेक महिला कार्यकताओं ने समाज में उल्लेखनीय काम किया है। आदिवासी क्षेत्रों में सैकड़ों संघ सेविकाएँ शिक्षा का दीपक जलाने का कार्य कर रही हैं। शहरी झुग्गियों में बालिकाओं के लिए चलाये जा रहे संस्कार केंद्र वहाँ की पीढ़ी को नयी दिशा दे रहे हैं। अनेक महिलाएं ग्राम विकास योजनाओं की अगुआई कर रही हैं। संघ साफ कहता है कि राष्ट्र निर्माण में महिला और पुरुष दोनों की बराबर भागीदारी आवश्यक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस बात पर जोर देता रहा है कि महिला ह्लशक्तिह्न और संस्कार राष्ट्र की धुरी है। यही कारण है कि संघ ने शिक्षण, स्वास्थ्य, सेवा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में महिलाओं के लिए हजारों योजनाएं चलाईं। हालांकि, आलोचनाएँ भी कम नहीं हैं।

बहरहाल, यह सच है कि संघ की केन्द्रीय नेतृत्व संरचना में महिलाओं की औपचारिक भागीदारी नहीं है। लेकिन संघ यह मानता है कि अलग मंच बनाकर महिलाओं को राष्ट्रसेवा के लिए स्वतंत्र अवसर देना ही वास्तविक सम्मान है। अंततः यह कहना उचित होगा कि महिलाएं आज संघ प्रेरित प्रयासों से गाँव-गाँव और शहर-शहर में आत्मविश्वास और सम्मान के साथ खड़ी हो रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव रख रहा है।



अजय कुमार

# समाज में परिवर्तन की वाहक बने बालिकाएं

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित एक अंतर्राष्ट्रीय पालन दिवस है। 11 अक्टूबर 2012 को पहली बार बालिका दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 11 अक्टूबर को पूरी दुनियां में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस दुनिया भर में लड़कियों द्वारा उनके लिंग के आधार पर सामना की जाने वाली लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस असमानता में शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल और भेदभाव से सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं। संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां। यह थीम संकट की परिस्थितियों में लड़कियों की दृढ़ता, नेतृत्व और सशक्त भूमिका पर केंद्रित है। यह थीम उन चुनौतियों पर प्रकाश डालती है जिनका सामना बालिकाएं करती हैं। जैसे संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और असमानताएं। यह थीम बालिकाओं को केवल संकट के शिकार के रूप में नहीं बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में पहचानने पर जोर देती है। यह थीम शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा में निवेश का आह्वान करती है ताकि वे बेहतर और समावेशी दुनिया का निर्माण कर सकें।

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 12 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2023-24 में 12 अंक बढ़कर 930 हो गया।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नोएडा हाट में आयोजित हो रहा है 10 दिवसीय "यू०पी० ट्रेड शो–स्वदेशी मेला 2025"

## ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के माननीय मंत्री सोमेंद्र तोमर जी ने रिबन काटकर किया स्वदेशी मेले का उद्घाटन

**आमजन अधिक से अधिक संख्या में स्वदेशी मेले में पहुंचकर स्वदेशी वस्तुओं एवं जीएसटी दरों में कमी का उठाएं लाभ**

**स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में सशक्त पहल "यू०पी० ट्रेड शो–स्वदेशी मेला 2025" : माननीय मंत्री**

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 10 अक्टूबर 2025 : उत्तर प्रदेश के शिल्पियों, कारीगरों एवं स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और स्वदेशी उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित "यू०पी० ट्रेड शो–स्वदेशी मेला 2025ह्व का आज नोएडा हाट, सेक्टर-33ए में भव्य उद्घाटन हुआ। इस 10 दिवसीय मेले का उद्घाटन ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर मंत्री का स्वागत मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवकांत द्विवेदी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह स्वदेशी मेला प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों के कौशल, परिश्रम और सृजनशीलता का प्रतीक है। माननीय प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य सरकार 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि ये महिलाएं अपने हुनर से न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही हैं। राज्य सरकार इनके उत्पादों के विपणन और प्रोत्साहन हेतु निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजन न केवल स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं को स्वरोजगार एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित भी करते हैं।

मंत्री ने इस अवसर पर मेले में लगाई गई विभिन्न ODOP (वन डिस्ट्रिक्टझ्रवन प्रोडक्ट) स्टालों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने रेडीमेड गारमेंट्स,



टेक्सटाइल, माटी कला, लकड़ी शिल्प, हथकरघा, हस्तशिल्प एवं घरेलू उत्पादों से सजे स्टालों पर प्रदर्शित वस्तुओं का बारीकी से अवलोकन किया और शिल्पियों एवं उद्यमियों से संवाद स्थापित किया। मंत्री जी ने उत्पादों की गुणवत्ता, डिजाइन और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि "प्रदेश के शिल्पी अपनी परंपरा, सृजनशीलता और गुणवत्ता से वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की पहचान मजबूत कर रहे हैं।

इस अवसर पर माननीय राज्य मंत्री जी द्वारा ओडीओपी, टूल किट योजना तथा अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र एवं सामग्री वितरित कर लाभान्वित भी किया गया।

मेले में बड़ी संख्या में आगंतुकों ने शिल्पियों के कार्य को सराहा और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर "स्थानीय से वैश्विक" की दिशा में योगदान दिया। मेले में लाइव डेमो, शिल्प कार्यशालाएँ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी विशेष आकर्षण



का केंद्र हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मेला 09 से 18 अक्टूबर 2025 तक आमजन के लिए खुला रहेगा। मेले में लगभग 100 स्टाल विभिन्न स्वदेशी उत्पादों के लगाए गए हैं। स्वदेशी उत्पादों के क्रय पर जी०एस०टी० दरों में रियायतें भी उपलब्ध हैं, जिससे आमजन को लाभ प्राप्त होगा। साथ ही उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अधिकाधिक संख्या में मेले में पहुँचकर स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन में सहभागी बनें।

इस अवसर पर एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा अभिषेक शर्मा, महानगर अध्यक्ष भाजपा महेश चौहान, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी (भू.अ.) राजेश कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# महिला मित्र के परिजनों को फंसाने के लिए रचा षड्यंत्र, खुद को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण – आजमगढ़।** महिला मित्र के परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने के इरादे से षड्यंत्र रचकर खुद को गोली मारने वाले आरोपी सहित तीन अभियुक्तों को




आजमगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने महिला के परिवार को बदनाम करने के लिए खुद पर हमले का नाटक रचा था। जांच में सच्चाई सामने आने पर पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसी हर साजिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण–2025 की समीक्षा बैठक संपन्न

## सभी अधिकारी पुनरीक्षण कार्य को निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता से पूर्ण करें – राज्य निर्वाचन आयुक्त

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 10 अक्टूबर 2025। उत्तर प्रदेश के माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन, गौतम बुद्ध नगर के सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षणझ्र 2025 की प्रगति की समीक्षा हेतु मंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुई।

बैठक में गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत एवं बुलंदशहर जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तथा मुख्य विकास अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों ने पंचायत निर्वाचन नामावली के वृहद पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अब तक की गई कार्यवाही का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने समीक्षा के दौरान कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला हैं, इसलिए निर्वाचक नामावली की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध अद्यतनता सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा डुप्लीकेट या अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार शीघ्र हटाया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य करें और क्षेत्रीय सत्यापन की नियमित निगरानी करें। साथ ही निर्वाचक नामावली के प्रदर्शन, आपत्तियों के निस्तारण एवं अंतिम प्रकाशन की सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप पारदर्शी ढंग से संपन्न की जाएं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपदों में पुनरीक्षण कार्य की दैनिक समीक्षा करें तथा प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से आयोग को भेजें। किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आयोग की अपेक्षा है कि यह अभियान पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न हो, ताकि आगामी पंचायत चुनाव निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किए जा सकें।

बैठक के अंत में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की। – सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# दीपावली पर्व पर मिलावटी मिठाइयों पर प्रशासन का शिकंजा

## खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी में गंदगी में बने रसगुल्ले मिले, 285 किलो नष्ट – 08 नमूने जांच हेतु भेजे गए

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 10 अक्टूबर 2025। आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने विशेष जांच अभियान चलाया। जिलेभर में विभिन्न मिठाई निर्माणशालाओं और खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करते हुए विभागीय टीमों ने कुल 08 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए हैं।

सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैय्यद इबादुल्लाह एवं अमर बहादुर सरोज की टीम ने घोड़ी बछेड़ा स्थित अनुज कुमार शाक्य की रसगुल्ला निर्माणशाला पर



छापा मारा। जांच में निर्माणशाला में गंदगी, मक्खी-मच्छर एवं अस्वच्छ भंडारण की स्थिति पाई गई। यहां गंदे तरीके से तैयार किए गए रसगुल्ले भारी मात्रा में रखे मिले।

टीम ने मौके से रसगुल्ला, छेना, दूध और सफेद पाउडर (अरारोट बताई गई सामग्री) के नमूने लिए। साथ ही 285 किलोग्राम रसगुल्ले को तत्काल नष्ट कराया गया, जबकि 35 किलोग्राम सफेद पाउडर को सीज कर दिया गया। वहीं, टीवीएस वाली गली, ब्रह्मपुरी दादरी में गर्ग एजेंसी पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.के. पांडेय, ओ.पी. सिंह एवं विशाल गुप्ता की टीम ने छापेमारी की। टीम ने यहां से सरसों तेल और राइस ब्रान ऑयल के नमूने लिए। प्रथम दृष्टया तेल मिलावटी और मिथ्याछाप प्रतीत हुआ, जिस पर कार्रवाई करते हुए 150 किलोग्राम सरसों तेल और 200 किलोग्राम राइस ब्रान ऑयल को सीज कर दिया गया।

इसके अलावा सूरजपुर (ग्रेटर नोएडा) स्थित लियाकत किराना स्टोर से बेसन का नमूना और ऐच्छर (ग्रेटर नोएडा) स्थित लक्ष्मी डेयरी से पनीर का नमूना लिया गया।

सहायक आयुक्त ने बताया कि कुल 08 नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। परिणाम प्राप्त होने के बाद दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उद्देश्य है कि जिले में बिकने वाले सभी खाद्य पदार्थ मानक गुणवत्ता के अनुरूप हों और जनपदवासियों को मिलावटी खाद्य सामग्री से मुक्त सुरक्षित उत्पाद उपलब्ध कराए जा सकें।

# फोर्टिस नोएडा में 70-वर्षीय मरीज में लंग कैंसर का पता लगाने के लिए उत्तर भारत में पहली बार सीबीसीटी-गाइडेड क्रायो-लंग बायोप्सी की गई

**समाज जागरण**

नोएडा, 09 अक्टूबर, 2025: फोर्टिस नोएडा ने उत्तर भारत में पहली बार फेफड़ों की कोन बीम सीटी (सीबीसीटी) गाइडेड क्रोया-बायोप्सी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इस अत्याधुनिक प्रक्रिया की मदद से डॉक्टरों ने 70-वर्षीय मरीज के लंग कैंसर की पुष्टि की है। इससे पहले, शहर के अन्य कई अस्पतालों में अनेक बार की गई जांच में भी इसका पता नहीं चल पाया था।

मरीज को, जो कि क्रोनिक स्मोकर थे, सांस फूलने और तेजी से वजन गिरने की शिकायत के साथ फोर्टिस नोएडा लाया गया था। अन्य अस्पतालों में पिछली जांच से कोई नतीजा नहीं निकला था। पुराने टेस्ट से केवल कुछ इंफेक्शन वगैरह का ही संकेत मिला था। फोर्टिस नोएडा में मरीज के ढएळ उळ स्कैन से उनके फेफड़े में एक घाव का संदेह हुआ। लेकिन, उनके मामले में फेफड़ों को पंक्चर के चलते जोखिम और साथ ही, अपर्याप्त या नॉन-डायग्नॉस्टिक सैंपल प्राप्त होने के मद्देनजर बायोप्सी का विकल्प चुना गया। इस मामले में अन्य कई डायग्नॉस्टिक चुनौतियों को भी पेश



किया झ पिछले टेस्ट, जिनमें ब्रोन्कोस्कोपी और फ्लूड एनेलिसिस भी शामिल थे, किसी भी निर्णायक जानकारी को उपलब्ध नहीं करा पाए थे। यहां तक कि सीटी-गाइडेड बायोप्सी और रेडियल ईबीयूएस को भी इस मामले में अनुपयुक्त माना गया क्योंकि फेफड़े का अधिकांश हिस्सा लगभग मृत था, जिसकी वजह से ट्यूमर ग्रस्त भाग को अलग करना मुश्किल था।

इन चुनौतियों को देखते हुए, डॉ राहुल शर्मा, एडिशनल डारयेक्टर, पल्मोनोलॉजी के नेतृत्व में फोर्टिस नोएडा की पल्मोनोलॉजी टीम ने सीबीसीटी-गाइडेड क्रायो-लंग बायोप्सी का विकल्प चुना जो कि अत्याधुनिक, मिनीमली इन्वेसिव तकनीक है और इसमें बेहतर प्रिसीजन के लिए रियल-टाइम 3डी इमेजिंग, एन्हान्सड स्कोप नेवीगेशन, और ऑग्मेंटेड फ्लोरोस्कोपी का मेल है। इस एप्रोच के साथ टीम ने मरीज के फेफड़े के जीवित हिस्से से सुरक्षित तरीके से टिश्यू सैंपल को निकाला और इस प्रक्रिया में मृत भाग से दूरी बनाकर रखी गई।

बायोप्सी में नॉन-स्मॉल सैल कार्सिनोमा की पुष्टि हुई झ यह एक प्रकार का लंग कैंसर है और अतिरिक्त लिंफ नोडा सैंपलिंग से कैंसर के प्रसार के शुरूआती स्तर का पता चला। इस सटीक डायग्नॉसिस और स्टेजिंग से डॉक्टरों को बिना किसी देरी के तत्काल सही उपचार शुरू करने में मदद मिली।

इस मामले में, डॉ राहुल शर्मा, एडिशनल डारयेक्टर, पल्मोनोलॉजी, फोर्टिस नोएडा ने कहा, ह्लइस मामले ने साबित कर दिखाया है कि किस प्रकार एडवांस टेक्नोलॉजी और क्लीनिकल विशेषज्ञता के मेल से जटिल से जटिल मामलों का समाधान तलाशा जा सकता है। इस सीबीसीटी गाइडेड क्रायो-लंग बायोप्सी ने हमें स्पष्ट डायग्नॉसिस और कैंसर की सही पहचान करने में मदद की, ताकि मरीज सही समय पर सही उपचार ले सके।"

श्री मोहित सिंह, जोनल डायरेक्टर, फोर्टिस नोएडा ने कहा, "फोर्टिस नोएडा में, हम अपने मरीजों तक एडवांस मेडिकल इनोवेशंस के लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। सीबीसीटी-गाइडेड क्रायो-लंग बायप्सी के सफल प्रयोग ने भी वर्ल्ड-क्लास टेक्नोलॉजी, प्रिसीजन-ड्रिवन केयर और बेहतर क्लीनिकल परिणामों को सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता दोहरायी है।

यह उपलब्धि अत्याधुनिक डायग्नॉस्टिक टेक्नोलॉजी को अपनाने के मामले में फोर्टिस नोएडा की अग्रणी स्थिति को दशार्ती है। सीबीसीटी-गाइडेड क्रायो-लंग बायप्सी फिलहाल दुनियाभर के कुछ गिने-चुने स्पेश्यलाइज्ड सेंटर्स में ही उपलब्ध है, और यहां इसका सफल प्रयोग उत्तर भारत में लंग कैंसर केयर की दिशा में बढ़ाए गए महत्वपूर्ण कदम को दशार्ता है।

# धरतीपुत्र नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की तीसरी पुण्यतिथि पर सपा नोएडा महानगर ने किया हवन, दी श्रद्धांजलि.....

**समाज जागरण**

सपा नोएडा महानगर संगठन द्वारा धरतीपुत्र नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की तीसरी पुण्यतिथि पर अगाहपुर नोएडा सेक्टर 41 स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में हवन पूजा के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उसके बाद सभी समाजवादी लोगों ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प मालाओं से श्रद्धांजलि दी, व साथ ही साथ नेताजी की पद चिन्हों पर चलने का संकल्प भी लिया। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि नेताजी हमेशा ही किसान ,नौजवान ,मजदूर शोषित ,पीड़ित को साथ लेकर चलते थे और हमेशा उनके साथ खड़े रहते थे। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी व जय करण चौधरी ने कहा कि नेताजी ने लोहिया और राज नारायण के निदेर्शों का पालन करते हुए समाजवाद का पूरे देश और प्रदेश में अलख जगाने का काम किया। कार्यक्रम का संचालन




महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में विकास यादव, सुनील चौधरी, जयकरण चौधरी ,भरत प्रधान, रेशपाल अवाना, सूबे यादव ,मनोज चौहान ,बबलू चौहान ,नीरज शर्मा, संजय त्यागी,नीतीश बैसोया,मोहम्मद नौशाद, बाबा जयवीर, रविंदर यादव,रामवीर यादव, टीटू यादव ,भीष्म यादव,मनोज गोयल,कवित गुर्जर,सुमित अम्बावत,महकार तंवर ,अमित भाटी ,हरपाल सिंह,मुकेश यादव, अमित बैसोया, सोनू त्यागी ,महेश जाटव, सूरज राणा ,अंकित यादव ,सोनू ,गौरव सिंघल,अली शेर,नजाकत अली,नकुल चौहान,विपिन चौहान,शालिनी खारी, बिमला,रंजीत यादव,सुरेंदर कुमार,उदय सिंह,मोहित यादव, रोहित यादव कमल गौतम, संजू यादव, वीर बहादुर, बिजेंद्र यादव ,रंजीत पटेल ,रंजन कुमार । गुलजार अल्वी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत नोएडा पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को दी जागरूकता की जानकारी

समाज जागरण नोएडा।

#MissionShakti5 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम नोएडा पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नए कानूनों, शासन की योजनाओं और साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है।

नोएडा पुलिस का यह अभियान महिलाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और जागरूकता की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से लगातार जारी है।

# पर्व-त्योहार के समय वेंडरों को बेरोजगार न करे प्राधिकरण: श्याम किशोर गुप्ता

## नोएडा प्राधिकरण पर मनमानी का आरोप, कहा—हाईकोर्ट और विशेष अधिकारी के आदेशों की भी नहीं की जा रही परवाह

**नोएडा, समाज जागरण।**

रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता ने नोएडा प्राधिकरण पर मनमाना रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार का समय गरीब वेंडरों की रोजी-रोटी का प्रमुख साधन होता है, लेकिन इसी समय में नोएडा प्राधिकरण द्वारा बुल्डोजर कार्रवाई कर उन्हें बेरोजगार किया जा रहा है।

श्री गुप्ता ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण न तो किसी की सुनती है, न किसी के आदेश का पालन करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के आदेश और मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष अधिकारी के निर्देश के बावजूद प्राधिकरण नियमों की अनदेखी कर रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय में नियुक्त विशेष अधिकारी ने स्पष्ट कहा था कि ह्लकिसी भी वेंडर को बिना सर्वे किए न हटाया जाए", परंतु इसके बावजूद प्राधिकरण त्योहारों के समय कार्रवाई के लिए ही निकल पड़ता है।

श्री गुप्ता ने यह भी बताया कि आई



जी आर एस संख्या 4001412 1021992 में स्वयं प्राधिकरण ने कहा है कि "पथ विक्रेता अधिनियम की धारा 3(2) के क्रम में किसी वेंडर का शोषण नहीं किया जा रहा हैह्व, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण उन्हीं वेंडरों को निशाना बना रहा है जो वर्षों से अपने निर्धारित स्थान पर व्यवसाय कर रहे हैं। एसोसिएशन अध्यक्ष ने प्राधिकरण से मांग की है कि पर्व और त्योहारों के समय किसी भी वेंडर को परेशान न किया जाए तथा पथ विक्रेता अधिनियम के प्रावधानों का ईमानदारी से पालन सुनिश्चित किया जाए।

– नोएडा ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने प्रियंका गांधी से की मुलाकात, प्रदेश की राजनीति पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

**समाज जागरण**

नोएडा के बहलोलपुर निवासी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा से विशेष मुलाकात की। इस दौरान उत्तर प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की मजबूती, जमीनी स्तर पर जनसंपर्क को मजबूत करने एवं आगामी राजनीतिक रणनीतियों को लेकर गहन चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान ओमवीर यादव ने प्रियंका गांधी को गौतमबुद्ध नगर के साथ साथ प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, जनभावनाओं तथा कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं राजनीतिक प्रयासों से अवगत कराया। साथ



ही उन्होंने संगठन के विस्तार और युवाओं एवं आम नागरिकों को पार्टी से जोड़ने के लिए कई सुझाव भी प्रस्तुत किए।

प्रियंका गांधी ने प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए ओमवीर यादव के योगदान की सराहना की और भविष्य में पार्टी के जनआंदोलनों एवं अभियानों को और प्रभावी बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर सशक्त विकल्प बनेगी और प्रत्येक कार्यकर्ता को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

ओमवीर यादव ने इस मुलाकात को ह्लप्रेरणादायकह्व बताते हुए कहा कि प्रियंका गांधी का नेतृत्व प्रदेश की राजनीति में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अवैध शराब की तस्करी करते तीन तस्कर गिरफ्तार, 135 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

**समाज जागरण – वाराणसी।**

वाराणसी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी में लिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से विभिन्न ब्रांड की 135 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब और एक ट्रक बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, यह शराब अन्य जिलों में तस्करी के




लिए ले जाई जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वाराणसी पुलिस ने बताया कि अवैध शराब तस्करी पर सख्त कार्रवाई अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बैटरा चोरी का हुआ खुलासा आठ बैटरियों सहित दो गिरफ्तार किया चालान

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नगीना अलग-अलग स्थान से दो ई -रिक्शाओं से चोरी हुए बैटरे, पीडितों की तहरीर के बाद बरामद कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार के जेल भेज दिया। नगर के मोहल्ला कलालान निवासी सरफराज पुत्र मौ0 इब्राहीम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 11अगस्त 2025 की दोपहर 1 एक बजे करीब वह अपनी ई रिक्शा मुनीम चौक पर मस्जिद के सामने खड़ी करके नमाज पढने मस्जिद मे गया था इसी बीच कोई उचक्का उसकी रिक्शा ले गया और रिक्शा से चारों बडे बैटरे चोरी कर रिक्शा किरतपुर रोड पर छोड गया, दूसरी घटना में मौहल्ला लाल सराय निवासी रईस अहमद पुत्र शब्बीर अहमद द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि 24 सितंबर 2025 को दोपहर 1 बजे करीब वह अपनी ई -रिक्शा को घर के बहार सडक किनारे खड़ी कर खाना खाने घर के अन्दर चला गया इसी बीच कोई चोर -उचक्का ई रिक्शा से बडे बैटरे चुराकर ई रिक्शा अकबराबाद रोड पर जंगल में छोड़ गया, दोनों पीडितों की तहरीर पर नगीना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृतदर्ज कर पुलिस टीम के उप निरीक्षक रामचन्द्र सिंह,उप निरीक्षक सुक्रमपाल राणा , है कांस्टेबल विपिन कुमार कांस्टेबल संदीप तोमर कांस्टेबल अंकित सौलानिया , कांस्टेबल सचिन कुमार ने तत्परता दिखते हुए तहरीर के अगले दिन ही शादान पुत्र अब्दुल शमी निवासी मौहल्ला पठानपुरा कस्बा व थाना नजीबाबाद तथा शाकिर पुत्र अब्दुल हफीज निवासी मौहल्ला रेती चौक लाठपुरा कस्बा व थाना किरतपुर को चोरी किये गये दिया।

## ब्लाक स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता पर किया कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नगीना। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत समसपुर, ब्लॉक कोतवाली में ब्लाक स्तरीयजागरूकताकार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के प्रभारी अधिकारी डॉ. के. के. सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान अपनी फसलों के अवशेषों को ना जलाएं फसलों के अवशेषों को जलाने से मृदा, वायु , वातावरण आदि में गंभीर नुकसान होते हैं। फसलों के अवशेषों को सुरक्षित बना करके रखें उससे अन्य तरीके अपना करके उनको अपने खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं साथ ही साथ वातावरण को प्रदूषित होने से बचाएं। साथ ही डा. सिंह ने बताया कि किसान अपनी खेती मे गेंहू, सरसो और मसूर की बायोफोटीफाईड प्रजातियो को शामिल करके उच्च उत्पादन के साथ साथ अतिरिक्त आय की प्राप्ति करे एवं गन्ना की उच्चउत्पादन तकनीक की अधिक जानकारी दी।

उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान अपने फसलों के अवशेष जो बचते हैं उनका उपयोग अन्य तरीके अपनाकर सुरक्षित कर सकते हैं, एवं आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही मृदा परीक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की तकनीक पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। डा. पिन्टू कुमार ने फसव अवशेष जैसे गेहूं के भूसे से, धान की पराली से मशरूम उत्पादन कर सकते हैं, की तकनीक बताई, फसल अवशेषों को अतिशीघ्र खेत में समाहित करने हेतु डिकम्पोजर के प्रयोग की तकनीकी, साथ ही साथ पराली से गत्ते और जैसे उत्पाद बनाए जा सकते हैं के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से सतीश कुमार द्वारा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 के विषय पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता आयोजित हुई

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



बिजनौर - जिलाधिकारी जसजीत कौर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा आज दोपहर 12:00 मिशन शक्ति फेस-5.0 के विषय पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी संग्राम सिंह सहित, स्वास्थ्य, कार्यक्रम, महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रेस प्रतिनिधि तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अंतर्विभागीय समन्वय से चलाये जाने वाला अभियान है, जिसे प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जाने वाली विभिन्न योजनाओं को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए विगत वर्षों से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें महिलाओं को राज्य व समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए विभिन्न विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे है ताकि वर्ष 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा किया जा सके और यह तभी संभव है जब प्रदेश की आधी आबादी सुरक्षित व स्वालांबी हो जाएं तथा महिलाओं को घर से लेकर कार्यस्थल तक सुरक्षित कर सके, इसके लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा देने के लिए पुलिस विभाग कार्य कर रहा है। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला संरक्षा व सुरक्षा के लिए कार्य किए जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थलों यथा स्कूल, कालेज, बाजार आदि में छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस द्वारा निरन्तर भ्रमण करना एवं एण्टी रोमियों स्क्वायड द्वारा कार्यवाही करना, महिला एवं बच्चों से संबन्धित प्रमुख कानूनो यथा घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूक करना, बाल विवाह, बाल श्रम रोकने के लिए बने कानूनों की जानकारी देना, 1090, 112, 1076, 1098, 181, 1930, 102, 108 जैसे हेल्पलाइन की जानकारी उपलब्ध कराना आदि कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग सखी योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर आयुष्मान योजना, प्रधानमत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि से लाभान्वित भी किया जा रहा है, ताकि महिलाओं को मुख्य धारा में लाकर विकसित उत्तर प्रदेश के सपने के साकार किया जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा पुलिस विभाग के माध्यम से पत्रकार बंधुओं को महिला सुरक्षा सम्मान एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रमों योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि मिशन शक्ति फेस चरण-5.0 के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपनी गरिमा को भागीदारी बढ़ाएं।

## सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल में पूर्व छात्र परिषद का हुआ गठन

**समाज जागरण**



चंदौसी। लाला सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल मोहल्ला महाजन चंदौसी में पूर्व छात्र परिषद की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।सर्वप्रथम वंदना सत्र में विद्यालय के कोषाध्यक्ष डॉ टीएस पाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कराए। गठन अध्यक्षता पूर्व छात्र परिषद सम्भल के जिला संयोजक हृदेश यादव एडवोकेट ने की । इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह राजपूत ने सभी पूर्व छात्रों को परिषद के द्वारा किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख किया। तथा नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व छात्र प्रभारी आचार्य राजवीर सिंह आचार्या रुचि अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

नवीन कार्यकारिणी भुवनेश वार्ष्णेय (संरक्षक),अभिषेक शर्मा ( संयोजक) , अभिजीत सिंह (सह संयोजक),कपिल तिवारी ( कोषाध्यक्ष),सुधांशु शर्मा ( मंत्री),राशि अग्रवाल (मीडिया प्रभारी) ,तथा निखिल वार्ष्णेय, आदित्य पाटिल,रितिका पाटिल ,कनक गौतम, दीक्षा वार्ष्णेय, नंदिनी, आर्यन,मणिक सिंह,कृष्णपाल को सदस्य नियुक्त किया।

## भूख हड़ताल पर बैठे बाबा धर्मेंद्र गिरी बाबा बंसी वाले

### भूख हड़ताल पर बैठे बाबा जिम्मेदार शाशन प्रशासन होगा

**समाज जागरण**



कलान / शाहजहांपुर की तहसील कलान क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुण्डरिया में जन समस्याओं को लेकर बंशी वाले बाबा के मन्दिर में भूख हड़ताल पर बैठे है बाबा धर्मेन्द्र गिरि ने जनसमस्याओं को लेकर शासन प्रशासन से कुछ मांगे रखी है भूख-हड़ताल पर बैठे बाबा धर्मेन्द्र गिरि ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत कुण्डरिया में रामगंगा नदी के कटान का खतरा बना रहता है जिस पर ठोकरें बनवा दी जाए और मजरा बोझी के तरफ को निकले का कोई रास्ता नहीं है वहां के लिए एक पक्का पुल बनवा दिया जाए गांव में एक बरात घर बनवाने की भी मांग की है बाबा धर्मेन्द्र गिरि ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे यहां छुट्टा गौवंश घूमते रहते हैं लेकिन गौशाला में नहीं गौशाला हमेशा खाली ही पड़ी रहती है जब भी गौशाला पर कोई प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण के दौरान आता है तो छुट्टा गौवंश को घेर कर गौशाला में कर दी जाती है जिससे साफ तौर से सावित होता है कि गौशाला में गौवंश के नाम से सिर्फ खाना पूर्ति ही हो रही है बाबा धर्मेन्द्र गिरि ने यह भी आरोप लगाया है की ग्राम पंचायत कुण्डरिया में कहीं आवास आये लेकिन किसी को कोई आवास नहीं मिला जो आवासों का पैसा आया वो कहां गया जिसकी जांच की जाए जब इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि अजीत कुमार कुंडरिया से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया की लाभार्थियों के कागज शासन स्तर भेज दिए हैं जो भी लाभार्थी का पैसा आएगा बह सीधे लाभार्थी के खाते में जाएगा बाबा धर्मेन्द्र गिरि ने यह भी कहा अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो हम आगे भी भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे जिम्मेदार शाशन प्रशासन होगा

## महापुरुष स्मारक समिति ने " विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस" पर स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**समाज जागरण**



चंदौसी। सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में मनाया गया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र रहे। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी और बदलते जीवन के आधुनिक तौर तरीकों के कारण मानसिक रोगों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। हर तीसरा व्यक्ति एवं हर दूसरी महिला और हर तीसरा किशोर बच्चा मानसिक रोग से ग्रस्त हो रहा है। अधिकतर मानसिक रोगों का जागरुकता से तथा योग्य चिकित्सक के उपचार से समाधान सम्भव है। इस सबके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए दस अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। समाज में प्राचीन काल से कहावत प्रचलित है कि "मन के जीते जीत है और मन के हारे हार।"आप जो भी मन में ठान लें वह असंभव कार्य भी संभव हो जाता है, बैसे भी धार्मिक ग्रन्थ और विद्वानों का कथन है कि हमे अपने मन में उठने वाले विचारों का अवलोकन करते रहना चाहिए जिससे नकारात्मक विचारों से मुक्त होकर सकारात्मक विचारों की ओर बढ़ सकें और खुद को मानसिक तौर पर स्वस्थ रख सकें। यह कितनी गंभीर समस्या है कि किशोरावस्था में छात्र छात्राए कक्षा में फेल होने पर, मां बाप के डांटने पर या प्रेम प्रसंग में असफल होने पर आत्म हत्या कर रहे हैं, जिसे समाज और परिवार के लोगों के जागरूक होने पर बचाया जा सकता है। बलात्कार जैसी घिनौनी हरकत भी एक मानसिक रोगी करता है, जब कोई व्यक्ति दिन रात कामुकता का साहित्य या फिर अश्लील फिल्म, वीडियो देखता है तो वह छोटी बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत कर सकता है। मात्र चालीस साल से देखने को मिलता है कि लोगों में सहनशीलता का भाव कम हुआ है।विभिन्न प्रकार के अपराध बढ़े हैं, तथा परिवारों में खुशहाली भी कम हुई है जबकि आर्थिक संपन्नता होते हुए भी मन में संकीर्णता के कारण लोगों में आनन्द और प्रसन्नता कम हुई है। इसके लिए खुशहाल लोगों को समाज में प्रतिदिन चलना चाहिए और लोगों को मानसिक विकृति से दूर कर वेहतर समाज का निर्माण करना चाहिए। निठल्ला कार्य मैं प्रतिदिन कर रहा हूं और बच्चों को टॉफी देकर खुद भी प्रसन्न रहता हूं और बच्चों को खिलखिलाकर हंसते हुए देखता हूं। बड़ो को टॉफी छोटी चीज दिखाई देती है ,लेकिन इससे जाने कितनो का नशा छुड़ा चुका हूं। इसे कोई समझ नहीं सकता। नशा जैसे गुटखा, तंबाकू, सिगरेट, शराब के कारण मानसिक रोग हो सकते हैं।आप अगर आज नहीं जागे तो नई पीढ़ी भयंकर मानसिक रोगों से जूझती नजर आएगी,जागो और बच्चो से बात करो स्कूलों में जाकर घरों पर जाकर। आगे कहा कि अशिक्षित क्या शिक्षित क्या सभी मानसिक रोगी पहले भूत प्रेत समझ कर तांत्रिक के चक्कर काटते हैं। तांत्रिक तंत्र मंत्र से डराकर उन्हें लूटता है। आपके घर में अगर किसी को मानसिक रोग है, तब तत्काल योग्य चिकित्सक को दिखाएं झाड़फूंक के चक्कर में न पड़ें। अध्यक्षता करते हुए राजेश कुमार (चेयरमैन स्कूल), संचालक आकाश दीप, बर्षा गर्ग, प्रियंका गुप्ता, ज्योति शर्मा, स्वाति, मीरा, बेबी, खुशबू वार्ष्णेय, पूनम कुमारी, नंदनी देवी, अनमोल ने विचार व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं को बताया कि मोबाइल का आवश्यकता अनुसार पढ़ाई के लिए केवल प्रयोग करें, ज्यादा प्रयोग आंखों के साथ अन्य शारीरिक नुकसान कर सकता है।

## नेशनल हाइवे पर हुए हादसा, स्कूटी सवार महिला घायल

**समाज जागरण**

तिलहर / शाहजहांपुर तिलहर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे 24 पर छाया ढाबा के सामने स्कूटी फिसलने से , स्कूटी सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायल महिला पूजा श्रीवास्तव पत्नी शैलेन्द्र श्रीवास्तव निवासी बदायूं स्कूटी से मोहम्मदी जा रही थी। तभी तिलहर कोतवाली क्षेत्र नेशनल हाइवे 24 पर छाया ढाबा के सामने उनकी स्कूटी फिसल कर रोड पर गिर गई जिससे पूजा श्रीवास्तव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसी समय वहां से गुजर रहे समाजसेवी शिवम सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए, अपनी मोटरसाइकिल रोक कर सड़क पर गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार महिला को उठाया और फोन कर एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर में साथ जाकर भर्ती कराया और घायल महिला पूजा श्रीवास्तव के परिवार वालों को फोन पर सूचना दी।जब तक घायल महिला के परिजन अस्पताल आ नहीं गए तब तक समाजसेवी शिवम सिंह अस्पताल में ही मौजूद रहे। पूजा श्रीवास्तव के परिजनों ने शिवम सिंह का आभार व्यक्त किया और सभी ने इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। महिला की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बरेली रेफर कर दिया।

## एंटीकरप्शन टीम ने कानूनगो को रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**



तिलहर/ शाहजहांपुर पट्टे की जमीन को असंक्रमणीय से संक्रमणीय कराने के लिए पांच हजार की रिश्वत लेते कानूनगो को एंटी करप्शन टीम बरेली ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार। यूपी के शाहजहांपुर में तहसील तिलहर में कानूनगो के पद पर तैनात अरविंद शर्मा गिरफ्तार,रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में कक्ष संख्या 04 से किया गिरफ्तार। अरविंद शर्मा पुत्र हरिशंकर शर्मा निवासी ग्राम मोहनपुर थाना कांट जनपद शाहजहांपुर हाल निवासी मोहल्ला दातागंज महेंद्र हलवाई के पास थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर को एंटी करप्शन बरेली टीम ने किया गिरफ्तार शाहजहांपुर के थाना मदनापुर क्षेत्र के ग्राम नहरोसा के रहने वाले शिकायतकर्ता इंद्रजीत की ताई फुल्ला देवी के नाम पट्टे की जमीन संबंधित फाइल लंबित थी। पट्टे की जमीन को असंक्रमणीय से संक्रमणीय कराने के लिए फाइल निस्तारण के एवज में 05 हजार की रिश्वत मांगी थी,जिसके बाद इंद्रजीत की शिकायत पर हुई कार्यवाही।

बरेली मंडल बरेली के थाना एंटी करप्शन निरीक्षक जितेंद्र सिंह व उनकी टीम ने की कार्यवाही,थाना रामचन्द्र मिशन शाहजहांपुर पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है उचित कार्यवाही की जा रही है।

## नेताजी को श्रद्धांजलि देनें सैफई पहुंचे गुन्नौर के कार्यकर्ता

**दैनिक समाज जागरण**

सपा के संरक्षक गुन्नौर से विधायक रहे स्व0 मुलायम सिंह यादव को गुन्नौर से काफी मात्रा में लोग सैफई पहुंचे और उन्होंने मुलायम सिंह की याद में



बन रहे स्मृति स्थल पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गुन्नौर के विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव नें कहा हम नेताजी की यादें अपनें दिल में संजोये हुए हैं क्योंकि नेताजी नें ही गुन्नौर का सम्पूर्ण विकास किया था हम उनके जीवन भर आभारी रहेंगे इस मौके पर अमित यादव,रविन्द्र सिंह,शमीम अहमद,ओमप्रकाश यादव,सत्यप्रकाश यादव, राजा याद, पप्पू यादव,अविनाश यादव आदि मौजूद रहे

## मॉडल टाउन कॉलोनी के निवासियों ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

**समाज जागरण**




शाहजहांपुर। हथौड़ा बुजुर्ग स्थित मॉडल टाउन कॉलोनी के निवासियों ने कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायत पत्र भेजा है। कॉलोनीवासियों ने डेवलपर पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि वादे के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। वहीं, डेवलपर ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी। निवासियों ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि साई इंफ्रा डेवलपर्स, तारीन बहादुरगंज के मालिक वीरेंद्र गुप्ता, राखी अरोड़ा, जितेंद्र गुप्ता और यश गुप्ता ने प्लॉट बेचते समय कॉलोनी में सीवरेज लाइन, पानी की टंकी, सोसाइटी कूड़ेदान, गार्ड रूम, वाटर रिचार्ज एरिया और क्लब हाउस जैसी सुविधाएं देने का वादा किया था। लेकिन अब तक इनमें से कोई भी सुविधा पूरी नहीं की गई। इसके साथ ही कॉलोनी के ग्रीन एरिया को भी कथित रूप से बेच देने का आरोप लगाया गया है। निवासियों का कहना है कि डेवलपर ने जो लेआउट दिखाकर प्लॉट बेचे थे, उसमें कई सुविधाएं शामिल थीं, लेकिन जमीनी हकीकत में वे मौजूद नहीं हैं। इससे कॉलोनीवासियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने शासन से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में साई इंफ्रा डेवलपर्स के प्रिंस गुप्ता ने कहा कि जांच चल रही है और जांच के बाद सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी। अगर कॉलोनी में कोई कमी पाई जाती है तो उसे दूर किया जाएगा। लेकिन यदि लगाए गए आरोप झूठे साबित हुए तो वे आरोप लगाने वालों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करेंगे।ग्रीन एरिया बेचने के आरोप पर उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी भी ग्रीन एरिया की जमीन नहीं बेची है। यदि किसी के पास सबूत हैं तो वे रजिस्ट्री दिखाएं। उन्होंने कहा कि बिना जांच के उनकी छवि खराब करने और ब्लैकमेल करने की कोशिश की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद पूरा मामला साफ हो जाएगा।

## शिक्षक विधान परिषद चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस, शाहजहांपुर में बैठक आयोजित

### अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी कर दी शुरूआत

**समाज जागरण**




शाहजहांपुर। आगामी बरेली मुरादाबाद शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। गुरुवार को जीएफ कॉलेज के कॉमर्स विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तनवीर आलम की अगुवाई में शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक से पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित कुमार राय और को-कोऑर्डिनेटर प्रो. श्रवण कुमार गुप्ता ने अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी कर शहीदों को नमन किया। मीटिंग हॉल में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न कॉलेजों के प्राध्यापक मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. अमित कुमार राय ने कहा कि कांग्रेस पहली बार बरेलीझमुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव की तैयारी एक साल पहले से कर रही है। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा हर चुनाव में वोट चोरी कर जीत हासिल करती है। ऐसे में शिक्षक वर्ग को सतर्क रहकर वोट बनवाने होंगे। उन्होंने बताया कि वोटर फॉर्म 6 नवंबर तक भरे जा सकते हैं। फॉर्म जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता या महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान से प्राप्त किए जा सकते हैं। डॉ. राय ने कहा कि हर बार शिक्षकों के वोट से विधायक बनकर नेताओं ने उनसे छलावा किया है, लेकिन इस बार कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। पार्टी पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी और शिक्षकों के हित में कार्य करेगी। को-कोऑर्डिनेटर प्रो. श्रवण कुमार गुप्ता ने कहा कि हाईस्कूल से ऊपर के एडेड व सेल्फ फाइनेंस विभागों के शिक्षक इस चुनाव में वोटर बनेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा इस चुनाव में कई तरह की चालें चलेगी, मगर कांग्रेस उनकी हर चाल का जवाब देगी और वोट चोरी नहीं होने देगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, अल्पसंख्यक कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, कांग्रेस नेता अनस इकबाल, कृष्ण विनोद मिश्रा, अरुणोद मिश्रा, फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, अदीब अहमद, रफी उल हसन, अफजाल खान, शान मोहम्मद, फैजान शाह, संजय सक्सेना, सुशील शर्मा, प्रो. तुफैल अहमद, प्रो. राजेश, प्रो. जाने आलम, प्रो. रईस सहित कई कॉलेजों के प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. जाने आलम ने किया।

## गुन्नौर सुहागिनों ने पति की दीघायु के लिये मनाया करवाचौथ

**दैनिक समाज जागरण यशवीर यादव**

गुन्नौर कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष चतुथी तिथि को मनाया जाने वाला करवा



चौथ व्रत शुक्रवार को परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौके पर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीघायु की कामना की। मंदिरो एवं घरों में विधि-विधान से सुहागिनों ने पूजा-अर्चना की। देर रात चांद की दीदार कर पति के हाथों जल पीकर अन्न ग्रहण किया। सुहागिन महिला शीला देवी ने बताया की पति की दीघार्यु व मनवांछित वर पाने के लिए महिलाओं व कुंवारी कन्याओं द्वारा करवा चौथ का व्रत किया जाता है। जो गुन्नौर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

## पोटरगंज रामलीला गणेश पूजन के साथ शुरू

**समाज जागरण**



तिलहर/ शाहजहांपुर का तिलहर में हर वर्ष की रामलीला कमेटी पोटरगंज रामलीला का गणेश पूजन के साथ शुभारंभ। पंडित नवनीत शर्मा के सानिध्य में हवन पूजा वी गणेश जी की आरती के साथ शुरू। रामलीला मेला कमेटी अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता ने गणेश जी के तिलक लगाकर गणेश पूजन किया। गणेश पूजन कार्यक्रम के दौरान कोषा अध्यक्ष निलेश गुप्ता, मेला प्रभारी सौरभ गुप्ता रविंदर गुप्ता एडवोकेट सुशील कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता हितेश गुप्ता रिंकू रमाशंकर गुप्ता, मुकुल गुप्ता सुशील कुमार सिंह,आदि कमेटी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार ज्योति यादव क्षेत्राधिकार तिलहर और दीक्षा भंवरे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक घायल

**समाज जागरण**

कांधला। कस्बे के दिल्ली रोड राज गार्डन के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की भीडंत हो गई बाइक पर सवार दोनों और से दो लोग गंभीर रूप



से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी विनीत बाइक पर सवार होकर कस्बे में किसी कार्य से आया हुआ था दूसरी और बागपत जनपद के गांव असारा निवासी आतिफ बाइक पर सवार होकर कस्बे में आ रहा था। बाइक सवार जैसे ही कस्बे के दिल्ली रोड राज गार्डन के समीप पहुंचे तो दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। बाइकों की भिड़ंत में बाइक पर सवार दोनों और से घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# मीटर रीडर ने उपभोक्ता पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**समाज जागरण**

कांधला। नगर के बिजली घर पर तैनात मीटर रीडर ने एक उपभोक्ता पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने और उसका बिल नहीं बनने देने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शामली के मोहल्ला रामसागर निवासी संतोष कुमार पुत्र रघुवीर ने बताया कि वह नगर के बिजली घर पर मीटर रीडर के पद पर तैनात है और कस्बे में विद्युत बिल बनाता है। शुक्रवार को कस्बा निवासी गुलजार के मकान पर मीटर से बिल बनाने के लिए गया था तभी आरोप है कि उपभोक्ता ने गाली गलौज करते हुए पीड़ित के साथ मारपीट की। और धमकी दी है कि अगर आज के बाद बिल बनाने आया तो जान से मार दूंगा। आरोपी ने पीड़ित की मशीन छीन कर फेंक दी पीड़ित मीटर रीडर ने थाने पर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# दंपति संदिग्ध परिस्थितियों में हुए लापता, गुमशुदगी दर्ज

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक व्यक्ति का पुत्र व पुत्रवधू घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए पीड़ित में थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी सलीम ने बताया कि विगत 13 नवंबर को उसका पुत्र अय्यूब और उसकी पुत्रवधू संजीदा उसके पुत्र की ससुराल बरवला जनपद बागपत से ट्रेन में बैठकर गांव के लिए आ रहे थे। मगर दोनों घर नहीं पहुंचे बीच रास्ते में ही संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। पीड़ित की विगत 14 नवंबर को उसके पुत्र से फोन पर बात हुई तो उन्होंने सहारनपुर होना बताया जो कि किसी संदिग्ध व्यक्ति ने उनसे फोन पर बात की। उसके बाद से लगातार उसके पुत्र का फोन बंद आ रहा है और पीड़ित लगातार अपने आसपास की रिश्तेदारों और अन्य स्थानों पर अपने पुत्र व पुत्रवधू को खोज रहा है मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने शुक्रवार को अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए थाने पहुंचकर अपने पुत्र व पुत्रवधू की गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन देकर लापता युवक व युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# पति की दीघार्यु की कामना के लिए रखा करवाचौथ व्रत

**समाज जागरण**

शामली जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने करवाचौथ का पर्व मनाया। कैराना, कांधला, झिंझाना, गढीपुख्ता, जलालाबाद, थानाभवन, बाबरी, हसनपुर लुहारी, चौसाना में मंदिरों व मोहल्ला में स्थान पर महिलाएं एकत्र हुई और करवाचौथ की कथा सुनी तथा निर्जल रहकर व्रत रखा। अपने पंच परमेश्वर पति के लिए दीघार्यु की कामना करते हुए सुहाग की रक्षा व सुख शांति, समृद्धि हेतु भगवान से प्रार्थना की, पूर्ण रूप से सज धज कर सुहागिन स्त्रियों ने सांय काल चंद्रमा को जल देकर व्रत का परायण किया, और भोजन की थाली सजाकर व वस्त्र आदि अपने बड़े को देकर उनका आशीर्वाद लिया।

# यमुना में सलमान के तीन बच्चों की तलाश का कार्य बंद

**समाज जागरण**

कैराना। यमुना नदी में सलमान के तीन बच्चों का कोई सुराग नहीं लग सका है। मोटरबोट खराब होने और बच्चों के शव न मिलने से निराश होकर निजी गोताखोरों ने भी तलाशी अभियान रोक दिया है। परिजन भी अब पूरी तरह निराश हो चुके हैं।

तीन अक्टूबर को मोहल्ला अफगानान के मूल निवासी और खैलकलां के हाल निवासी सलमान, अपनी पत्नी की बेवफाई से आहत होकर अपने चार चार बच्चों के साथ यमुना नदी में कूद गया था। गोताखोरों ने सलमान व उसकी बड़ी बेटी महक के शव बरामद कर लिए थे। सलमान के पिता की तहरीर पर पुलिस ने साजिशन आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने सलमान की पत्नी खुशनुमा और उसके प्रेमी साबिर निवासी गांव जौला जिला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि चार अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। शुक्रवार को भी यमुना में सलमान के बेटे अयान, दो बेटियों शिफा व इनाया के शव नहीं मिल सके। मोटरबोट खराब होने के कारण निजी गोताखोरों ने शुक्रवार को तलाशी अभियान भी बंद कर दिया।

# साइबर सेल ने पीड़िता के 16 हजार रुपये कराए वापस

**समाज जागरण**

कैराना। नेट बैंकिंग ठग ने यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए धोखे से पीड़िता से 16 हजार रुपये हड़प लिए थे। 11 दिन बाद साइबर सेल ने पीड़िता के शत–प्रतिशत रुपये वापस करा दिए।

गत 29 सितंबर को मोहल्ला दरबारखुर्द राज नगर पानीपत रोड निवासी सुहाना ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज की थी। बताया था कि नेट बैंकिंग ठग ने यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से धोखे से उसके 16 हजार रुपये हड़प लिए। साइबर सेल ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू की और शुक्रवार को सुहाना के शत–प्रतिशत रुपये वापस करा दिए। इसके बाद सुहाना पुलिस को धन्यवाद देते हुए खुशी-खुशी अपने घर लौट गई।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम, छात्राओं को बताएं आत्मनिर्भर के गुरु

**समाज जागरण**

कांधला। थाना परिसर में शुक्रवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में श्री चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष सिंह ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, साइबर अपराध या घरेलू हिंसा की स्थिति में महिलाएं तुरंत 1090, 112, 181 या 1076 नंबर पर संपर्क करें। इस दौरान पंपलेट वितरित किए और ऑनलाइन




शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारु दी गई ताकि पीड़ित महिलाएं सीधे उच्चाधिकारियों तक अपनी बात पहुंचा सकें। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर करने की दिशा में सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं किसी से डरें नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखें और गलत का विरोध करें। कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम, महिला कांस्टेबल, महिला कल्याण विभाग की अधिकारी, स्कूल की अध्यापिकाए मौजूद रहीं।

# जीव मृत्यु के कुछ समय बाद ही नया जन्म ग्रहण कर लेता है, जैन मुनि

**समाज जागरण**

शामली। शहर के जैन धर्मशाला में श्री 108 विव्रत सागर मुनिराज ने शुक्रवार को संसार की नश्वरता में सार खोजने की मानवीय प्रवृत्ति की गहन विवेचना की। उन्होंने कहा कि मनुष्य अक्सर असार संसार में सुख और संतोष ढूंढने का प्रयास करता है, जबकि सच्चा सुख वैराग्य और आत्मज्ञान में निहित है।

मुनिराज ने आयोजित प्रवचनों में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कहना आसान है कि संसार असार है, लेकिन उससे वैराग्य लेना अत्यंत कठिन है। उन्होंने बताया कि लोग धन, परिवार, स्वादिष्ट भोजन या मनोरंजन जैसी लौकिक वस्तुओं में सुख का सार देखते हैं, जबकि ये अक्सर शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से हानिकारक सिद्ध होती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्रोध या अहंकार में मौन रहना वास्तविक मौन नहीं, बल्कि यह कर्मबंधन का कारण बनता है। सच्चा मौन वह है जिसमें व्यक्ति सीमित, हितकारी और मधुर वचन बोले। अत्यधिक मौन भी कभी-कभी अज्ञान या हठ का प्रतीक बन जाता है। जैन दर्शन के संदर्भ में मुनिराज ने कहा कि जीव मृत्यु के कुछ ही समय में नया जन्म ग्रहण कर लेता है, इसलिए मृत व्यक्ति को पुनर्जीवित करना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जैन धर्म अंधविश्वासों या केवल परंपराओं पर आधारित नहीं, बल्कि तर्क और प्रमाण-प्रधान धर्म है। इस अवसर पर सुमित्रा जैन, सविता जैन, आलोक जैन, ऋषभ जैन, अनीता जैन, सुनीता जैन, विनय जैन, ऋषभ जैन आदि मौजूद रहे।

# नव युगलों ने पहली बार रखा करवाचौथ व्रत

**समाज जागरण**

शामली। करवा चौथ का उपवास अधिकतर सुहागिनों के लिए महत्वपूर्ण पर्व होता है। इस दिन सुहागिन अपने पति की लंबी आयु की कामना से निर्जला उपवास रखती हैं और पूजा के बाद पानी पीकर व्रत खोलती हैं। वैसे तो सभी महिलाएं करवा चौथ के लिए काफी उत्साहित रहती हैं लेकिन नवविवाहितों के लिए करवा चौथ अधिक खास होता है। शहर के मौहल्ला बडीआल निवासी अक्षय निर्वाल की पत्नी गुडडन



निर्वाल ने शादी के बाद पहली करवाचौथ का व्रत रखा है। मोहल्ला एमएसके रोड़ निवासी शिवम बंसल की पत्नी तनु बंसल ने पति की दीघार्यु के लिए व्रत रख। क्षेत्र के गांव बधेव निवासी अमन की पत्नी शालू के साथ यह पहला करवाचौथ रहा। नव युगलों ने पहली बार व्रत रखा तो उत्साह के साथ घरों में तैयारियां खास रही। उत्साह में नवविवाहिताओं ने व्रत रखा जिससे पूरा दिन भूखे-प्यासे रहना मुश्किल हो रहा था। शाम होते-होते कई नवविवाहिताओं की तबीयत भी खराब हो गई थी, लेकिन उन्होने अपने पति की दीघार्यु के लिए व्रत रखा और भगवान से पति की दीघार्यु की कामना की।

# स्वदेशी अपनाने के लिए यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले का शुभारंभ

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शुक्रवार को शहर के दिल्ली रोड स्थित बारातघर में स्वदेशी अपनाने के लिए यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला-2025 का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री केपी मलिक ने फीता काटकर तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।






**मेले का आयोजन 9 से 18 अक्टूबर तक होगा।**

शुक्रवार को आयोजित मेंले में स्वदेशी उत्पादों की बिक्री व प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसका राज्यमंत्री केपी मलिक, विधायक सदर प्रसन्न चौधरी, विधायक थानाभवन अशरफ अली, जिलाध्यक्ष भाजपा तेजेन्द्र निर्वाल, डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने अवलोकन किया। साथ ही स्वदेशी बना रही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केपी मलिक ने वोकल फॉर लोकल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना को साकार करने का आह्वान करते हुए कहा कि दीपावली जैसे पर्वों पर लोगों को स्वदेशी उत्पादों से ही अपने घर सजाने चाहिए और जीएसटी दरों में कमी का लाभ उठाना चाहिए। कहा कि प्रधानमंत्री ने छोटी इकाइयों से लेकर बड़े उद्योगों तक सबकी परवाह करते हुए मन की बात जैसे माध्यम से जनता से सीधा संवाद स्थापित किया है। उन्होंने मजदूरों, किसानों और सैनिकों तक की भावनाओं को सम्मान दिया है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई योजनाओं को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होने कहा कि हमारे जनपद की जो वस्तुएं प्रसिद्ध हैं, उन्हें और विकसित किया जाएगा, साथ ही नई वस्तुओं के उत्पादन को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा, जिससे जनपद आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके। जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने कहा कि आज भारत अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रहा है और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना समय की मांग है। थाना भवन विधायक अशरफ अली ने जिले के ओडीओपी उत्पादों और विकास कार्यों की जानकारी दी, जबकि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री का 2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम स्वदेशी की ओर बढ़ेंगे। डीएम अरविन्द कुमार चौहान और सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने लोगों से स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर स्थानीय उत्पादकों को प्रोत्साहित करने की अपील की। राज्यमंत्री ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 10 लाभार्थियों को सिलाई मशीनें तथा सीएम युवा उद्यमी अभियान के अंतर्गत एक लाभार्थी को सोया पनीर निर्माण मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संचालन अनुराग शर्मा ने किया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए प्रेमचंद, उपायुक्त उद्योग जैस्मिन, सहायक आयुक्त रविंद्र कुमार, अंकित गोयल, पुनीत, द्विवेदी, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बाइक की मांग करने पर बारात जाने से पहले टूटा रिश्ता

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र में एक युवक का रिश्ता उस समय टूट गया जब शादी की तैयारियों के बीच लड़के पक्ष ने दहेज में साधारण बाइक के बजाय अपाचे बाइक की मांग रख दी। यह मांग लड़की पक्ष को नागवार गुजरी, जिसके चलते उन्होंने शादी से इनकार कर दिया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच पंचायत बुलानी पड़ी, लेकिन रिश्ता टूटने से नहीं बच सका। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना क्षेत्र के कांधला देहात के एक मोहल्ले के युवक का रिश्ता उसी कस्बे के दूसरे मोहल्ले की युवती के साथ तय हुआ था। शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, लेकिन लड़के पक्ष की अपाचे बाइक की मांग ने तनाव पैदा कर दिया। लड़की पक्ष ने इस मांग को अनुचित बताते हुए शादी तोड़ दी। बिरादरी के जिम्मेदार लोगों ने मामले को सुलझाने के लिए मदरसे में पंचायत बुलाई, जिसमें दोनों पक्षों के दर्जनों लोग शामिल हुए। पंचायत में लड़के पक्ष ने अपनी गलती स्वीकार की और माफी मांगकर रिश्ता जोड़ने की गुहार लगाई, लेकिन लड़की पक्ष अडिग रहा और शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद लड़के पक्ष ने शादी में दिया गया सामान वापस कर दिया। दहेज में अपाचै बाइक की मांग ने कांधला में एक रिश्ता तोड़ दिया। पंचायत के बावजूद मामला नहीं सुलझा, और लड़की पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। बारात जाने से पहले रिश्ता टूट जाने से मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मिशन शक्ति के तहत चौपाल लगाकर किया जागरूक

**समाज जागरण**

कैराना। मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस ने अलीपुर और बदलूगढ़ में चौपाल लगाकर छात्राओं और महिलाओं को जागरूक किया। शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम ने गांव अलीपुर और बदलूगढ़ में चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं और छात्राओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए। हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया।

# पंजाब में अटकी व्यापारियों की रकम को तुरंत अदा किया जाए, लोकेश अग्रवाल

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की जिला युवा इकाई शामली का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल की मौजूदगी में नमन गोयल को युवा जिलाध्यक्ष व ऋषभ संगल को नगर युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया।



गुरूवार देर रात्रि शामली नगर पालिका सभागार में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष युवा शोभित भारद्वाज तथा जिला अध्यक्ष राजकुमार वर्मा के कर-कमलों द्वारा नई कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हेज स्लैब बदलने के बाद व्यापारियों को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, उन पर शासन-प्रशासन को शीघ्र ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में व्यापारियों की अटकी हुई रकम तुरंत अदा की जानी चाहिए, जिससे व्यापारियों को राहत मिल सके। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में नमन गोयल को जिला युवा अध्यक्ष, ऋषभ संगल को नगर युवा अध्यक्ष, कन्हैया संगल को जिला युवा महामंत्री, गर्वित गर्ग को जिला युवा कोषाध्यक्ष, अनिल बंसल को जिला युवा मंत्री, आकाश गर्ग को नगर युवा महामंत्री, अनमोल सिंघल को नगर युवा कोषाध्यक्ष, तथा शुभम जैन को नगर युवा सचिव एवं मंत्री मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन वर्मा, प्रदेश संयुक्त महामंत्री गौरव रुहेला, प्रदेश संगठन मंत्री गौरव गोयल, डॉ. राजेन्द्र गोयल, शोभित भारद्वाज, पीयूष वर्मा, सुशील चौहान, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जिलेभर में धूमधाम के साथ मनाया गया करवाचौथ पर्व

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) करवाचौथ का पर्व जिलेभर में धूमधाम एवं भक्तिभावना से मनाया गया। महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु के लिए निर्जल व्रत रखा और भगवान की पूजा अर्चना की। पत्नियों के लिए पतिदेव ने कीमती उपहार खरीदे और रात्रि में चंद्रर्शन के बाद छलनी में पति का चेहरा देखा और व्रत खोला और उपहार दिए गए।



शुक्रवार सुबह से ही करवाचौथ पर्व को लेकर सुहागिनों में काफी उत्साह देखने को मिला। सवेरे से ही महिलाऐं संजने संवरने में लग गई थी। अपने पति की दीघार्यु के लिए महिलाओं ने निर्जल व्रत रखा। महिलाओं ने शुभ मुहूर्त के समय ही करवा चौथ पूजन और कथा पढ़ी। कुछ जगह सामूहिक रूप से गली मोहल्लों में महिलाएं एक दूसरे के यहां जाकर कथा पढ़ रही थी। महिलाओं ने निर्जल व्रत रखा था। शाम को घर में पकवान बनाए और अपनी सास को उपहार दिया। जैसे जैसे शाम होती गई चांद निकलने का इंतजार भी बढता गया। पंडितों ने चंद्रर्शन का समय रात 8:13 बजे बताया था, लेकिन रात 7:30 बजे से ही महिलाएं चांद का इंतजार करने के लिए छतों पर मौजूद थीं। चंद्रदर्शन होते ही आतिशबाजी भी शुरू होने लगी थी। इसके बाद महिलाओं ने चंद्रदर्शन कर छलनी में पति का दीदार किया और चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपने पति के हाथ से पानी पीकर अपना निर्जल व्रत खोला। शहर में कई जगह लोगों ने आतिशबाजी भी की।

# सपाइयों ने मनाई सपा संस्थापक मुलायम सिंह की पुण्यतिथि

**समाज जागरण**

शामली। शुक्रवार को शहर के माजरा रोड स्थित चौधरी चरण सिंह बारातघर में समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सपा एमएलसी किरणपाल कश्यप ने स्व मुलायम सिंह यादव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान किया।



शुक्रवार को एमएलसी किरणपाल कश्यप ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होने कहा कि मुलायम सिंह यादव पिछडों, दलितों व अल्पसंख्यकों तथा किसानों के मसीहा थे। उन्होने कई ऐतिहासिक कार्य किए। जिसमें खेडीकरमू बिजलीघर पर वर्ष 1987 में किसानों पर हुए मुकदमों को वापस लिया गया। कहा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार में तीन बार मुख्यमंत्री बने तथा भारत सरकार में रक्षामंत्री रहे। कहा कि रक्षामंत्री रहते हुए मुलायम सिंह यादव ने देश की सामाओं पर शहीद होने वाले जवानों का अंतिम संस्कार उनके परिवार द्वारा किया जाये ऐसा कार्य किया। कहा कि उन्होने गरीबों, पिछडों को राजनीति में स्थापित करने का काम किया। इसलिए उनका नाम धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव पडा। इस अवसर पर राफा चौधरी, धीरज प्रधान, कुलदीप प्रधान, रघुवीर कश्यप, डा. राजकुमार, सुरेन्द्र कश्यप, हरबीर कश्यप, गौरव कश्यप, नफीस राणा, चंद्रपाल कश्यप, बिलेन्द्र कश्यप, कृष्णपाल प्रधान, धर्मेन्द्र कश्यप, घनश्याम चौधरी, जगमेन्द्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल पर सफाई कर्मचारियों ने लगाए गम्भीर आरोप

**समाज जागरण**

झिंझाना। नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल पर लगायें जाति सूचक शब्द एवं अभद्रता करने के आरोप। सैकड़ों की संख्या में नगर पंचायत प्रांगण में पहुंचकर सफाई कर्मचारियों एवं समाज के लोगों ने अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अपनी समस्या से अवगत कराया।इस दौरान भी नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल ने लगभग एक दर्जन सफाई कर्मचारियों को हटाने की धमकी दी। जिससे आक्रोशित होकर दीपावली महापर्व पर समस्त वाल्मीकि समाज धर्म परिवर्तन करने की ओर बढ़ रहा है।वहीं अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए भी शिकायती पत्र में 28 अक्टूबर का समय दिया। वाल्मीकि समाज में नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रति भारी रोष। अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।



नगर पंचायत के इतिहास में सफाई कर्मचारियों का किसी भी नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा शोषण नहीं किया गया। लेकिन कस्बे के मौहल्ला माजरा निवासी सफाई कर्मचारियों एवं वाल्मीकि समाज द्वारा मौहल्ला माजरा में ही निवास करने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल पर सफाई कर्मचारियों ने अपने साथ अभद्रता करने एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने के आरोप लगाते हुए अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप को एक शिकायती पत्र देकर सुरेश पाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल वाल्मीकि शमशान घाट एवं सर्व समाज के शमशान घाट के पास खाद के गड्ढे की भूमि पर कूड़े का डंपिंग ग्राउंड बनाने को लेकर भूमि पर कब्जे का विरोध करते हुए वाल्मीकि समाज ने अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप को कूड़े का डंपिंग ग्राउंड नहीं बनाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।अगर आबादी और शमशान घाट के बीच कूड़ा घर बन गया तो वाल्मीकि समाज की बस्ती में बीमारी फैल सकती है। लेकिन इस दौरान भी नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल द्वारा लगभग एक दर्जन सफाई कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की धमकी दी है। बाद में वाल्मीकि समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर सुरेश पाल द्वारा किसी भी कर्मचारी की सेवा समाप्त की गई तो आने वाली दीपावली पर समस्त वाल्मीकि समाज नगर पंचायत प्रांगण में अपना धर्म परिवर्तन कर सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ जायेंगे। अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने सफाई कर्मचारियों को जल्द ही समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

# चोरी के दोषी को सजा सुनाई

## कैराना। चोरी के मामले में कोर्ट ने दोषी को सजा सुनाई।

**समाज जागरण**

वर्ष 2000 में शामली कोतवाली पर संजय निवासी गांव कंडेला के विरुद्ध चोरी करने और चोरी का माल बरामद होने के संबंध में मुकदमा दर्ज हुआ था। यह मामला कैराना स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन के यहां विचाराधीन चल रहा था। शुक्रवार को कोर्ट ने दोषी को जेल में बिताई अवधि के कारावास और 1500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# सपा संस्थापक की पुण्यतिथि पर समाजवादियों ने लिया संकल्प – नेताजी के सपनों को साकार करेगी पार्टी



**समाज जागरण**

बागपत। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व रक्षा मंत्री पद्मविभूषण मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी जिला इकाई बागपत के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय सचिव लोहियावाहिनी राहुल यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। इसके बाद विचार गोष्ठी और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि नेताजी किसानों, गांवों और गरीबों की आवाज थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के अधिकारों की लड़ाई लड़ी और जनता को अपने हक के लिए आवाज उठाने का साहस दिया। सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने कहा कि नेताजी सच्चे समाजवादी थे। उन्होंने साधारण परिवार में जन्म लेकर सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई लड़ी। डॉ. राममनोहर लोहिया और किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने में नेताजी का योगदान अमूल्य रहा। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव डॉ. शालिनी राकेश, समाजवादी शिक्षक सभा प्रदेश सचिव नगेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, राजपाल शर्मा, अंकुर धामा, अजय दांगी, रवि बैंसला, डॉ. जितेंद्र यादव, शौदान सिंह, निजात खान, रवि शंकर शर्मा, एड. राशिद तस्लीम, सन्नी सुलानिया, ललित चौधरी, कृष्णपाल, प्रधानाचार्य सुभाष तोमर, अब्दुल वाहिद कुरैशी, राजीव प्रधान, डॉ. सतीश गौड़, राकेश कुमार, शाहरुख आदि मौजूद रहे।

# सीजेआई पर जूता फेंकने की घटना पर आम आदमी पार्टी आक्रोशित – राष्ट्रपति से कठोर कार्रवाई की मांग




**समाज जागरण**

बागपत। भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की निंदनीय घटना को आम आदमी पार्टी ने देश के संविधान और न्यायपालिका की गरिमा पर हमला बताया है। शुक्रवार को जिला अध्यक्ष ओमबीर सिंह सैन के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें दोषियों के खिलाफ अविलंब कठोर कार्रवाई की मांग की गई। कलेक्ट्रेट पहुंचे आप के कार्यकताओं ने कहा कि यह कृत्य न केवल देश के सर्वोच्च न्यायिक पद का अपमान है, बल्कि यह संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा स्थापित मूल्यों पर सीधा हमला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह घटना एक सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसके पीछे भाजपा और आरएसएस जैसी ताकतें समाज में घृणा और जातीय विभाजन फैलाने का काम कर रही हैं। ओमबीर सिंह सैन ने कहा कि सोशल मीडिया पर मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां और वीडियो साझा किए जा रहे हैं, जो दलित समाज का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि ॖसरकार भी हमारी, सिस्टम भी हमाराॗ जैसे बयान देने वाले आरोपी को भाजपा नेताओं द्वारा थाने से छुड़ाया जाना इस बात का प्रमाण है कि इस घृणित कृत्य को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। पार्टी ने राष्ट्रपति से मांग की कि दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा के ठोस कदम उठाए जाएं। इस मौके पर जिला महासचिव मनोज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नवाबुद्दीन, संगठन मंत्री अनिल शर्मा, नगर अध्यक्ष इमरान, मीडिया प्रभारी जावेद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम चौहान, छात्र इकाई अध्यक्ष सागर शर्मा, हाशिम खान, अमर सिंह, तस्लीम मलिक, राजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

# करवा चौथ पर पत्नी को पौधा भेट किया

**समाज जागरण**

छपरौली। शुक्रवार को पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण दल भारत वर्ष के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह तुगाना ने अपने गांव तुगाना मे करवा चौथ के शुभ अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया। तथा अपनी पत्नी सरिता देवी को करवा



चौथ के पावन पर्व पर पौधा भेट किया। पत्नी को प्रकृति के संरक्षण का संकल्प दिलाया। यज्ञ पर उपस्थित आये सभी अतिथियों व ग्राम वासियो को पर्यावरण के जागरूक करते हुए कहा कि पेड़ नहीं होंगे तो जीवन की संभावना ही नहीं होगी।ऋतुओ को सामान्य रखने के लिए प्रकृति का संतुलन बनाना जरूरी है। यज्ञ पर उपस्थित आये हुए सभी अतिथियों व ग्राम वासियों ने पौधा रोपण व पौधा वितरण के कार्य को ईश्वरीय कार्य बताया। इस अवसर अजय खोखर, पुष्पेंद्र खोखर, बलराम जिंदल, डा० अमित खोखर, उपेन्द्र वशिष्ठ, उपेन्द्र चौहान, सुभाष चौहान, देव चौहान, उज्जवल, राजवंश, ज्योति, वंशिका, युवराज, अदिति, विराट, विशाल, माल्लो,आदि मौजूद रहे।

# विकास भवन सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक संस्करण 2.0 पर कार्यशाला आयोजित



**समाज जागरण**

बागपत। जनपद के विकास भवन सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय लाइन विभागों एवं टेक्निकल टीम के अधिकारियों की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पंचायत उन्नति सूचकांक (पी संस्करण 2.0) पर केंद्रित रही, जिसमें अधिकारियों को नई प्रणाली के तकनीकी व प्रशासनिक पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी नितिन कुमार शर्मा एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर सभी लाइन विभागों के अधिकारी, पंचायत स्तरीय कर्मचारी और टेक्निकल टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला में डीपीआरसी, मेरठ की वरिष्ठ फैकल्टी व सह प्रबंधक चरनजीत तथा मास्टर ट्रेनर निशा ने प्रतिभागियों को पंचायत उन्नति सूचकांक संस्करण 2.0 की अवधारणा, कार्यप्रणाली और डेटा प्रबंधन से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। डीपीआरओ नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 एक ऐसा प्रभावी टूल है जो ग्राम पंचायतों के समग्र विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही को मापने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से पंचायतों के कार्यों का मूल्यांकन अधिक सटीक और परिणामोन्मुखी ढंग से किया जा सकेगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान डीपीएम प्रशांत मिश्रा, वरिष्ठ फैकल्टी चरनजीत, मास्टर ट्रेनर निशा, विकासखंड अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मन का संतुलन, जीवन का उत्सव: जिला प्रशासन ने दी मानसिक सेहत को नई दिशा

## थोड़ा ठहरना, थोड़ा मुस्कुराना – डीएम अस्मिता लाल ने सिखाया आत्म-संवाद का मंत्र



**समाज जागरण**

बागपत। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला प्रशासन की पहल पर आयोजित ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम ने लोगों को मन की सेहत के प्रति सजग किया। डीएम अस्मिता लाल, मनोवैज्ञानिक श्वेता सिंह, मनोचिकित्सक डॉ. अजय कुमार, एवं अन्य विशेषज्ञों ने चिंता, तनाव, नकारात्मक विचार और अवसाद जैसे विषयों पर सरल भाषा में मार्गदर्शन दिया। डीएम ने कहा कि ॖमानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना ही खुशहाल समाज की पहली शर्त है।ॗ उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे बाहरी दबावों से विचलित न हों, स्वयं पर विश्वास रखकर लक्ष्य पर केंद्रित रहें। योग, ध्यान और माइंडफुलनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। विशेषज्ञों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति लंबे समय तक उदासी, चिंता या आत्म-हानि के विचारों से ग्रस्त हो, तो वह तुरंत टेली मानस हेल्पलाइन पर संपर्क करें। उन्होंने समझाया कि मन का दर्द भी उतना ही वास्तविक है जितना शरीर का। महिलाओं को केयर गिवर बर्नआउटॗ से बचने और स्वयं की देखभाल को जिम्मेदारी मानने की सलाह दी गई। वहीं, माता-पिता से कहा गया कि बच्चों को सुनें, तुलना न करें और उनकी छोटी उपलब्धियों की सराहना करें। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि धीरे-धीरे आगे बढ़ने का धैर्य ही मानसिक शांति का आधार है। संवाद का संदेश स्पष्ट था – खुशियां खोजने नहीं, महसूस करने की चीज हैं। जिला चिकित्सालय बागपत में कक्ष संख्या 09 (ओपीडी) और कक्ष संख्या 101 (मन कक्ष) में रोजाना 70-80 लोगों को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श दिया जा रहा है। प्रशासन का यह प्रयास जनपद में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक प्रेरक कदम साबित हुआ।

# समय पर कार्य नहीं होने पर बिफरे अधिवक्ता, हंगामा

**\समाज जागरण**

खेकड़ा । तहसील की तीनों कोर्ट व रजिस्ट्रार कानूनगों कार्यालय में मनमानी से कार्य होने पर सांकेतिक हड़ताल के तीसरी दिन अधिवक्ता बिफर गए। अधिवक्ताओं ने हंगामा कर अधिकारियों से कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार व समय पर कार्य कराने की मांग की। पिछले दिन दिन से न्यू तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार और रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में होने वाले कार्यों में देरी होने से खफा




है। तीन दिन से ही अधिवक्ता सांकेतिक हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को तीसरे दिन अधिवक्ताओं ने बार हाल में अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध हंगामा किया। अधिवक्ताओं का कहना था कि अधिकारी अपने अधीनस्थों की कार्यशैली पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे वादकारियो के साथ उन्हें भी परेशानी हो रही है। शिकायत पर अधिकारी कार्यशैली में सुधार कराने का आश्वासन देते हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं है। आज तीसरे दिन भी उनसे किसी अधिकारी ने वार्ता नहीं की। अधिवक्ताओं का कहना है कि तीन कोर्ट, आरके कार्यालय के कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार नहीं होने पर सोमवार को बैठक कर आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे। अध्यक्ष, एड. नवीन त्यागी, महामंत्री एड. हरिओम शर्मा, एड. सरदार सिंह यादव, एड. फैय्याज, अली, एड. साहिद अली, एड. जयेश शर्मा, एड. भूपेंद्र धामा, एड. विशाल धामा, एड. सुरेंद्र धामा, एड. हरिश कुमार,एड. नवाव सिंह धामा, एड. सचिन धामा, एड. लोकेंद्र व एड. राजीव धामा आदि शामिल रहे।

# बागपत में पहली बार 'स्वदेशी मेला': राज्यमंत्री केपी मलिक ने किया उद्घाटन, 18 अक्टूबर तक लगेगा मेला

## -- आकर्षण का केंद्र बना कलाकार मोबाइल एक्सेसरीज एवं वेदांशी समूह, लोगों ने ओडीओपी होम फर्निशिंग स्टॉल पर की खरीददारी



**समाज जागरण**

बागपत। बागपत के कारीगर, हस्तशिल्पी और छोटे उद्यमी इस दिवाली अपनी कला, हुनर और उत्पादों को आम जनता के सामने प्रदर्शित करने के लिए तैयार हैं। सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में आयोजित स्वदेशी मेले का शुक्रवार को शुभारंभ मुख्य अतिथि वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री केपी मलिक ने किया। उन्होंने मेले में लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। स्वदेशी मेले का उद्देश्य है स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को सीधा बाजार उपलब्ध कराना, उनकी आमदनी बढ़ाना, और ॖवोकल फॉर लोकलॗ अभियान को मजबूती देना। इस मेले में जहां बागपत गर्व के साथ अपने स्वाद, उत्पादों का प्रदर्शन कर रहा है, वहीं सभी उत्कृष्ट कारीगर और उद्यमी भी एक मंच पर इकट्ठा हुए है। मेले में 25 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए है जिसमें घरेलू सजावटी वस्तुओं, कलाकार मोबाइल एक्सेसरीज, ओडीओपी वस्तुओं, स्वयं सहायता समूहों दवा तैयार उत्पादों, कृषि उत्पादों आदि के स्टॉल्स लगाए एवं सरकारी विभागों ने भी स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। जनपद के लोगों को अपने बागपत का एक नए अंदाज में अनुभव करने का अवसर मिलेगा। यह मेला उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसकी थीम है ॖस्वदेशी उत्पाद और लोकल से वोकल।ॗ इसका उद्देश्य न केवल बागपत के कारीगरों और छोटे उद्यमियों को एक मंच देना है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाना और आम जनता को देशी वस्तुओं के प्रति जागरूक करना भी है। यह पहल पहले केवल 18 मंडलों तक सीमित थी, लेकिन अब पूरे प्रदेश में इसे विस्तारित किया जा रहा है। जिले में यह मेला 18 अक्टूबर तक चलेगा। इस मेले में बागपत के कारीगर और हस्तशिल्पी अपने उत्पाद सीधे जनता को बेच रहे हैं। मेले में स्टाल पर कलाकार मोबाइल एक्सेसरीज के सीईओ युवा उद्यमी वासु मलनिया ने बताया कि पहली बार ऐसा अवसर मिला है जब हम अपने उत्पादों को जिलेभर में पहुंचा सके। लोगों के आने से हमें एक नई पहचान और प्रोत्साहन मिल रहा है। आज उनके स्टाल पर 10 हजार से अधिक की बिक्री हुई। वह पहले कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है जिसके बाद एमएसएमई योजना के तहत अपना उद्योग पंजीकृत कर कार्य कर रहे है और उनके बनाए उत्पाद मोबाइल चार्जर, डेटा केबल आदि ई कॉमर्स के माध्यम से देशभर में पहुंच रहे है। वहीं वेदांशी समूह से युवा उद्यमी रूपेंद्र धनकड़ ने बताया कि उनके गन्ने के बनाए उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने का यह मौका पाकर बेहद खुश है। उनके स्टाल पर गन्ने की चटनी, शहद, बिस्किट जैसे उत्पादों को खूब पसंद किया। वन डिस्ट्रिक्ट वन उत्पाद और जीआई टैग प्राप्त उत्पादों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया, जिससे उपभोक्ता न केवल उच्च गुणवत्ता और उचित मूल्य पर उत्पाद खरीद सके, बल्कि बागपत की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत से भी जुड़ रहे है। स्वदेशी मेला का आयोजन बागपत की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कारीगरों की आमदनी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आने वाले दिनों मेले के माध्यम से बागपत के उत्पाद न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश और देशभर में पहचान पाएंगे। राज्यमंत्री केपी मलिक ने आह्वान किया कि जनपद बागपत के सभी नागरिक स्वदेशी मेले का हिस्सा बनें, स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों के उत्पाद खरीदें और ॖवोकल फॉर लोकलॗ को सशक्त करें। इस प्रकार के स्थानीय कार्यक्रमों में लोगों के आने से जहां कारीगरों का मनोबल बढ़ता है, वहीं अपनी संस्कृति, अपनी पहचान के संरक्षण और संवर्धन को भी बढ़ावा मिलता है। सरकार भी स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को आर्थिक सशक्तिकरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह मेला बागपत की पहचान को मजबूत करेगा और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग अर्चना तिवारी, नेहा जैन, आशा सहित उधोग विभाग की टीम सहित, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, ईओ बागपत के के भड़ाना, जीएसटी विभाग से योगेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# करवा चौथ पर सुहागिन महिलाओं ने की पतियों की दीघार्यु की कामना



बागपत में करवा चौथ को लेकर सूर्य देवता को जल चढ़ाती महिलाये

**समाज जागरण**

बागपत। जिलेभर में करवा चौथ का पर्व पारंपरिक रीति- रिवाजों के अनुसार मनाया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखे और अपने पतियों की लंबी आयु होने की कामना की। सुबह के समय सुहागिन महिलाओं ने अपने घरों में पूजा अर्चना की और एक- दूसरे के घर जाकर करवा चौथ की कहानियां सुनी। उसके बाद रात को चांद निकलने के बाद व्रत खोला।महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर करवा चौथ का व्रत रखा और अपने पति की लंबी आयु होने की कामना की। करवा चौथ को लेकर बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल लगी रही और रात तक बाजार पूरी तरह गुलजार रहे। महिलाओं ने दुकानों से नेल पॉलिश, बिंदी, लिपिस्टिक आदि सौंदर्य प्रसाधन के सामान खरीदें। इसके अलावा ब्यूटी पार्लर पर भी सुबह से लेकर रात तक महिलाओं का आना जाना लगा रहा। किसी महिला ने फेशियल कराई तो किसी ने आई ब्रो बनवाई। किसी ने हाथों पर मेहंदी रचवाई। ब्यूटी पार्लर संचालिका भी करवा चौथ को लेकर काफी व्यस्त नजर आई। उन्हें अलग से लड़कियों को लगाकर शिफ्टों में काम कराना पड़ा। इस मौके पर मनोरमा श्रोती, ज्योति, रंजना, नीलू, सोनम, प्रिया, रजनी, पूनम, पूनम पांडेय, नीरज, हेमा, नीरू व शिवानी आदि महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा और अपने पति की दीघार्यु होने की कामना की।

# पंडितों की बैठक में 20 अक्टूबर को दीपावली मनाने का लिया निर्णय

**\समाज जागरण**

बागपत। पंचवटी मंदिर बडौत के प्रांगण में जनपद बागपत के गणमान्य विद्वानों की एक संगोष्ठी पंडित राजकुमार शास्त्री ज्योतिषाचार्य की अध्यक्षता में दीपावली पर्व को लेकर हुई। इसमें सर्वसम्मति से और शास्त्रोक्त निर्णय के अनुसार 20 अक्टूबर 2025 को दीपावली महापर्व मनाने का निर्णय लिया।



दीपावली को लेकर बैठक करते मंदिर के पंडित

बताया कि 18 अक्टूबर को धनतेरस, 19 अक्टूबर को छोटी दीपावली नरक चतुर्दशी व 20 अक्टूबर को बड़ी दीपावली लक्ष्मी पूजन महाकाली उपासना की जाएगी। इस अवसर पर आचार्य उमेश कौशिक, आचार्य प्रवीण पुलस्त्य, पंचवटी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित कुंदन शास्त्री, ठाकुरद्वारा बड़ौत के मुख्य पुजारी पंडित पवन शास्त्री कथा व्यास, सत्यनारायण मंदिर बड़ौत के मुख्य पुजारी अनिल पांडेय, नीलकंठ महादेव के मुख्य पुजारी पंडित अनुज व्यास , ठाकुर द्वारा मन्दिर बागपत के मुख्य पुजारी पंडित कृष्णानंद द्विवेदी, बांके बिहारी मंदिर बड़ौत के मुख्य पुजारी पंडित सीताराम शास्त्री, आचार्य सोमदत बागपत, पंडित शिव हरी कौशिक, पंडित पंकज अगस्त्य, अचार्य अनुज शर्मा, विनोद शास्त्री आदि थे।

# बिजवाड़ा गाँव में राष्ट्रीय लोकदल की सक्रिय सदस्यता अभियान की बैठक आयोजित

## -- डॉ कुलदीप उज्ज्वल ने की लोकदल से जोड़ने की अपील



बैठक में मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित डॉक्टर अनिल आर्य

**समाज जागरण**

बागपत। राष्ट्रीय लोकदल की सक्रिय सदस्यता अभियान की बैठक शुक्रवार को जिले के बिजवाड़ा गाँव में रामपाल नेता के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव डॉ कुलदीप उज्ज्वल, राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह गठिना तथा छपरौली विधानसभा सदस्य अभियान प्रभारी डॉक्टर अनिल आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि संचालन प्रदीप तोमर ने संभाला। बैठक की अध्यक्षता वेदसिंह तोमर, बृजमोहन शास्त्री, प्रधान अरविंद तोमर, मास्टर सीताराम, बिजेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, प्रधान इकबाल सिंह, नवाब, गुल्लू और राजपाल कश्यप ने संयुक्त रूप से की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह एवं चौधरी अजित सिंह के सिद्धांतों पर चलने वाला राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों और युवाओं की आवाज है। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में रालोद किसानों के हितों की सशक्त लड़ाई लड़ रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ अनिल आर्य ने कहा कि पार्टी हमेशा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए काम करती आई है और इसे और मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों और गरीब वर्गों के हितों के लिए हमेशा खड़ा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की की अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़े और लोक दल को मजबूत बनाएं। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकताओं ने राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा का समर्थन किया और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। सक्रिय सदस्यता अभियान को सफल बनाने में सभी का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिले की रैंक फिर धराशाई हुई, अब 53वे नंबर पर

## --विकास कार्यों में 26 तो राजस्व में 52 वे नंबर पर जिला

**\समाज जागरण**

बागपत। शुक्रवार को जारी हुई सीएम डेस्क बोर्ड की रैंकिंग में जिला एक बार फिर फिसड्डी साबित हुआ है। इस बार सितम्बर माह की रैंक में जिले को प्रदेश में 53वा स्थान प्राप्त हुआ है। हालांकि पिछले बार अगस्त में आई 73वी रैंकिंग के मुकाबले कुछ सुधार हुआ है, मगर यह सुधार ऐसा नहीं है कि जिला प्रशासन अपनी पीठ थपथपा सके। जिले की इस बार की रैंकिंग भी अधिकारियों की लापरवाही की सनद बन गई है। सितम्बर माह की रैंकिंग में विकास कार्यों में जिले ने 26वी रैंक हासिल की है तो वहीं राजस्व में हर बार की तरह पिछड़ते हुए 52वी रैंक मिली है। जिसके कारण जिले को हर बार की तरह पिछड़ते हुए 53वा शर्मनाक नंबर मिला है। जारी रैंकिंग की लिस्ट में जिन विभागों ने लुटिया डुबोने का कार्य किया है उनमें ग्राम्य विकास विभाग के डे एनआरएलएम आरङ्फ सीआईङ्फ योजना को 72वा, जिला पंचायत राज विभाग की राज्य वित्त योजना को 73वा, 15वे वित्त योजना को 68वा, स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 को 69वा, बेसिक शिक्षा विभाग की निपुण परीक्षा आंकलन योजना को 57वा, लोक निर्माण विभाग के सड़कों के अनुरक्षण को 65वा, श्रम विभाग की कन्या सहायता योजना को 74वा, सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओडीओपी योजना को 74वा, समाज कल्याण विभाग की पारिवारिक लाभ योजना को 75वा और समाज कल्याण विभाग की ही वृद्धावस्था पेंशन योजना को भी 75वा स्थान मिला है। इन विभागों की लापरवाही के कारण जिले की लागतार दुर्दशा हो रही है। इनमें से कुछ विभाग तो ऐसे जो लगातार जिले की रैंकिंग डुबाने का कार्य कर रहे है।

# अजब गजब: राजनीति में कोई स्थाई दुश्मन या दोस्त नहीं होता: डॉ सुभाष गुर्जर

**समाज जागरण**

बागपत।रालोद के सदस्यता अभियान को लेकर शहर में आयोजित सभा में रालोद जिलाध्यक्ष ने मंच अजब गजब बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राजनीति में कोई स्थाई दुश्मन नहीं होता है और न ही कोई स्थाई दोस्त होता है। इसके अलावा उन्होंने भाजपा छोड़कर रालोद में शामिल हुए लेखराज प्रधान को अपना ईंधन तक बता दिया। बता दें कि शुक्रवार को शहर की जैन धर्मशाला आयोजित कार्यक्रम में सदस्यता अभियान के तहत भाजपा छोड़कर आए लेखराज प्रधान में सैकड़ों लोगों के साथ रालोद ज्वाइन कराई। कार्यक्रम के अंत में रालोद जिलाध्यक्ष डॉ सुभाष गुर्जर ने लेखराज प्रधान को एससी एसटी वर्ग का प्रदेश सचिव का नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि राजनीति में कोई स्थाई दोस्त नहीं होता और न ही कोई स्थाई दुश्मन होता है। वे यही नहीं रुके उन्होंने लेखराज प्रधान को अपना ईंधन भी बता दिया है। वही रालोद के वरिष्ठ नेता ओमवीर ढाका का कहना है कि पार्टी की विचारधारा पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह के बताए रास्तों पर चलने की हैं। जिलाध्यक्ष द्वारा दिए गए बयान गलत है। इससे गलत संदेश जाता है कि पार्टी किसी भी ओर अपना रुख बदल सकती है। ऐसे बयानों से लोगों का पार्टी के प्रति विश्वास उठ सकता है। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश सचिव लेखराज प्रधान खुद को मायावती का रिश्तेदार बता रहा है। जबकि लोकदल के मंच से ऐसी बात नहीं कही जानी थी।

**रालोद सदस्यता अभियान को मिली रफ्तार**

राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान को गति देने के लिए पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज प्रधान की ओर से जैन धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी एससी-एसटी प्रकोष्ठ प्रबुद्ध कुमार ने कहा कि चौधरी चरण सिंह और अजीत सिंह की नीतियों व सिद्धांतों पर चलकर पार्टी प्रदेश में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि रालोद गरीब, किसान, मजदूर और पिछड़े वर्गों की आवाज बनकर उभर रही है। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव चौधरी सुखबीर सिंह, प्रदेश महासचिव प्रेमचंद भारती, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेंद्र गौतम, धीरज उज्ज्वल, रामपाल धामा,राजू सिरसली, जगपाल सिंह तेवतिया, ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## पति की लंबी आयु के लिए रखा करवा चौथ का निर्जला व्रत

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी को सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु के लिए करवाचौथ का निर्जला व्रत रखा है। इस पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। महिलाओं ने इस त्यौहार



पर सोलह श्रृंगार किया एवं बाजारों में खूब खरीदारी कि। मान्यता है कि करवाचौथ का व्रत रखने से अखंड सौभाग्य का वरदान मिलता है। सुहागिनें दिनभर बिना जल ग्रहण किए उपवास रखती हैं। दिन में माता की कहानी अर्थात पूजा अर्चना कि जाती है। और सांय को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद पति के हाथों पानी पीकर अपना व्रत तोड़ती हैं। यह पर्व पति.पत्नी के रिश्ते को मजबूत बनाने वाला माना जाता है। पत्नियां अपने पति की सुख.समृद्धि और लंबी आयु के लिए विशेष पूजा.अर्चना करती हैं। चंद्रमा को आयु सुख और शांति का प्रतीक माना जाता है। चंद्र देव की पूजा कर सुहागिनें वैवाहिक जीवन में सुख.शांति पति की लंबी आयु की कामना करती हैं।

## नवीनीकरण योजना के तहत सड़क चली भ्रष्टाचार की भेंट

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) क्षेत्र के गाँव भंगू (सिरसा) से हैड रोड़ पर करीब तीन किमी दूरी की सड़क के नवीनीकरण योजना के तहत वीरवार को सड़क निर्माण कार्य बिना साफ सफाई के मिट्टी के ऊपर ही मटेरियल डालकर केवल और केवल खानापूर्ति की गई। जबकि उन्हें इससे पहले सड़क पर मिट्टी आदि हटाकर साफसफाई करके ही सड़क निर्माण कार्य करने की बात कही गई थी लेकिन कर्मियों ने बिना किसी के बेखौफ नियमो कि धज्जियां उड़ाते परवाह के ही सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया और देर सांय तक अंधेरे में करीब आधी सड़क का निर्माण भी कर दिया। जबकि दिन में बकायदा कर्मचारियों को अगाह भी किया गया था लेकिन इस समय



यह कहावत सटीक बैठती है जब साईयां कोतवाल तो फिर डर काहे काल। कमीयों को बोला भी गया कि सड़क पर मिट्टी अच्छी तरह से हटाकर सड़क पर निर्माण कार्य शुरू करें । सुनसान जगह पर जाकर इस प्रकार सड़क बना दी जब देखा तो सड़क आसानी से ही उखडने लगी गाँव भंगू निवासी जिला पार्षद प्रतिनिधि बलकरण भंगू ने सड़क निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही पर विडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करके हरियाणा के मुख्यमंत्री को भी अवगत करवाया गया है ताकि कोई ठोस कार्रवाई की जा इसी तरह अन्य सड़कों पर भी लापरवाही की जानकारी मिल रही है अतः लोगों में इस प्रकार की जा रही सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही कड़ा ऐतराज है।

**वर्जन माम चंद जेई**

मामचंद जेई से इस बारे में संपर्क साधा गया तो उन्होंने संतुष्टि बख्श जवाब नहीं दिया उन्होंने कहा कि यह तो मामूली सी बात है। और थोडा सा हिस्सा है।

## मनवांछित फल प्रदान करने वाले हैं कार्तिक माह में आने वाले सभी व्रत : स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो)**

जैतो, :श्री कल्याण कमल आश्रम हरिद्वार के अनंत श्री विभूषित 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज ने कार्तिक महोत्सव दौरान प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कहा कि यह माह खुशियों से भरपूर त्योहारों का महीना है। इस माह ब्रह्मा जी, गणेश जी समेत अनेकों देवी-देवताओं के व्रत आते हैं, जो घर में अपार खुशियां लाते हैं। करवा चौथ के साथ ही इन व्रत-त्योहारों की शुरूआत हो गई है। इसके बाद अहोई अष्टमी, दीपावली पर माँ लक्ष्मी का व्रत आने वाला है। कार्तिक माह में अनेकों पुण्यकारी व्रत-त्योहार आते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज ने यह विचार टिब्बी साहिब रोड स्थित श्री राम भवन में आयोजित वार्षिक कार्तिक महोत्सव के चौथे दिन श्रद्धालुओं के विशाल जनसमूह के समक्ष व्यक्त किए। महाराज जी ने कहा कि कार्तिक मास में आने वाले व्रत मनवांछित फल प्रदान करने वाले हैं। इसलिए इस माह आने वाले सभी व्रत जरुर रखें और मनवांछित फल प्राप्त करें। इस दौरान मंदिर प्रांगण



ओम नमोः भगवते वासुदेवाय, हर-हर महादेव शंभू, काशी विश्वनाथ गंगे, तुलसा महारानी नमोः नम मंत्र जाप से गूंज उठा। स्वामी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को कण-कण में है प्रभु समाया, सबको गले लगा, बंदे गीत प्रभु के गा...तथा मुझे मोहन तेरे दर का सहारा मिल गया होता, तो इस जीवन की नैय्या को किनारा मिल गया होता...भजन सुनाकर भाव-विभोर कर दिया। कथा के चौथे दिन प्रसाद वितरण की सेवा लक्ष्मण दास बांसल-श्रीमती मूर्ति देवी बांसल समस्त बांसल परिवार ने की। इस मौके बड़ी गिनती में श्रद्धालु उपस्थित थे। जिन्होंने स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर जीवन सफल बनाया।

**-- इनसैट --**

करवा चौथ मौके मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, महाराज जी के मुखारविंद से कथा सुन कमाया पुण्य-लाभ

कार्तिक महोत्सव दौरान करवा चौथ पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए महाराज जी ने कहा कि करवा चौथ पर गणेश जी के आगे की गई प्रार्थना की तत्काल सुनवाई होती है। इसलिए सभी माताओं, बहनों के अलावा पुरुषों को भी यह व्रत रखना चाहिए। करवा चौथ के उपलक्ष्य में मंदिर में श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ उमड़ी रही और श्रद्धालु गणेश जी का पूजन करने के लिए उमड़े नजर आ रहे थे। श्री राम भवन में आयोजित कार्तिक महोत्सव के चौथे दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज एवं उपस्थित पुरुष व महिला श्रद्धालु। श्री राम भवन में कार्तिक महोत्सव दौरान स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज से प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। श्री राम भवन में कार्तिक महोत्सव दौरान श्रद्धालुओं के विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज।

## करवा चौथ पर सुहागिनों को चांद का रहा दीदार , दीघार्यु के लिए रखा निर्जल उपवास

**दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख**

जैतो, :आज जैतो तथा आसपास के शहरों व मंडियों में अखंड सुहाग का प्रतिमान करवा का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भारतीय महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण पर्व है। करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं निराहार रहकर अपने वैवाहिक जीवन में सुख-शांति और पति की दीघार्यु व सफलता के लिए शुक्रवार को रखा ।हर साल कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाने वाला करवा चौथ पर्व पति को प्रति समर्पण की भावना को प्रकट करता है। यह पति - पत्नी के बीच सामंजस्य और रिश्ते की ऊष्मा को दमकता है और आधुनिक भी इस परंपरा को३ डिगा नहीं सका है। इसमें और ज्यादा संवेदनशीलता, समर्पण और प्रेम की अभिव्यक्ति परिलशित हो रही हैं। इस दिन सजना के लिए सजनी पूरे पारंपरिक परिधानों सोलह श्रृंगार कर नई दुल्हन की तरह सजती है और पूरे दिन निराहार रहकर अपने सौभाग्य के लिए मां गौरी का व्रत करतीं हैं और पूजा अर्चना के उपरांत रात्रि को चंद्रमा निकलने पर उसे अर्ध्य देकर अपने पति के हाथ में पानी की घूंट पीकर व्रत खोलती हैं। आज सुहागिनों को चांद के दीदार का उत्सुकता से इंतजार रहा। उल्लेखनीय है कि यह व्रत अन्य सभी व्रतों से काफी कठिन है क्योंकि दिनभर निर्जल रह कर रात्रि को चांद देखकर ही कुछ खाया- पिया जाता है। बाजारों में खास चहल देखने को मिली ।महंदी लगवाने के लिए कल तथा आज बड़ी संख्या में महिलाएं बाजार में आई ।गली मौहल्लों में भी मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं की भीड़ नजर आई। दूसरी तरफ ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की भीड़



उमड़ रही थी। महिलाओं में दिन प्रति खासकर करवा चौथ पर मेंहदी तथा ब्यूटीशियन का क्रेज बढ़ रहा है इस लिए ही ब्यूटी पार्लरों पर इतनी भीड़ लगी कि एडवांस में नंबर लेना पड़ा जिसके लिए महिलाओं को 8-10 घंटे इंतजार करना पड़ा है। एक सप्ताह से सुबह से ही बाजारों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी नजर आई ।हर साड़ी, ज्वैलरी, मनियारी आदि पर सोलह श्रृंगार का सामान खरीदने में खूब व्यस्त रही। दुकानों में रौनक इतनी थी कि कई जगहों पर तो पैर रखने की भी नहीं थी। महिलाएं न केवल अपने श्रृंगार की तैयारी कर रही थी बल्कि अपने घर की सजावट के लिए भी रंग बिरंगी लाइटस और सजावटी सामग्री खरीदी। लोगों में उत्साह और परंपरा दोनों का मेल देखने को मिला। वहीं, करवा चौथ व्रत को लेकर हलवाइयों की दुकानों पर भीड़ लगी रही,जहां लोगों ने अपनी पत्नियों की सरघी के लिए मिट्टियां,फेनियां,पेठा,मीठे रोट व अन्य मिठाई की खरीदारी की।

इस बीच कनाडा में रहने वाली इंजीनियर शालिनी शर्मा पत्नी ई.दिनेश शर्मा ने बताया कि कनाडा में रहने वाली अपनी सहेलियों के साथ करवा चौथ व्रत को बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ करती हैं। उन्होंने कहा कि यह व्रत पति-पत्नी के बीच ३ङ्ग विश्वास, प्रेम और पवित्रता की डोर के साथ बंधा एक ईश्वरीय बंधन है। यह बंधन,सुखद, अपनेपन और सुरक्षा का अहसास दिलाता है। इंजीनियर शालिनी शर्मा ने कहा कि करवा चौथ इसी बंधन को अटूट रखने की कामना के साथ किया जाता हैं। यह आपसी प्रेम और विश्वास को मजबूती प्रदान करता हैं। हिंदू महिलाओं के लिए करवा चौथ व्रत अखंड सुहाग को देने वाला माना जाता हैं ।इह विश्वास को लेकर ही हिंदू महिलाएं चाहे वह विदेशों में रहती हैं लेकिन वह इस व्रत को जरूर रखती हैं और अपने प्रियतम की लंबी उम्र, सुख - समृद्धि तथा सफलता के लिए विशेष प्रार्थना करती हैं।

## यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो के विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो, (: यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कालेज के डॉ.परमिंदर सिंह तग्गड़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीएससी नॉन-मेडिकल के छात्र प्रभशरण सिंह ने जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला द्वारा आयोजित अंतर-कॉलेज ताइक्वांडो चैंपियनशिप में नवजोत शर्मा बी.कॉम. ने प्रथम और सुखप्रीत सिंह



बी.ए. ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया ।कॉलेज प्रभारी डॉ. सम्राट खन्ना, प्रो. शिल्पा कांसल, डॉ. सुभाष चंद्रा, डॉ. राजीव कपूर और डॉ. नवप्रीत सिंह संधू सहित अन्य ने विद्यार्थियों और उनके प्रशिक्षक कुलवंत सिंह चानी और अमरजीत सिंह फरीदकोट को बधाई दी। खेल प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी और कॉलेज स्टाफ।

## 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियाँ व्यापक स्तर पर, लाखों लोग करेंगे शिरकत

**(78वा निरंकारी समागम 31अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक होगा)**

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख**

जैतो, ;संत निरंकारी मिशन का 78वां वार्षिक संत समागम, पूर्ववर्ती वर्षों की दिव्यता और गरिमा के अनुरूप, इस वर्ष भी 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक समालखा (हरियाणा) स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर अत्यंत भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। यह दिव्य आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा, जिसकी शुभ सूचना ने समस्त श्रद्धालु भक्तों के हृदयों में अपार हर्ष और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया है। आज जैतो में जोन फिरोजपुर के जोनल इंचार्ज एन एस गिल और जैतो ब्रांच के मुखी अशोक धीर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि 78वे निरंकारी संत समागम के लिए इस इलाके से भी सैकड़ो की गिनती में सेवादार एडवांस सेवा के लिए समालखा गए हुए हैं और समागम के लिए हजारों श्रद्धालु इस इलाके से जाएंगे ।आत्ममंथन विषय पर आधारित इस वर्ष का वार्षिक संत समागम अपने आप में एक अद्भुत एवं अनुपम आध्यात्मिक यात्रा है, जहां श्रद्धालु ब्रह्मज्ञान की आंतरिक ज्योति में सेवा, सिमरन और सत्संग करते हुए आनंद और प्रेमाभक्ति का अनुभव प्राप्त करेंगे ।इस दिव्य उत्सव की तैयारियाँ अत्यंत श्रद्धा, लगन एवं निःस्वार्थ भावना से की जा रही हैं। श्रद्धालु भक्त, चाहे वे वृद्ध हों या युवा, पुरुष हों या महिलाएं, हर पृष्ठभूमि के भक्त सेवा में पूर्ण रूप से रत हैं। प्रातः काल



की प्रथम किरण से लेकर संध्या के अंतिम प्रकाश तक, हर ओर भक्ति भाव से समर्पित सेवा का अपूर्व आलोक दिखाई देता है। कोई मिट्टी के तसले ढो रहा है, कोई शामियाने गाढ़ रहा है, तो कोई सफाई, जल प्रबंधन या भोजन व्यवस्था में जुटा है। 78वें वार्षिक संत समागम की भव्यता को प्रकट करता हुआ मुख्य गेट भी आकार लेने लगा है - एक ऐसा प्रवेश-द्वार, जो प्रेम, समरसता और आत्मिक एकत्व की यात्रा का प्रतीक बनेगा। यह सब कुछ समर्पण की उस भावना का प्रमाण है, जो सतगुरु के ज्ञान से उत्पन्न होती है। जिस प्रकार कहा भी गया है कि ह्यजहाँ सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, वहीं हर क्षण उत्सव बन जाता है। सेवा भाव की गरिमा को देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि इन सेवकों के मुखमंडलों पर कोई थकान नहीं, अपितु आनंद और उल्लास की आभा झलक रही है। यह वही दिव्य आनंद है, जिसे केवल सतगुरु की छत्रछाया में रहकर, सेवा और भक्ति के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है। सतगुरु माता जी भी अपने प्रवचनों में बारंबार यही प्रेरणा देती हैं कि तन पवित्र सेवा किये, धन पवित्र दिये दान, मन पवित्र हरि भजन सों, त्रिबिध होई कल्याण।ह्यदेश के कोने-कोने से ही नहीं, अपितु विदेशों से भी लाखों श्रद्धालु भक्त इस संत समागम में सम्मिलित होने के लिए पधारते हैं। उनके स्वागत एवं सुविधाओं हेतु सभी आवश्यक प्रबंध अत्यंत सुचारू रूप से किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और हवाई अड्डों पर निरंकारी सेवादल के अनुशासित, मर्यादित एवं सुसज्जित सेवादार अपनी नीली और खाकी वर्दियों में श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उन्हें उनके निर्धारित निवास स्थलों तक ससम्मान पहुँचाने हेतु सतत तत्पर रहेंगे ।निसंदेह यह समागम केवल एक साधारण आयोजन नहीं, अपितु मानवता के उत्थान और समरसता के जागरण का एक अनुपम पर्व है, जहाँ विविध संस्कृतियों, भाषाओं और परिवेशों से आए श्रद्धालु भक्त वसुधैव कुटुम्ब कम की भावना को आत्मसात करते हुए, सतगुरु की अमृतवाणी से अपनी अंतरात्मा को जागृत करते हैं। इस पावन अवसर पर हर उस सज्जन, भाई व बहन का हृदय से स्वागत है, जो प्रेम, शांति, समरसता के इस दिव्य महायज्ञ का हिस्सा बनना चाहती है।

## नगर परिषद जैतो की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**अध्यक्ष डॉ. हरीश ने सीवरेज, सफाई और ई-रिक्शा नंबर जारी किया**

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो, : आज नगर परिषद जैतो के अध्यक्ष डॉ. हरीश गोयल के नेतृत्व में नगर परिषद जैतो में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए उन विचारों पर चर्चा की गई और जैतो में बठिंडा रोड पर स्थित मीट की दुकान को कहाँ स्थानांतरित किया जाए ताकि शहरवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इस पर भी चर्चा हुई। शहर की सफाई के लिए सरकार से एक मशीन लाने पर भी चर्चा हुई। नगर परिषद जैतो के अध्यक्ष डॉ. हरीश ने कहा कि जिन लोगों का हाउस टैक्स या प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, वे जल्द ही अपना टैक्स जमा कर



दें। डॉ. हरीश ने बातचीत के दौरान यह भी कहा कि जल्द ही शहर की सूरत बदल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद सीवरेज, पानी, सफाई, स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याओं के बारे में 9915 587535 व्हाट्सएप नंबर पर सूचित करें। इसके बारे में आप फोटो भेज सकते हैं। अपना नाम लिखें, जगह बताएँ।, अपना मोबाइल नंबर बताएँ। इसके बाद आपकी समस्या का जल्द ही समाधान किया जाएगा। सभी अधिकारी और कर्मचारी इसी नंबर से काम करेंगे। इस मीटिंग में नैब सिंह जनरल इंस्पेक्टर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरिंदरपाल सिंह रामेआना, पार्षद तुलसी राम बांसल, पार्षद जीतू बांसल, हरप्रीत कौर, पार्षद खुशी राम, पार्षद डॉ. बलविंदर सिंह, पार्षद गुरजीत कौर भी मौजूद थे। नगर परिषद जैतो के अध्यक्ष हरीश गोयल की अध्यक्षता में बैठक का दृश्य।

## कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को होता हैं करवा चौथ का व्रत : रीना गोयल

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, :पति की लंबी उम्र के लिए आज सुहागिनें ने करवा चौथ का व्रत रखा है। करवा चौथ व्रत के दिन करवा माता की पूजा के बाद व्रत रखने वालीमहिलाओं को चांद के दीदार का इंतजार रहता है। सुहागिन महिलाएं दिनभर बिना अन्न और जल के उपवास रखती हैं। चांद देखने के बाद ही सुहागिनें व्रत का उपारण करती हैं। हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। सूरज के डूबने और चांद के आने की आहट के मध्य समय में सुहागिनों ने पूजा की शुरूआत की। पीली मिट्टी और बालू से वेदी बनाकर सबसे पहले भगवान की



स्थापना की। उसके बाद उस पर करवा रखा गया। वेदी को भगवान का स्वरूप देने के बाद उनको चंदन, रोली, सिंदूर लगाया गया। फिर धूप-दीप जलाकर उनकी पूजा की गई। दिन में बनाई गई खीर और दाल की पूड़ी, सिंघाड़ा, लड्डू, फल चढ़ाया गया। जैतो वुमैनज क्लब अध्यक्षा रीना गोयल, रितु तायल, रितु लूबां, मानसी तायल, अंजलि तायल, रवनीत कौर, मनप्रीत कौर आदि ने विधिवत कथा श्रवण की। करवाचौथ को लेकर महिलाएं बेहद उत्साहित दिखीं। यह व्रत सुहागिनों के लिए बहुत खास होता है। नवविवाहित महिलाओं ने खास तरीके से इस त्योहार को एन्जॉय करने की तैयारी कर रखी थीं। नवविवाहित जोड़ों ने शहर के बाजार में खुद शॉपिंग की। करवा चौथ भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के अटूट बंधन एवं समर्पण का प्रतीक है। सुहागिनों को पूरे वर्ष इस त्योहार की प्रतीक्षा रहती है। जिन नवविवाहिताओं का पहला करवा चौथ है, वह पर्व को

लेकर काफी उत्साहित रहती हैं । चांद को अर्घ्य देने व पति का दर्शन करने के बाद पैर छूकर पति और घर के सभी बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद पति-पत्नी एक-दूसरे को मीठी खीर खिलायी। फिर जल ग्रहण कराया। महिलाएं गुरुवार को ही इस त्योहार को लेकर नहाय-खाय किया था। कहा जाता है कि महिलाएं अपने पति को परमेश्वर के रूप में पूजती हैं। पति भी अपने पत्नी का मान-सम्मान करते हैं। एक-दूसरे पर विश्वास करते हैं। इसी के बल पर परिवार संचालित होता है और घर में शांति बनी रहती है।

महिलाएं शिल्क वेम, गाउन, शरारे, डिजाइनर सूट में भी दिखीं। वह मज्जन, हार, तिलक, अंजन, कुंडल, सिंदूर, मेहंदी, पायल, छुद्रघंटिका, कमरधनी, अंगूठी, वस्त्र, बिछिया, मंगलसूत्र, नथुनी, कंगन धारण किए सुहागिन ऐसी दिख रही थीं, मानो चांद भी शरमा जाए। सुहागिन महिलाओं ने पति की आरोग्यता, दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखा। इसकी शुरूआत गुरुवार की मध्यरात्रि के बाद सरगी से की। सुबह स्नान-ध्यान के साथ महिलाओं ने व्रत की शुरूआत की। इसके बाद शाम में पूजा के लिए खीर और दाल की पूड़ी का प्रसाद बनाकर शुभ मुहूर्त में भोलेनाथ, माता पार्वती, भगवान गणेश, करवा माता और चंद्रमा की खास पूजा की ।रात में चंद्रोदय के पश्चात महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद चांद और अपने पति का दीदार कर पारण किया।

## जाट विकास संस्थान राजस्थान ने बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति को 5.60 लाख रुपए का चैक सौंपा

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,:जाट विकास संस्थान, सरदार शहर, चूरू, राजस्थान ने स्थानीय लोगों के सहयोग से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए किए जा रहे राहत कार्यों में सहायता के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सचिव प्रताप सिंह को 5 लाख 60 हजार रुपए का चैक सौंपा। एसजीपीसी के सचि प्रताप सिंह ने कहा कि देश भर से श्रद्धालु बाढ़ पीड़ितों के लिए एसजीपीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों के कई संगठन लोगों द्वारा एकत्रित धनराशि इन राहत कार्यों के लिए भेज रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान से जाट विकास



संस्थान के प्रतिनिधि 5 लाख 60 हजार रुपये का चैक लेने आए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हरजिंदर सिंह धामी की तरह से प्रताप सिंह ने महावीर प्रसाद साहू और नंद राम चाहर तथा सहायता प्रदान करने वाले अन्य लोगों का धन्यवाद किया ।इस अवसर पर एसजीपीसी अधीक्षक निशान सिंह, जाट विकास संस्थान के प्रधान महावीर प्रसाद साहू, नंद राम चाहर, राज जस चाहर, लाल चंद सहारण, इंदिरा सहारण और बनवारी लाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## त्योहारी सीजन में अवैध पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगाम

**ऑपरेशन प्रहार में नगराम पुलिस की बड़ी कार्रवाई एसीपी रजनीश वर्मा की अगुवाई में चला अभियान"**

**समाज जागरण**

लखनऊ नगराम,त्योहारी सीजन में अवैध पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगाम लगाने के लिए थाना नगराम पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस आयुक्त लखनऊ श्री अमरेन्द्र सिंह सेंगर के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत शुक्रवार को नगराम पुलिस ने एक बार फिर क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया ।यह पूरा मोहनलालगंज रजनीश वर्मा की अगुवाई में संचालित किया गया। उनके नेतृत्व में थाना नगराम पुलिस टीम ने लगभग 70 पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में



अवैध गतिविधियों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग व तलाशी अभियान चलाया ।अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 10 घरों की तलाशी ली और कई स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। इस दौरान तीन संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से लाइटर पिस्टल बरामद की गई, जिनसे पुलिस द्वारा गहन पूछताछ जारी है। इसके अलावा अवैध पटाखों के निर्माण व बिक्री से जुड़े स्थानों पर भी छापेमारी की गई। बताते चलें कि ऑपरेशन प्रहार के तहत ही कुछ दिन पहले थाना नगराम पुलिस ने अवैध पटाखों के बड़े जखीरे का खुलासा किया था। उस कार्यवाही में पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। यह हालिया तलाशी अभियान उसी श्रृंखला की अगली कड़ी है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र से अवैध पटाखा कारोबार को पूरी तरह समाप्त करना है ।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध पटाखा व्यापार एवं अपराध प्रवृत्तियों पर नियंत्रण स्थापित करना, त्योहारी सीजन में संभावित दुर्घटनाओं को रोकना तथा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। थाना नगराम प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार अभियान आगे भी जारी रहेगा। अपराधियों और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता नीति अपनाई जाएगी।

## दधीचि देहदान के अध्यक्ष बने डॉक्टर इच्छित भारत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

सर्वसम्मति से चुने गए दधीचि देहदान समिति ,जिला इकाई किशनगंज के अध्यक्ष रजिस्ट्रार डॉ0 इच्छित भारत जायसवाल एवं दधीचि देहदान समिति



के सचिव मिक्क ी साह को सर्वसम्मति से चुना गया । एमजीएम के रजिस्ट्रार डॉक्टर इच्छित भारत ने कहा देहदान मानवता की सेवा का एक उत्कृष्ट माध्यम है । लोगों ने दी बधाई ।

## सांसद खेल महोत्सव : 16वा रेवतलाल महतो ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना बड़कीकुड़ी

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता-समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के कंजकिरो पंचायत स्थित ग्राम पिपराडीह फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 16वा रेवतलाल महतो फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बड़की कुड़ी और पिपराडीह के बीच शुक्रवार को हुआ. पेनल्टी शूटआउट में बड़की कुड़ी की टीम विजयी रही. पुरस्कार वितरण समारोह में गिरिडीह लोकसभा सांसद के निदेर्शानुसार मुख्य अतिथि ऊपरघाट जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो, मुखिया ललिता देवी व विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा आजसू राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो ने विजेता टीम व उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर होसला बुलंद किया. वही जीप सदस्या कुमारी खुशबू महतो ने कहा कि राज्य सरकार झारखंडियों को लूटने में लगी है. युवा पीढ़ी



खेलकूद के साथ क्षेत्र के विकास को लेकर मुखर रहे है. मौके पर स्वेता कुमारी, श्याम सुंदर महतो, अनंत लाल महतो, भीम महतो, चंद्रदेव महतो, लालधारी महतो , दिनेश कुमार,सलेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कौशल रथ का आगमन और ऑल लिटरेसी मिशन का सफल समापन

कौशल विकास यात्रा 2025



**समाज जागरण**

अनूपपुर ।देश की अग्रणी कौशल और उच्च शिक्षा संस्था आईसेक्ट द्वारा आयोजित कौशल रथ कौशल विकास यात्रा 2025 का सफल समापन हो गया। यह यात्रा 6 अक्टूबर 2025 से शुरू होकर 20 राज्यों के 300 जिलों में फैले 500 स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुँची और लाखों विद्यार्थियों, युवाओं तथा शिक्षकों को कौशल विकास और भविष्य की तकनीकों से अवगत कराया। इस वर्ष की यात्रा का मुख्य आकर्षण ऑल लिटरेसी मिशन रहा। आईसेक्ट के विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल रथ के माध्यम से गाँव-गाँव और शहर-शहर तक एआई, एआर /वीआर जैसी भविष्य की तकनीकों से संबंधित जानकारी, डेमो और प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की गई।यात्रा के दौरान निःशुल्क एआई सेमिनार, कार्यशालाएँ, करियर काउंसलिंग सत्र और तकनीकी प्रदर्शन आयोजित किए गए। आईसेक्ट ने इस यात्रा के माध्यम से चार प्रमुख उद्देश्य पूरे किए जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और SKPs को एआई शिक्षा में प्रशिक्षित करना,निःशुल्क सेमिनार और कार्यशालाओं के माध्यम से समुदायों को जोड़ना,स्कूलों और कॉलेजों के साथ सहयोग बढ़ाकर संस्थागत नेटवर्क को मजबूतकरना,विद्यार्थियों के समूह तैयार कर भविष्य की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान करना यात्रा के दौरान आईसेक्ट-NSDC साझेदारी में संचालित 250 से अधिक डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सेस की जानकारी दी गई। इन कोर्सेस में कंप्यूटर, आईटी, फ्यूचर स्किल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बैंकिंग और फाइनेंस, शिक्षक प्रशिक्षण, कृषि और रिटेल जैसे रोजगारोन्मुख विषय शामिल थे।आईसेक्ट के प्रवक्ता भगवान दास ने कहा, कौशल विकास यात्रा 2025 केवल एक शैक्षणिक अभियान नहीं है, बल्कि यह युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने, रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है।यात्रा के दौरान डॉ. कौशलेंद्र सिंह प्राचार्य, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, बृजेंद्र चौधरी टी.पी.ओ., शासकीय आईटीआई अनूपपुर, सतेंद्र सिंह प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर,प्रशांत सिंह शासकीय बॉयज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, कात्यानी कुमार चेयरमैन, सनबीम हायर सेकेंडरी स्कूल अनूपपुर, संजय मिश्रा चेयरमैन आदर्श पैरामेडिकल कॉलेज अनूपपुर, वेद प्रकाश केंद्र प्रमुख, आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र, कटनी ने आईसेक्ट के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि AI Literacy Missionऔर कौशल विकास यात्रा युवाओं के लिए मार्गदर्शक और रोजगारोन्मुख पहल साबित हुई।आईसेक्ट अब आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके भारत के हर युवा को नए युग की तकनीकों से सशक्त बनाने की दिशा में काम जारी रखेगी।

# अवैध उत्खनन ,भंडारण और परिवहन का गोरख धंधा जारी

थम नहीं रहा रेत का काला व्यवसाय जोरों पर

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली ---रेत माफिया का कारोबार प्रशासन के मिलीभगत के परिणाम स्वरूप जोरों से जारी है, उमरिया जिले में रेत की बिक्री में प्रशासकीय तौर पर बन्द है फिर भी जिले में रेत का अवैध व्यवसाय का कारोबार निरंतर रूप से निर्बाध रूप से उसी गति से चल रहा है। यह कारोबार पूरे जिले में फल फूल रहा है, फिर भी जिले के पाली तहसील में यह काम पूरी तरह से प्रशासन की मिलीभगत से अधिक ही उफान पर दिखाई दे रहा है। दूर दराज ग्रामीण अंचलों से लेकर पाली नगर पालिका परिषद् पाली से लगे लगे नदी -नालो को छलनी करते हुए इस व्यवसाय को अंजाम दे रहे हैं। पाली नगर पालिका की सीमा पर स्थित बहरा



नाला आज कल पाली के रेत माफियाओं को सोने की अंडे देने वाली मुर्गी बन कर रह गया है, जहाँ दिन में रेत का संग्रहण होता है और रात भर टेक्टरो से रेत परिवहन का कारोबार चलता है।

रेत की सुनहरी खनक की कमाई से रेत के अवैध व्यवसाय पर रोक लगाने वालो की जेबें भी इसी से भरती नजर आती है, इसी लिये कुछ खास लोगों की नजरें बचाने के लिए यह काला कारोबार दिन में रोक कर रात में संचालित करा दिया गया है। वैसे रेत चोरी पर प्रभावी कार्रवाई के लिए मध्यप्रदेश सरकार खनिज विभाग के साथ साथ राजस्व विभाग, पुलिस और वन विभाग को समान रूप से कार्यवाही का अधिकार दिया गया है, ताकि किसी विभाग की संलिप्तता न हो पाये, लेकिन जितने लोगो की भागीदारी उतने लोगों की हिस्सेदारी के लिए खेल में सभी कतार बद्ध देखे जा रहे हैं, और इस अवैध कारोबार से रेत माफिया और चोरी पर रोक लगाने वाले तो अपनी तिजोरी भर रहे हैं, शासन को हर माह लाखों रुपए की छति हो रही है। उच्च प्रशासन से अपेक्षा है कि रेत चोरी पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के सार्थक पहल करेंगे।

# बस्ती से कोयला परिवहन पर अंकुश लगाने महिला मोर्चा ने सोपे ज्ञापन

**समाज जागरण**

शहडोल ।शिव शक्ति महिला मोर्चा द्वारा अमलाई रेलवे कोल साइडिंग के विरोध में थाना प्रभारी के नाम आवेदन दे कर में अमलाई रेलवे कोल में फिर से कोल लोडिंग अनलोडिंग का काम शुरू किया गया है जिसका विरोध महिलाओं द्वारा वर्ष 2023 में किया गया था जिस में न्यायालय ने भी आदेश



दिया था कि प्रदूषण के सारे नियम के साथ साइडिंग में काम किया जाना था पर अभी अमलाई कोल साइडिंग के निर्माण भी पूरा नहीं हुआ और कोयला गिराना शुरू कर दिया गया है जिस के विरोध में आज दिनांक 10/10/2025/ को अमलाई थाना में लिखित आवेदन दे कर प्रदर्शन किए जाने की जानकारी दी गई जिस में कांग्रेश पार्टी बकहो मंडल अध्यक्ष जवाहर राव जी महिलाओं का नेतृत कार्यकर्ता व कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ सुमन लता राय , अयोध्या राव ,पार्वती राय , रोहाणी पाण्डेय ,माया देवी , रत्तू बेगम ,व अन्य महिलाएं व अन्य सभी महिलाएं उपस्थित हो कर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन दिया गया और अगामी कार्य क्रम की जानकारी लिखित रूप में दिया गया

# चित्रकूट धाम में "प्रदक्षिणा" और "झील बनी निर्झरिणी" पुस्तक का हुआ विमोचन।

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल।2 अक्टूबर से पुरानी लंका आश्रम चित्रकूट धाम में विष्णु महायज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन हो रहा था समापन दिवस में विभिन्न मठों, आश्रमों और मंदिरों के मठाधीशों और संतों का व्यापक स्तर पर भव्य समागम का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर शहडोल जिले की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रियंका त्रिपाठी की दो पुस्तकों का विमोचन भी हुआ।"प्रदक्षिणा" (गुरु चरणारविंद) पुस्तक जो पुरानी लंका आश्रम के मठाधीश "जगतगुरु श्री स्वामी रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य जी" पर केंद्रित है इस पुस्तक का लेखन एवं संकलन डॉ प्रियंका त्रिपाठी एवं श्रवण त्रिपाठी ने किया है। पुस्तक में चित्रकूट धाम का इतिहास, चित्रकूट के धार्मिक और दार्शनिक स्थलों का संक्षिप्त परिचय एवं पुरानी लंका आश्रम के इतिहास और मठाधीशों के बारे में विशेष कर वर्तमान मठाधीश जगतगुरु स्वामी श्री रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य जी महाराज के जीवन की विस्तृत विवेचना की गई है। दूसरी पुस्तक "झील बनी निर्झरिणी" जो संभवत हिंदी साहित्य के इतिहास का पहला छंद मुक्त



महाकाव्य है यह महाकाव्य श्रृंगार के दोनों पक्षों संयोग और वियोग पर आधारित है ।इन दोनों पुस्तकों का विमोचन भागवत कथा के पावन मंच पर किया गया। विमोचन के समय मंच पर परमार्थ शिरोमणि श्रीम ज्जगतगुरु रामानुजाचार्य पुरानी लंका पीठाधीश्वर स्वामी श्री रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य जी महाराज, युवराज स्वामी श्रीमज्जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री देवप्रवर प्रपन्नाचार्य जी महाराज, श्रीमज्जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री मधुसूदना चार्य जी महाराज सुल्तानपुर, श्रीमज्जगतगुरु रामानु जाचार्य श्री दिलीप दास जी, बड़ा अखाड़ा मैहर श्री सीता वल्लभ जी महाराज, संतोषी अखाड़ा श्री राम जी महाराज,निमोर्ही अखाड़ा के उत्तराधिकारी श्री दीपकदास जी, रामायणी कुटी के रामभद्र दास, सच्चिदानंद जी महाराज,

संत भागवत दास जी महाराज, बालकदास जी महाराज एवं चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रमुख आदरणीय अभय महाजन जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रियंका त्रिपाठी के द्वारा स्वामी जी पर लिखी गई आरती का गायन भी किया गया। इस अवसर पर चित्रकूट धाम के सभी आश्रम, मठों और मंदिरों के महंत और मठाधीश एवं विभिन्न तीर्थों के संत, महंत एवं जगतगुरू एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# केशवाही काण्ड से कांग्रेस ने बनाई दूरी

**समाज जागरण**

बुढार।केशवाही में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान अज्ञात तत्वों द्वारा पथराव से कुछ महिलाओं के घायल होने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा धरना - प्रदर्शन के बाद देर रात पुलिस द्वारा युवकों की बेरहमी से पिटाई करके उन्हे उठा ले जाने से माहौल खराब हो गया। चौकी प्रभारी , नगर निरीक्षक, एसडीओपी, एसपी सबके सब युवाओं की पिटाई और उनकी गिरफ्तारी पर चुप्पी साधे रहे। बाद मे बवाल हुआ तो चार पुलिस कर्मियों को लाईन अटैच कर दिया गया।इन सब के विरोध मे शहडोल में 10 अक्टूबर को बुलायी गई सकल प्रशासन के विरोध में सर्व हिंदू समाज की आक्रोश रैली में तीनो स्थानीय विधायकों समेत बीजेपी के कई पदाधिकारी शामिल हुए। वही विरोधी पार्टी कांग्रेस ने वोट कार्ड खेलते हुए इससे दूरी बना ली। कांग्रेस का कोई नेता प्रदर्शन मे नहीं दिखायी दिया।

**विरोध मे उतरा सत्तारुढ दल**

स्थानीय विधायकों,पूर्व जिलाध्यक्ष, समेत सभी ने एक स्वर में पुलिसिया कार्यवाही का विरोध करते हुए टीआई को हटाने की माँग की। पुलिस कप्तान से जब पूछा गया की कई आरोप आपके ऊपर भी लग रहे हैं, आपका क्या कहना है तो उन्होंने सवालों के जवाब ना देना बेहतर समझा और नो कमेंट्स करते हुए चले गए। केशवाही कांड की जड मे पथराव था। यह किसने किया ,अभी तक स्पष्ट नहीं है। निहित कारणों से केशवाही पुलिस ने गेंद अपने पाले में लिया और फ्रंट फुट पर खेलती दिखी।स्थानीय लोगों का कहना है कि केशवाही चौकी प्रभारी और वहां के कुछ अन्य लोग अवैध कार्यों मे सहयोगी बन कर कार्य कर रहे हैं । इसलिये शुरूआती दिनों मे पुलिस ने दबाव बनाने के अलावा सही तरीके से अपना कर्तव्य नहीं पूरा किया।

केशवाही का मामूली सा विवाद बेवजह हिन्दू - मुस्लिम रंग लेता दिखा। प्रशासन और पुलिस त्वरित कदम उठा कर लोगों को इससे बचा सकती थी।तीनो विधायकों ने लामबंध होते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही।

# सेवा निवृत्त शिक्षक श्री राजपूत प्रवक्ता के रूप मे अपनी संगठनात्मक सेवाएं जारी रखेंगे (संयुक्त मोर्चा संघ कर्मचारी जगत के सेवा का शानदार प्लेटफार्म)

**समाज जागरण**

कटनी /जिले के अधिकारीयोंऔर कर्मचारियों को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले संगठित कर उनके अधिकारों और सम्मान के लिये संघर्ष करने वाले संगठन में प्रवक्ता के रूप में अपनी उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मचारी नेतृत्व कुंवर मार्तण्ड सिँह राजपूत शासकीय सेवा से निवृत्त होने के बाद भी अधिकारियों और कर्मचारियों के हित संरक्षण हेतु निरंतर संघर्ष करने की अपनी प्रतिद्धता को दशार्ये हैं। अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के संस्थापक सरमन तिवारी द्वारा 52 विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों को जिसमें सेवा निवृत्त कर्मचारी भी सम्मलित हैं,उन्हें एक मंच पर एकत्र करके उनके आत्म-सम्मान की रक्षा सहित उन्हें अधिकार सम्मत बनाने हेतु जिस तरह से एक पारिवारिक वातावरण में संयुक्त मोर्चा संघ का निर्माण किये हैं, वह कटनी जिले में ही नहींअपितु पूरे प्रदेश में एक अदभुत मिसाल का रूप ले चुका है, पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाकर सबसे ज्यादा सक्रिय उक्त संगठन में विगत दो दशकों से भी अधिक समय से क्रन्तिकारी प्रवक्ता के रूप में कर्मचारी जगत के हितार्थ सेवा दे रहे, प्रांतीय प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अब वे सेवा निवृत्त होने के बाद और अधिक सक्रियता के साथ अपनी अनुकरणीय सेवाएं संयुक्त मोर्चा संघ में सम्मलित सभी घटक कर्मचारियों के हित संरक्षण हेतु देंगे। संगठन को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य करते रहने पर जोर देते हुए उन्होंने एक भेंट के दौरान बताया कि अधिकारी -कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ एक ऐसा मान्यता प्राप्त संगठन है,जिसमें लगभग सभी मान्यता और गैर मान्यता प्राप्त संगठनों का समावेश है।अतः संगठन में रहकर वे समाज सेवा के साथ साथ सभी क्रियाशील और सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारियों व दिव्यांग जनों की सेवा पूर्व से कहीं बेहतर पूरे जोस खरोस और सक्रियता के साथ करते रहने पर फक्र का अनुभव करेंगे

# पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। गुरूवार को थाना खैरहा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि रमाकांत तिवारी उर्फ राहुल तिवारी, निवासी ग्राम हरदी, ग्राम लखबरिया नरगड़ा नाला से एक डग्गी में अवैध रेत लोड कर ग्राम हरदी की ओर परिवहन कर रहा है। सूचना की तस्दीक एवं रेड कार्यवाही हेतु पुलिस दल ग्राम खैरहा पहुँचा तथा बहरा नाला के पास नाकाबंदी की गई। इसी दौरान एक लाल पीले रंग की टाटा डग्गी (क्रमांक सीजी 29 एसी 8253) में लोड रेत एवं वाहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज अथवा टी.पी. प्रस्तुत नहीं किया गया, साथ ही चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं पाया गया। पूछताछ में चालक ने स्वीकार किया कि वह वाहन स्वामी आदित्य पाण्डेय निवासी ग्राम सेमरा के कहने पर ग्राम लखबरिया नरगड़ा नाला से अवैध रूप से रेत चोरी कर परिवहन कर रहा था। खैरहा पुलिस द्वारा मौके पर ही एक लाल पीले रंग की टाटा डग्गी क्रमांक सीजी 29 एसी 8253 मय लोड अवैध रेत की जप्ती की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ड्ट 9,00,000/- (नौ लाख रुपये) है। प्रथम दृष्टया प्रकरण में वाहन चालक रमाकांत तिवारी उर्फ राहुल तिवारी पिता मनोज तिवारी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम हरदी थाना खैरहा जिला शहडोल एवं वाहन स्वामी आदित्य पाण्डेय निवासी ग्राम सेमरा के विरुद्ध धारा 303(2), 317(5) बीएनएस, 4/21 खनिज अधिनियम एवं 130/177(3), 3/181 एम.व्ही. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी चालक को विधिवत नोटिस तामील कर न्यायालय में उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया तथा जप्तशुदा वाहन को थाना परिसर खैरहा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।

# कानपुर धमाके की वजह बारूद का अवैध भंडारण, पटाखा वालों की तलाश में छापे, 6 सस्पेंड

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां मूलगंज के मिश्री बिसाती बाजार में बुधवार को हुए धमाके का सच सामने आया है। जिसके मुताबिक इस भीषण विस्फोट की वजह पटाखों का भंडारण था। साथ ही पुलिस ने इस घटना में किसी आतंकी साजिश से भी इनकार किया है। वहीं घटना के लिए दोषी मानते हुए मूलगंज थाना प्रभारी विक्रम सिंह, चौकी प्रभारी एसआइ रोहित तोमर सहित जेबरा मोबाइल कांस्टेबल चेतन कुमार, अमित कुमार, बीट कांस्टेबल ब्रह्मानंद, हेड कांस्टेबल इमामुल हक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही ए सीपी को भी हटाया गया है। अबतक तक चले सर्च आपरेशन में पुलिस ने 12 दुकानदारों को हिरासत में लिया है। मामले में पुलिस जिन दुकानदारों के यहां अवैध पटाखों का भंडारण मिला है। उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। मिश्री बाजार में मरकज मस्जिद से 100 मीटर दूर खड़ी चोरी की स्कूटी में बुधवार शाम भीषण विस्फोट हुआ था। इसकी चपेट में महिला समेत 12 लोग घायल हो गए थे, जिसमें आठ लोगों को उसुर्ला में भर्ती कराया गया था। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि बगल में खड़ी लालबंगला निवासी अश्वनी कुमार की स्कूटी क्षतिग्रस्त और आसपास के कई घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए थे। इस घटना को हादसा, शरारत और साजिश के बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी गई। एटीएस समेत एजेंसियों ने जांच पड़ताल की। देर रात सर्च आपरेशन चला गया तो कई दुकानों में अवैध पटाखों का भंडारण मिला। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था आशुतोष कुमार ने बताया कि जहां धमाका हुआ, वहां कई दुकानों में तैयार पटाखे और पटाखे बनाने का बारूद भारी मात्रा में था। एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला, जिसमें दुकान में रखे एक ढेर में हुआ विस्फोट दिखा है। जिससे विस्फोट की वजह स्पष्ट हो गई है। वहीं पुलिस बिना अनुमति रिहायशी इलाके में बारूद भंडारण व बिक्री करने वालों को गिरफ्तारी के लिए लगातार छापे भी मार रही।

# त्योहारों को लेकर बकहो नगर परिषद की सराहनीय पहल

उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह के नेतृत्व में साईं ग्राउंड में पटाखा दुकानों हेतु लेबलिंग कार्य कराया जा रहा है

**समाज जागरण**

बकहो। दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर बकहो नगर परिषद द्वारा नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए साईं ग्राउंड में पटाखा दुकानों के संचालन हेतु लेबलिंग का कार्य कराया जा रहा है। इस पहल में नगर परिषद के उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह की अग्रणी भूमिका रही है। उपाध्यक्ष सिंह ने बताया कि नगर परिषद का उद्देश्य व्यापारियों को एक सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित स्थान प्रदान करना है, ताकि दीपावली के अवसर पर नागरिक निर्भय और आनंदपूर्ण वातावरण में उत्सव मना सकें। उन्होंने कहा कि साईं ग्राउंड में फायर सेफ्टी, प्रकाश



व्यवस्था और स्वच्छता जैसी सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। नगर परिषद की यह पहल स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों के बीच सकारात्मक चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि इस बार दीपावलीउत्सव पहले से अधिक सुरक्षित,सुव्यवस्थितऔर उल्लासपूर्ण रहेगा

# राजकीय इण्टर कालेज में यू0पी0 ट्रेड शो स्वदेशी मेला-2025 का किया गया भव्य शुभारंभ,

जनपद में राजकीय इण्टर कालेज में १८अक्टूबर तक चलने वाले स्वदेशी मेले का किया गया आयोजन,

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**



प्रतापगढ़। शासन के निदेर्शानुसार जनपद के राजकीय इण्टर कालेज परिसर (जीआईसी ग्राउण्ड) प्रतापगढ़ में दिनांक 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे स्वदेशी मेला का विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा सहित भाजपा से राजेश सिंह, रामजी मिश्र, अंशुमान सिंह व अन्य पार्टी पदाधिकारीगण तथा उद्यमी/व्यापारी व अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा दीपावली महापर्व के अवसर पर दिनांक 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक जनपद में यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गये है, जिसके क्रम में राजकीय इण्टर कालेज परिसर में स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टॉलो का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि यह मेला प्रदेश सरकार की आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं यही इस आयोजन का मूल संदेश है। उ0प्र0 सरकार द्वारा उद्यमिता के क्षेत्र में अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जा रहा है, ट्रेड-शो में लगाये गये स्टॉल पर ब्रिकी हेतु उपलब्ध स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक क्रय करें। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कार्यक्रम में आये हुये जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं के क्रय हेतु प्रेरित किया और कहा कि उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा खरीदारी करें, जिससे स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा मिल सकें और लोग आत्मनिर्भर बने। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेला स्थल पर पहुंचें, स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करें और दीपावली के शुभ अवसर पर अपने घरों को स्वदेशी उत्पादों से सजाएं। डीएम ने सभी माननीयों का आभार व्यक्त किया गया एवं मेले में लगाये गये स्टॉल के कार्मिकों को प्रोत्साहित किया गया साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि मेले का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाय, जिससे मेले में अधिक से अधिक लोगों का आगमन हो ताकि स्टॉल पर उपलब्ध स्वदेशी उत्पादों का बिक्री सुनिश्चित हो, इससे उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रमें में आये हुये अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

# कसागी प्राइवेट लिमिटेड सराय नाहरराय में रोजगार मेले का आयोजन 14 अक्टूबर को,

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन कसागी प्राइवेट लिमिटेड प्लाट नम्बर 50 सराय नाहरराय मानधाता परिसर में किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी के द्वारा वेल्डर के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है।

# हर घर, नल से जल कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 2.42 करोड़ परिवारों को मिल रहा है स्वच्छ पेयजल

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। प्रदेश में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु केन्द्र सहायतित जल जीवन मिशन कार्यक्रम का संचालन केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 50:50 प्रतिशत वित्त पोषण के आधार पर किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत शहर घर को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में कुल 267.21 लाख घरों को पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित किये जाने के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 242 लाख परिवारों को नल से जल की आपूर्ति की जा रही है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के विन्ध्य एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 09 जनपदों (फेज-01) में विभिन्न ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से कुल 20,98,899 परिवारों के सापेक्ष अब तक 20,63,133 परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश के अन्य 66 जनपदों में भी जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से कुल 2,46.22,842 घरों के सापेक्ष अब तक 2,21,222,51 परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया गया है। इस प्रकार प्रदेश के कुल 2,67,21,741 परिवारों के सापेक्ष अब तक 2,41,85,384 से अधिक परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किये गए है।

प्रदेश के सभी 97073 ग्रामों में ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से शुद्ध, सतत एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से परियोजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। अब तक प्रदेश के 50,982 ग्रामों में शत-प्रतिशत घरों को क्रियाशील गृह नल संयोजन उपलब्ध कराया गया है, जिनमें से 26,085 से अधिक ग्रामों को ग्राम पंचायत द्वारा हर घर जल प्रमाणित किया जा चुका है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत परियोजनाओं के निर्माण में लगभग 5.63 लाख कि0मी0 से अधिक जल वितरण प्रणाली बिछायी जा रही है, जिसके सापेक्ष अब तक 05 लाख 17 हजार कि0मी0 जल वितरण प्रणाली बिछायी जा चुकी है। प्रदेश में जल वितरण प्रणाली बिछाये जाने के दौरान विभिन्न प्रकार के लगभग 01 लाख 97 हजार कि0मी0 रोड डिस्मैटल किये गये है, जिसके सापेक्ष अब तक 1 लाख 90 हजार कि0मी0 डिस्मैटल रोड को रिस्टोर कराया गया है।

प्रदेश में 33,229 (80 प्रतिशत) योजनाये ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनायें सौर ऊर्जा आधारित बनाई गयी है, जिनपर 900 मेगावॉट के सोलर पैनल अधिस्थापित किये गए है। सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के निर्माण के कारण परियोजनायें दीर्घकालिक रूप से स्थाई होगी तथा परियोजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण मितव्ययी होगा। साथ ही लगभग 13 लाख मेट्रिक टन कार्बन डाईआक्साइड का उत्सृजन प्रतिवर्ष कम होगा जो पर्यावरण के संतुलन हेतु लाभदायी होगा। प्रदेश में ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के दीर्घकालिक स्थायित्व, नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत प्रदेश में नयी संचालन एवं अनुरक्षण नीति 2024 निर्गत की गयी है। जल आपूर्ति के लिए प्रदेश के सरकारी फ्रंटलाइन कार्यकताओं के प्रशिक्षण के अंतर्गत 28,606 ए०एन0एम0, 60,102 आशा कार्यकर्ती, 1,10,949 आंगनवाडी कार्यकर्ती, 1,10,453 स्कूल अध्यापक तथा 1,66,504 एस०एच०जी० मेम्बर्स सब मिलाकर 4,76,614 सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया गया। दिनांक 26 जनवरी, 2025 को देवरिया, रायबरेली, गोरखपुर, मिजार्पुर एवं बुलन्दशहर जनपदों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल समिति के सरपंचों को गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के अवसर पर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित कर मा० मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया।

दिनांक 20 जून से 31 जुलाई, 2025 तक ‘जवच क्पंततीमं ब्ंउचंपहद-2025 के तहत, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सभी जनपदों में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यान्वयन सहायता एजेंसियों के माध्यम से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनांक 29 अगस्त से 31 अगस्त, 2025 के दौरान, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, भारत सरकार द्वारा चलाए गए अभियान ह्महर गली हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान के अंतर्गत, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशनं द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों की कार्यान्वयन सहायता एजेंसियों के माध्यम से सभी जनपदों ने खेलों के साथ स्वच्छता को जोड़ते हुए ग्राम, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न आयोजन किया गया।

प्रदेश में अब तक जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1,16,340 स्कूलों एवं 1,55,136 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई गयी है। जल की गुणवत्ता के परीक्षण हेतु 05 लाख से अधिक ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य किये जाने के फलस्वरूप 05वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में उत्तर प्रदेश को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इंटरनेशल ट्रेड शो में देश और दुनिया से आये लोगों को जल जीवन मिशन की जानकारी और जल संरक्षण की सीख देने के लिये बनाये गये हर घर जल गांव मॉडल को ट्रेड शो के बेस्ट डिस्पले अवॉर्ड से नवाजा गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत परियोजनाओं हेतु धनराशि रु० 16000.00 करोड़, संचालन एवं अनुरक्षण के अन्तर्गत रु० 3000.00 करोड़ एवं सम्बन्धित परियोजनाओं में अन्तः ग्राम अवसंरचनाओं के निर्माण लागत के सापेक्ष बांछित सामुदायिक अंशदान की धनराशि रू0 4500.00 करोड़ का बजट प्राविधान किया गया है। राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजनाओ को पूर्ण किये जाने हेतु वितीय वर्ष 2025-26 में धनराशि 10.00 करोड़ बजट प्राविधान किया गया है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदेश सरकार लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा रही है।

# प्रसन्सा राय को स्वर्ण पदक से सम्मानित

**समाज जागरण अतुल सोनी**
**चोलापुर वाराणसी**



वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में एम.ए. (राजनीति विज्ञान) में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली प्रसन्सा राय को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल माननीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया।
प्रसन्सा राय ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। राज्यपाल ने उनकी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।प्रसन्सा राय दो बहनों में छोटी हैं और उदयपुर ग्राम पंचायत के साईं गांव की निवासी हैं। उनका जीवन लक्ष्य एक शिक्षिका बनकर समाज के लोगों को शिक्षित करना है इस अवसर पर विवेकानंद यूथ अवार्ड प्राप्तकर्ता प्रिंस चौबे, ग्राम प्रधान सुधु राम, क्षेत्र पंचायत सदस्य, तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने प्रसन्सा राय की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें क्षेत्र की शान बताया

# किसानो की सच्ची साथी हैं सहकारी समितियाँ : गौरव सिंह रघुवंशी 'शालू'

## भैठौली बीपैक्स के तेवर ग्रामपंचायत में सदस्यता महाभियान का कैंप आयोजित।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। सहकारिता विभाग के एमपैक्स सदस्यता महाअभियान अंतर्गत शुक्रवार को भैठौली बीपैक्स अंतर्गत तेवर मे सदस्यता अभियान का कैम्प लगाया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष अर्पिता सिंह ने की कार्यक्रम मे तेवर ग्रामप्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह रघुवंशी शालू तथा वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रशेखर तिवारी की प्रेरणा और प्रोत्साहन से 46 नये सदस्य बनाए गए।
समिति के सचिव अभय कुमार सिंह सोनू ने बताया कि भैठौली समिति अंतर्गत तेवर सबसे बड़ी ग्रामपंचायत है।
समिति मे सबसे ज्यादा सदस्य संख्या तेवर ग्रामपंचायत की ही है।आज 46 नये सदस्य बन जाने से भैठौली बीपैक्स लक्ष्य के निकट पहुंच गई है।
इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि गौरव रघुवंशी 'शालू' ने कहा
कि समितियाँ ही किसानो की सच्ची साथी है ।वे हर सुख दुख मे किसानो की परछाई बनी रहती है।अधिक से अधिक लोगो को सदस्य बनकर कृषि और सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करना चाहिए।
कार्यक्रम मे चंद्रशेखर तिवारी, परदेशनारायण चौबे, हाकिम सिंह, अखिलेश सिंह समेत दर्जनो किसान उपस्थित रहे।
डीसीएफ के चेयरमैन राकेशसिंहअलगू की उपस्थिति मे सचिव रवि यादव द्वारा 101 नये सदस्य बनाए गए।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारिता अभियान के नोडल काशी प्रांत तथा जिलासहकारीफेडरेशन के चेयरमैन राकेशसिंहअलगू ने कहा कि वर्ष 2025 के अंतर्गत सहकारिता विभाग की ओर से 12 सितंबर से 12 अक्टूबर तक सदस्यता महाअभियान चलाया जा रहा है। अब सहकारी समितियो के सदस्यो को ही समिति से खाद मिलेगी इसके अलावा भी सहकारिता की अन्य योजनाओ का लाभ सदस्यो को मिलेगा।
अलगू सिंह ने कहा कि समिति क्षेत्र मे आने वाले किसान 21 रूपए सदस्यता शुल्क और न्यूनतम दो शेयर 200 रूपए का भुगतान करके समिति की सदस्यता प्राप्त कर सकते है। साथ ही पुराने और नये सदस्य 5 रूपए देकर कृषक पंजिका भी प्राप्त कर सकते है। यह कृषक पंजिका भविष्य मे समिति और किसान के बीच सभी लेनदेन का दस्तावेज बनेगी।
भटपुरवाँ कला के पूर्व प्रधान धर्मेंद्र सिंह बबलू ने कहा कि समिति की सदस्यता लेने वाले
किसानो और ग्रामीणो को आसान वित्तीय सेवाये, कम ब्याज पर ऋण ,सरकारी सब्सिडी का लाभ, आर्थिक सुरक्षा तथा सामुदायिक विकास मे भागीदारी जैसी सुविधाये उपलब्ध होंगी।
इसलिए किसान हित मे आवश्यक है कि सभी किसान और ग्रामीण परिवार सहकारी समिति के सदस्य बनें।
सहायक आयुक्त हर्ष कुमार ने अपील की है कि सभी ग्रामीण परिवार सहकारी समिति पर पहुंच कर सचिव से संपर्क करके स्वयं सदस्य बने तथा दूसरो को भी सदस्य बनवाए। अभियान मे अब मात्र चार दिन अवशेष रहने के दृष्टिगत सहायक आयुक्त ने लक्ष्य की प्रगति मे पीछे रहने वाले सचिवो को चेतावनी देते हुए कहा है कि समिति क्षेत्र मे भ्रमण करके युध्द स्तर पर सदस्य बनाना सुनिश्चित करें।

# जीएसटी कम होने से आम लोगों में खुशी के साथ बन रहा है सशक्त उत्तम प्रदेश टी०एम विधायक

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। 'घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार' की गूंज से पूरा देश गुंजायमान हो गया है। देश की खुशहाली से प्रदेश में आम लोगो मे खुशी की लहर है, बाजार में उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। देश का सबसे बड़ा प्रदेश उत्तर प्रदेश जहां जीएसटी के आय से बहुत बड़ा जनहित में कार्य प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने रणनीति बनाई है जिससे हर वर्ग लाभान्वित होगा।
आज शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार वाराणसी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्या की अध्यक्षता में,'विकसित एवं समर्थ उत्तर प्रदेश @ 2047 के बैठक / संगोष्ठी' के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अजगरा विधानसभा के विधायक त्रिभुवन राम ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया। जिला पंचायत अध्यक्षा पूनम मौर्य ने बुके व अंगवस्त्र से स्वागत किया। संगोष्ठी में जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह, रामप्रकाश सिंह 'बीरू' जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा वाराणसी,अन्य जिला पंचायत सदस्य गण व पंचायत विभाग के अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया करवा चौथ का पर्व

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। पति-पत्नी के प्रेम व स्नेह का प्रतीक करवा चौथ का पर्व शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी परंपरागत तरीके से मनाया गया। दिन भर निर्जला व्रत रखने वाली सुहागिनों ने चांद का दीदार करके अर्घ दिया और परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने व्रत खोला। इस दौरान बच्चों ने पटाखा चला कर खुशियां बांटी।करवा चौथ पर सुहागिनों ने 16 श्रृंगार करके करके चंद्रमा को अर्घ दिया उसके बाद पति का तिलक कर मंगल कामना की। रामेश्वर क्षेत्र बरेमा , जगपट्टी ,खेवली,जंसा गांव में चंद्रमा निकलते ही बच्चों ने पटाखे दागे। चांद के इंतजार में बच्चे अपनी-अपनी छतों पर शाम से ही चढ़ गए थे। जैसे ही चांद निकला वैसे ही बच्चे खुशी में पटाखे चलाने लगे। इस बार महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना करके अपने-अपने घरों की छतों पर चंद्रमा को अर्घ दिया।

# भाला घोंप कर युवक की निर्मम हत्या

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर ।बकेवर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव में नशेबाजी के बाद दो पक्षों में बढ़े विवाद में बृहस्पतिवार की देर रात युवक के सीने में भाला घोंप दिया। गंभीर घायल को परिजन आनन फानन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया।
थाना क्षेत्र के बिजौली गांव के कंजर डेरा में 30 वर्षीय मूलचंद गिहार व हरिश्चंद गिहार पड़ोसी हैं। बृहस्पतिवार की देर रात हरिश्चंद शराब पीकर अपशब्द कहकर शोर मचा रहा था। पड़ोसी मूलचंद ने इसका विरोध किया। इस पर दोनों के बीच विवाद होने लगा। इसी दौरान हरिश्चंद घर के अंदर से भाला लेकर आया और सीधे मूलचंद के सीने में घोंपकर दिया। घटना देख अन्य लोग दौड़े तब तक आरोपी भाला लहराता हुआ भाग निकला। गंभीर घायल मूलचंद को परिजन जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाते अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह, सीओ प्रगति यादव व थाना प्रभारी सुमित देव पाण्डेय गांव पहुंचे। एएसपी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई जारी है। बताया घटना नशेबाजी में की गई है।

**मृतक के भाई ने पोस्ट हाउस में दी घटना की जानकारी**

फतेहपुर। बवेकर थाने के बिजौली गांव में हत्या के मामले को पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का भाई रामचन्द्र कंजड़ (गिहार) ने बताया कि मृतक की पुत्री संजना को हरिश्चन्द्र के पुत्र ने मार दिया था। इसका उलहाना लेकर जब वह घर गया तो हरिश्चन्द्र ने अपने परिवार प्रेमचन्द्र, श्रीकान्त, श्यामकुमार एवं विमला उमाकान्ती व रूबी के साथ उसे घर के अन्दर घसीट लिया गया। जहां उसकी लाठी डन्डा व भाला मारकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं पुलिस ने विमला, उमाकान्ती व रूबी को हिरासत में ले लिया है। जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार है। जिनको पुलिस की गठित टीम तलाश कर रही है।

# चतुर्थ दिवस की प्रभातफेरी में भजनों की गूंज, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

## कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्रीकृष्णा मंदिर में अनिल सचदेवा परिवार ने किया भावपूर्ण स्वागत

**समाज जागरण**



शाहजहांपुर। कार्तिक मास में निकाली जा रही प्रतिदिन की प्रभातफेरी के चतुर्थ दिवस पर शुक्रवार को कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्रीकृष्णा मंदिर में भक्तिमय माहौल रहा। अनिल सचदेवा (चश्में वाले) के परिवार ने प्रभातफेरी का स्वागत बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पुष्पवर्षा कर किया। सुबह प्रभातफेरी मंदिर पहुंची तो सबसे पहले परिवार के सदस्यों ने लड्डू गोपाल व बृषभान दुलारी की पालकी को अपने घर ले जाकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया और पूजन अर्चन के उपरांत पुनः मंदिर लेकर आए। इसके बाद सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिरस में रंग गया। कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज ने गणेश वंदना के साथ कोई कहे गोविंदा, कोई गोपाला, मैं तो कहूं सांवरिया बाँसुरिया वाला भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद मोहनलाल अरोरा ने हे लाडली सुध लीजे हमारी, हे राधा रानी हे श्यामा प्यारीह्व भजन गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। गौरव अरोरा ने हर सांस में हो सुमिरन तेरा, यूं बीत जाए जीवन मेरा और शिवांश गुप्ता ने कृष्ण कहने से तर जाएगा, पार भव से उतर जाएगा भजन सुनाया। रविंद्र मिश्रा ने ह्लमुझको अपने पास बुला लो ओ मेरे गिरधारी और मनमोहन अरोरा ने नी मैं नचना मोहन दे नाल भजन गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। देवेंद्र खुराना ने मेरे तन में भी राम, मेरे मन में भी राम भजन प्रस्तुत किया, जबकि अंकित सचदेवा ने ह्लहमें और जीने की चाहत न होती, अगर तुम न होते भजन गाया। नवीन सचदेवा ने ह्लजबसे सांवरे ने पकड़ा मेरा हाथ, हो गई मेरी बल्ले-बल्ले भजन से समा बाँध दिया।अंत में चोरी-चोरी माखन खाय गयो रे मेरो प्यारे मोहनह्व भजन के दौरान मटकी से टॉफियां निकालकर भक्तों में वितरित की गईं और फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम के समापन पर आरती हुई और प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति की ओर से आशीर्वाद स्वरूप अनिल सचदेवा परिवार को भेंट राजेंद्र गुप्ता, घनश्याम गुप्ता और प्रेम नारंग ने प्रदान की। मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता (एडवोकेट) ने बताया कि शनिवार की प्रभातफेरी का स्वागत वृंदावन गार्डन स्थित निज निवास पर सत्यानंद हॉस्पिटल के स्वामी डॉ. सत्यप्रकाश मिश्रा के परिवार द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर पूनम सचदेवा, मधु, विवेक सचदेवा, लव सचदेवा, सुरभि अरोरा, कार्तिक गुप्ता, मनीष गोगिया, सुनीता कक्कड़, अंबिका सचदेवा, मदनलाल अरोरा, दीपा अरोरा, कन्हैया गुप्ता, ममता सचदेवा, मनीष सचदेवा, सुषमा सचदेवा, नैना सचदेवा, डॉली मेहंदीरत्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# बदायूं जिले के उसहैत थाना क्षेत्र के दलेल नगर समिति डीएपी खाद की मारा ।मारी मची अफरा तफरी

**समाज जागरण**

बदायूं सरकारी समिति पर किसान खाद न ।मिलने पर ।कई जगह परेशान होकर देखने को मिल रहा है
किसान परेशान होकर छीन झपटकर करते हुए मची अफरा तफरी जिला प्रशासन भले ही जिले में पर्याप्त मात्रा में डीएपी होने का दावा करती हो लेकिन ऐसी तस्वीर स्पष्ट कर रही है किसान की जरूरत। पूरी नहीं हो पा रही है किसान खाद के लिए परेशान होकर इधर भटक रहा है
बदायूं जिले में उच्च अधिकारी किसानों की परेशानियों को नजर अंदाज करते देखे जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ जी महाराज की सरकार को कुछ अधिकारी बदनाम करने पर तुले हुए हैं अब देखना है किसानों की खाद को लेकर परेशानी दूर करने में कामयाब होंगे या नहीं या फिर खाना पूर्ति बनाकर कर रह जाएगी

# रामलीला समिति के सामान में आगजनी लाखों की क्षति

**समाज जागरण वाराणसी**



ओंकार ,दानगंज चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी अंतर्गत सुलतानीपुर ग्राम में श्री भीमल ब्रह्म बाबा रामलीला समिति के तत्वावधान में दशकों से आयोजित हो रहे रामलीला के लाखों रुपए के सामान में गुरुवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग की चपेट में आकर रामलीला समिति के सारे सामान के साथ-साथ डीजे संचालकद्वारा रखा गया सारा सामान भी जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुल्तानीपुर गांव में गुरुवार को भरत मिलाप के मंचन के पश्चात रामलीला समिति के सारे सदस्य बगल में बने मंदिर के कमरे में अपना सारा सामान रखकर अपने-अपने घर चले गए। उक्त सामान को देखने के लिए केवल मंदिर पर रहने वाले एक ब्राह्मण कमरे के बाहर सो रहे थे। देर रात्रि कमरे में से धुआं निकलता देख स्थानीय तालाब से पानी लेकर किसी तरह बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक आग ने सारे सामान को चपेट में ले लिया। चपेट में आने से टेंट, कुर्सी, शामियाना, इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत रामलीला समिति के सारे सामान के साथ-साथ डीजे संचालक द्वारा रखा गया लाखों रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जलकर राख हो गया। रामलीला समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार चौबे ने चोलापुर थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि लगभग ढाई लाख रुपए के सामान की क्षति हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुये सड़क हादसों के दौरान चार लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शादीपुर 50 न0 गेट निवासी विनय कुमार का 28 वर्षीय पुत्र अभिशेक शुक्रवार की सुबह बाइक से सामान लेने आया था। जब वह वापस घर जा रहा था। तभी चौधरी मण्डप मैरिज हाल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार हथगाम कस्बा निवासी फिरोज का 29 वर्षीय पुत्र मो0 आरिफ सुबह लगभग 10 अपनी पत्नी को बाइक में बैठाकर शहर से कस्बा जा रहा था। जब वह कस्बा के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से आरिफ घायल हो गया। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना तारापुर गांव निवासी शंकर सविता का 26 वर्षीय पुत्र सूरज सविता बाइक से सामान लेने जा रहा था। तभी भिटौरा बाईपास के समीप बाइकों की भिडन्त में घायल हो गया। इसी तरह सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा बाईपास निवासी रामप्यारे का 53 वर्षीय पुत्र राजेश प्रजापति बाइक से शहर आ रहा था। तभी सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने अभिशेक की हालत गंभीर देखते हुये कानुपर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

## वॉलीबॉल, खो-खो और लंबी कूद में दिखा खिलाड़ियों का उत्साह

**समाज जागरण**



शाहजहांपुर। नेहरू युवा केंद्र (माय भारत) शाहजहांपुर के तत्वावधान में सेठ रामचंद्र सिंह इंटर कॉलेज, खड़सार (विकासखंड तिलहर) में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक व पूर्व जिला पंचायत सदस्य रूम सिंह यादव और प्रधानाचार्य सतीश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। उन्होंने वॉलीबॉल में सर्व लगाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले दिन वॉलीबॉल, खो-खो और लंबी कूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वॉलीबॉल मुकाबलों में कुंडरा, किरतपुर बिहारी, जैतीपुर, पलिया पट्टी, चावर खास, खंडसार, खुटरिया और भुडेली सहित कई टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें लालपुर बड़ा गांव की टीम विजेता और किरतपुर बिहारी उपविजेता रही। खो-खो प्रतियोगिता में जगन्नाथपुर, दोशपुर, जिगनिया, खंडसार, चावर खास, पलिया पट्टी, चिकड़ापुर, नगरा और कुंडरा की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जगन्नाथपुर विजेता और जिगनिया उपविजेता रही। लंबी कूद स्पर्धा में कुल 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें सुमित सिंह प्रथम, अंकित द्वितीय और राजपूत तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में सहदेव मिश्रा, मोहिनी यादव, रूबी सिंह, रामप्रकाश शर्मा, रामआसरे और सौरभ मौर्य ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल संचालन में हिमांशु सक्सेना, पवनेश गंगवार, अवनीश गंगवार, अजयपाल सिंह और अरविंद मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के समापन पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा नेता कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस शनिवार, 11 अक्टूबर को बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़, बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ और बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न कराई जाएगी। इसके बाद मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

# विद्युत उपकेंद्र उन्दी की 03 घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 11अक्टूबर दिन शनिवार को समय सुबह 11.00बजे से दोपहर 02.00 बजे तक 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र उन्दी से निकलने वाले समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान 33 केवी उपकेन्द्र के अंदर लगे पैनल पर कार्य होना है जिस कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर आदमपुर, जयपार,और प्रयागपुर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।
उक्त आशय की जानकारी श्रीपति तिवारी उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड आयर ,चिरईगांव ने दी है।

# दोस्त के पहचान पत्र से फाइनेंस कराया स्मार्टफोन केस दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने परिचित पर धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप लगाया है। विकास कुमार पाल ने अपनी तहरीर में बताया कि अक्टूबर 2024 में वह लखनऊ गए थे। वहां जंसा थाना क्षेत्र के सत्तनपुर निवासी लालू प्रसाद के साथ रुकते समय लालू ने उनके पहचान पत्र का दुरुपयोग कर एक नया स्मार्टफोन फाइनेंस करा लिया।
इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब फाइनेंस कंपनी ने किस्त जमा न होने पर विकास कुमार को नोटिस भेजा। इसके बाद उन्होंने खुद 27,160 रुपये जमा कर पूरी बकाया राशि चुकाई।विकास ने आरोप लगाया कि 5 अगस्त 2025 को जब उन्होंने अपना पैसा वापस मांगने लालू प्रसाद के पास गये तो आरोपी ने उन्हें गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और उसे भगा दिया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर जंसा पुलिस ने लालू प्रसाद के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हादसा या साजिश? झोपड़ी में लगी आग से अज्ञात व्यक्ति की मौत, जांच में जुटी कांट पुलिस

**समाज जागरण**

कांट / शाहजहांपुर कोतवाली कांट क्षेत्र के ग्राम जशनपुर के पास आम के बाग में बनी एक झोपड़ी में आग लगने से एक अज्ञात व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कांट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।
स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार देर रात अचानक बाग में स्थित झोपड़ी से धुआं उठता देखा गया। लोग मौके पर पहुंचे तो झोपड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी। अंदर एक व्यक्ति का शव अधजली अवस्था में पड़ा मिला। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है।



थाना कांट पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया है। प्रारंभिक तौर पर मामला आग लगने का हादसा माना जा रहा है, लेकिन पुलिस साजिश या हत्या की आशंका से भी इंकार नहीं कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि शव की पहचान कराई जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अखिलेश यादव का Facebook Account बंद, सपा नेताओं में दिखा आक्रोश

फेसबुक ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आधिकारिक पेज को सस्पेंड कर दिया है. इस पेज पर 80 लाख से ज्यादा लोग जुड़े हैं. सपा नेता पूजा शुक्ला के बाद मेरठ की सरधना विधानसभा सीट से विधायक अतुल प्रधान ने सोशल मीडिया नाराजगी जाहिर की है.
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट बंद कर दिया गया है. सपा नेता पूजा शुक्ला ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है. सपा नेता पूजा शुक्ला ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'फेसबुक ने अपनी हदें पार कर दी हैं, उसने अखिलेश यादव के आधिकारिक पेज को बिना किसी चेतावनी या सूचना के निलंबित कर दिया है. यह कोई साधारण अकाउंट नहीं है, अखिलेश यादव लाखों लोगों की आवाज! हैं. फेसबुक को अपनी सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए, वह लोकतंत्र को दबा नहीं सकता. समाजवादियों, अब फेसबुक को होश में लाने का समय आ गया है! ऐसा अहंकार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.'

# पुवायां से बुकिंग लेकर गए कार चालक की रौजा मे हत्या, मिली लाश

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर। पुवायां से बुकिंग पर गाड़ी ले गए लोगों ने ड्राइवर की हत्या कर शव को रोजा मंडी समिति के सामने झाड़ियों में फेंक दिया। गुरुवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया और आरोपियों की गिरफ्तारी को तलाश शुरू कर दी। पुवायां के निगोही रोड के मोहल्ला तकिया के रहने वाले सूरज दीक्षित ने पुवायां कोतवाली में गुरुवार को तहरीर कर बताया कि उनके पिता अवनीश दीक्षित छह अक्तूबर की शाम को सातवां बुजुर्ग के रहने वाले रिंकू पांडे की कार बुकिंग पर लेकर गए थे। गाड़ी पुवायां थाना क्षेत्र के पटई गांव के गुरसेवक सिंह ने बुक कराई थी गुरुसेवक सिंह ने सितारगंज जाने के बारे में बताया था। वहीं सूरज ने बताया उसके पिता ने अगले दिन वापस आने की बात कही, लेकिन वह वापस नहीं आये। उनके पिता के साथ गाड़ी बुक करके ले गए गुरुसेवक सिंह का मोबाइल भी स्विच ऑफ जा रहा है। परिजन परेशान हुए और बेटे ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने अवनीश के गायब होने का मुकदमा दर्ज कर लिया। गुरुवार को रोजा पुलिस को देर शाम सूचना मिली कि मंडी समिति के सामने रेलवे के मैदान में बदबू आ रही है। जब लोग देखने गए, तो वहां शव पड़ा हुआ था। इसके बाद रोजा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। शव मिलने के बाद शिनाख्त का प्रयास किया गया तो पता चला पुवायां से बुकिंग पर गाड़ी लेकर गया एक ड्राइवर गायब है। बुकिंग कराने वाले का कनेक्शन रोजा से है। उसका भी शव हो सकता है। शक के आधार पर रोजा पुलिस ने पुवायां पुलिस से संपर्क किया, उनके परिजनों से संपर्क हुआ। परिजन मौके पर पहुंच गए। अवनीश के बेटे सूरज ने शव की पहचान अपने पिता के रूप में कर ली है। वहीं उसने गुरुसेवक सिंह पर पहले से ही अनहोनी की आशंका जताई थी। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि पुवायां थाने से गायब हुए ड्राइवर का शव रोजा मंडी के सामने रेलवे मैदान से मिला है। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। परिजनों ने शव की पहचान कर ली है। घटना की गंभीरता को देखते हुए दोनों थानों की पुलिस टीम संयुक्त जांच में जुटी है। पुलिस अब आरोपी गुरुसेवक सिंह और उसके संभावित सहयोगियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। आरोपियों की लोकेशन की जांच की जा रही है ताकि गिरफ्तारी हो सके। हत्या के पीछे का मकसद भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का भी विवरण जुटाना शुरू कर दिया है। वाहन का अब तक नहीं मिला सुराग अवनीश दीक्षित की हत्या के बाद अब तक गाड़ी का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस लगातार गाड़ी की तलाश में जुटी है, लेकिन आरोपी गुरुसेवक सिंह का मोबाइल बंद होने और गाड़ी के ट्रैक न होने से पता नहीं चल सका। पुलिस ने आसपास के सभी मार्गों और सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम वाहन की लोकेशन और संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है, ताकि गाड़ी और आरोपी दोनों की पहचान की जा सके। घटना से अवनीश दीक्षित के परिवार मे कोहराम मचा है।

# श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव जी की पुण्यतिथि पर चारों विधानसभा में श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**




सोनभद्र। समाजवादी पार्टी ने जनपद सोनभद्र की की चारों विधानसभा घोरावल, राबट्र्सगंज, ओबरा एवं दुद्धी में श्रद्धेय नेताजी के श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पुष्प अर्पित की गई। सपा जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रति संघर्ष के पर्याय गरीब किसानों की आवाज और करोड़ों दिलों के नेता श्रद्धेय नेताजी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन करते हुए कहा कि नेताजी हम समाजवादियों को सिखाया की राजनीति के जन सेवा का माध्यम है। संघर्ष से ही परिवर्तन आता है और समाजवादी विचारधारा की सच्चे अर्थों में न्याय समानता और भाईचारे की निव रखती है। नेताजी समाजवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक थे जिसमें समानता न्याय निरपेक्षता को विशेष महत्व था। उनकी विरासत हर उसे नौजवान के लिए प्रेरणा है जो अन्याय के खिलाफ बड़ा है । हर उसे किसानों के लिए प्रेरणा है जो अपने पसीने से देश को अन्नपूर्णा देता है । हर उस कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा है जो समाजवादी झंडा ऊंचा रखने का काम करता है श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि आज जब देश में नफरत और छल की राजनीति फैलाने की कोशिश हो रही है । तब नेताजी द्वारा दिखाया गया रास्ता और उनकी विचारधारा ही हमें एकता समानता और भाईचारे की ओर ले जा सकती है। श्रद्धेय नेताजी ने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ने का काम किया क्योंकि वह स्वयं भी किसान थे और किसानों का दर्द समझते थे । श्रद्धेय नेताजी के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने आज सड़क से सदन तक किसनो और हर गरीब व्यक्तियों की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं । श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा ने कहा कि हम सभी समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि श्रद्धैय नेता जी के आदर्शों पर चलते हुए समाजवादी पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और उनके सपनों को न्याय पूर्वक समता मूलक भारत बनाएं । श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी अनिल प्रधान पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव विजय यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव प्रदेश सचिव चौधरी यशवंत सिंह राम भरोसे सिंह पटेल वेदमणी शुक्ला अशोक पटेल सुरेश यादव डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल मन्नू पांडे विजय शंकर जायसवाल कुमारी मंदाकिनी पांडे कुमारी निधि पांडे गीता गौर सरदार पारब्रह्म सिंह दीनानाथ अग्रवाल शिवनारायण सिंह चौहान मिथिलेश पटेल सत्यम पांडे लाल बारात लालू भारती पीयूष लाल बहादुर पाल नंदलाल जुबेर आलम अविनाश यादव राजेश धीरज मोदनवाल पवन पटेल विष्णु कुशवाहा राम सिंह दयाराम मौर्य राकेश चौधरी राजनाथ सुभाष रामेश्वर भाई पटेल प्रदीप सर त्रिपाठी दीपक केसरी अशोक जायसवाल भीम सिंह सतीश लक्ष्मण विनय सरोज बुधीराम विकास केसरी गुलाम यासीन जय सिंह चौहान अंकित मिश्रा राधेश्याम लक्ष्मीकांत राम सजीवन गणेश सुनील गुलाब राजू प्रमोद अनस वारिस विमलेश पटेल कृपा शंकर चौहान सनी पटेल अशोक प्रमोद मिश्रा राधेश्याम अंकित सिंह अजय कुमार मंगल प्रसाद जायसवाल हरिशंकर विश्वकर्मा धर्मेंद्र परशुराम जिलाजीत कन्हैयालाल मानिकचंद दशरथ आनंद पटेल अमित सिंह इमरान सुशील राय के साथ सैकड़ो कार्यकताओं श्रद्धेय नेताजी को श्रद्धांजलि सभा दी।

# पुरानी रंजिश में लाठी डंडे से हुई मारपीट में आधा दर्जन व्यक्ति घायल

### चोपन पुलिस एनसीआरबी कायम कर, कर रही है जांच, पीड़िता ने लगायी है न्याय की गुहार

**दैनिक समाज जागरण**



गुरमा/सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा चौकी अंतर्गत मारकुंडी ग्राम पंचायत के गधियारी टोला में पुरानी रंजिश को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में लाठी डंडे से हुई मारपीट में एक ही परिवार के आधा दर्जन व्यक्तियों के घायल होने का समाचार प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी द्वारा चोपन थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। चोपन पुलिस ने मेडिकल मुआवना कराते हुए इस संबंध में महज चार व्यक्तियों के विरुद्ध एनसीआरबी कायम कर मामले की जांच कर रही है।

चोपन थाने में दिए गए तहरीर में भुक्तभोगी पीड़िता किसमतिया देवी पत्नी रामप्रवेश कुशवाहा ने बताया गया है कि पड़ोसी संजय, राजकुमार, देवराज पुत्रगण सुरेश कुशवाहा तथा सुरेश कुशवाहा पुत्र स्व. बिकाऊ, मंजू देवी पत्नी संजय पूनम पुत्री संजय, रंजीत पुत्र संजय कुशवाहा तथा ललिता देवी पत्नी राजकुमार कुशवाहा पुरानी रंजिश को लेकर एकजूट गोलबंद होकर घोर अपमान जनक अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी डंडा लेकर रात्रि प्रहर में दरवाजे पर चढ़ आये तथा लाठी डंडे से मारपीट कर आधा दर्जन व्यक्तियों को गंभीर रूप से घायल कर दिये। घायलों में रामप्रवेश कुशवाहा पुत्र स्व.बिकाऊ

कुशवाहा, पत्नी किसमतिया देवी, पुत्रियां अनीता, संगीता, सुनीता, पुष्पा, पुत्र लवकुश आदि को काफी चोटें आयीं है।भुक्तभोगी पीड़ित महिला किसमतिया देवी ने यह भी बताया है कि विपक्षी उपरोक्त लोग जानमाल आदि की भी खुलेआम धमकियां दे रहे हैं।प्रतिवादी काफी मनबढ़, सरहंग किस्म के दबंग व्यक्ति हैं जो कि कई बार मारपीट कर चुके हैं। इनके विरुद्ध कार्रवाई न होने से हौसले काफी बुलंद है तथा आए दिन मारपीट की घटना को अंजाम देते रहते हैं। इस संबंध में चोपन पुलिस ने घायलों का चिकित्सकीय मेडिकल मुआयना कराते हुए महज चार व्यक्तियों के विरुद्ध 115(2), 352,351(3) एनसीआरबी कायम कर मामले की जांच चौकी प्रभारी गुरमा योगेन्द्र पांडेय को सौंपा गया है। पीड़ित महिला ने आशंका जताई हैं कि प्रतिवादी कभी भी खून-खराबा करते हुए हत्या कर अथवा करवा सकते हैं। पीड़िता ने इस संबंध में न्यायोचित जांच करवाकर उचित कार्रवाई करवाई जाने की गुहार लगायी है।

# सलखन नया एमपैक्स नवगठित सदस्य समिति सदस्यों का हुआ सत्यापन

**दैनिक समाज जागरण**

गुरमा/सोनभद्र। सदर विकास खण्ड क्षेत्र के सलखन पंचायत भवन पर को नया एमपैक्स सलखन समिति गठित सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सत्यापन अधिकारी द्वारा सभी सदस्यों का प्रोफार्मा जांच उपरांत सही पाया



गया।शिकायतकर्ता द्वारा प्रार्थना पत्र का भी मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से मुख्य सहायक अभिलेख सहकारिता अधिकारी अखिलेश कुमार, वी एमपैक्स मारकुण्डी अध्यक्ष सत्यदेव पाण्डेय,मुख्य प्रवर्तक अरविंद सिंह गौड़,के उपस्थिति में सभी कार्य सम्पन्न हुआ। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, कमलाकांत दुबे,इन्द्रदेव पाण्डेय, राधे, रामपति, लखवंती देवी, तेजवंत पाण्डेय, प्रहलाद इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# ज़िविसेप्रा शिविरः बालिकाओं को कानूनी अधिकार, सुरक्षा हेतु किया जागरूक

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**



सोनभद्र। मिशन शक्ति 6 अभियान के तहत शुक्रवार को विमला इंटर कालेज राबर्ट्सगंज सोनभद्र में ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता और साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। डिप्टी चीफ एलएडीसी सत्या रमण त्रिपाठी एवं पैनल अधिवक्ता कंचन यादव ने उपस्थित 85 से अधिक छात्र छात्राओं को कानूनी सहायता टोल फ्री 15100 सहित महिला हेल्प लाइन नंबर 1090, आपात सुरक्षा सेवा 112 हेल्पलाइन समेत साईबर फ्राड 1930 आदि की जानकारी के साथ अनैतिक देह व्यापार, गर्भ परीक्षण व समापन अपराध, मानव तस्करी, कम उम्र में विवाह का दुष्प्रभाव, मातृत्व लाभ, घरेलू हिंसा से रोकथाम में सहायता आदि की जानकारी दी।

बताया कि रात्रि में महिलाओं की गिरफ्तारी और थाने पर हिरासत में रखना गैर कानूनी है, पुलिस को ऐसा करने का अधिकार नहीं है, महिलाओं/ बालिकाओं को आश्वस्त किया कि घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार के उत्पीड़न अत्याचार के प्रति शिकायत और न्याय हेतु उन्हें संवैधानिक अधिकार दिया गया है भले ही उत्पीड़न चाहे कार्यस्थल पर मानसिक हो या शारीरिक हो, यौन उत्पीड़न, पारिवारिक उत्पीड़न, सामाजिकशोषण, अन्याय, अत्याचार की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में न्याय की गुहार लगाकर निःशुल्क न्याय प्राप्त कर सकती है। यह आयोजन अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र/जनपद न्यायाधीश राम सुलीन सिंह के आदेशानुसार सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश शैलेंद्र यादव के निर्देशन में आयोजित किया गया। जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने दी।

# आदिवासी अधिकार मंच ने पंचायत चुनाव में सीटों के आवांटन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। सोनभद्र जिले में आगामी पंचायत चुनाव 2025-26 में प्रधान पद की सीटों के आवंटन में कथित भेदभाव को लेकर शिकायत दर्ज की गई है। आदिवासी अधिकार मंच के विधान सभा अध्यक्ष परसिंह नेताम् ० प्रतिनिधि मंडल ने खण्ड विकास अधिकारी, कोन, सोनभद्र के नाम ए डी ओ पंचायत कोन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए सीटों के न्यायपूर्ण आवंटन की मांग की गई है। आदिवासी अधिकार मंच के प्रतिनिधि मंडल में ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्ष 2015 और 2021 के पंचायत चुनावों में जनजाति वर्ग के लिए सीटों का आवंटन मनमाने ढंग से किया गया था। इसके परिणामस्वरूप, अधिक जनसंख्या वाले जनपदों में सीटों की संख्या कम कर दी गई, जबकि कम जनसंख्या वाले जनपदों में सीटें बढ़ा दी गईं। इसे संविधान और न्याय की मूल भावना के विपरीत बताया गया है। उदाहरण के तौर पर, वर्ष 2015 में सोनभद्र जनपद की कुल जनसंख्या 3,85,018 थी, जिसमें अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत 20.69 था। इसके बावजूद, 2015 में केवल 28 और 2021 में मात्र 30 सीटें ही आवंटित की गईं। जनसंख्या प्रतिशत के आधार पर सोनभद्र में 131 सीटें होनी चाहिए थीं। वहीं, जनपद देवरिया में अनुसूचित जनजाति की कुल जनसंख्या मात्र 1,09,894 (3.54 प्रतिशत) है। इसके बावजूद, देवरिया को वर्ष 2015 में 52 और 2021 में 53 सीटें आवंटित की गईं। यह असमान आवंटन प्रदेश के अन्य जनपदों में भी देखा गया है, जिसे सरासर अन्यायपूर्ण बताया गया है। अतः शिकायतकर्ता ने आगामी पंचायत चुनाव 2025-26 में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर अध्यक्ष तथा सदस्य पदों का निर्धारण करते समय अनुसूचित जनजाति वर्ग की वास्तविक जनसंख्या के बढ़ते क्रम के अनुसार सीटों का न्यायोचित आवंटन करने का निवेदन किया है। उन्होंने इस संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत कराने का भी आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से राजेंद्र गौड़, श्याम नारायण गौड़, रामचंद्र गौड़, हीरालाल गौड़, राम सेवक गौड़ शामिल रहे।

# अवई में चरवाहों का आतंक, खुलेआम चरा रहे किसानों की फसल

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**दैनिक समाज जागरण**

सलखन/सोनभद्र। गुरमा चौकी क्षेत्र के राजस्व ग्राम अवई में मारकुंडी के मनबढ़ व सरहंग किस्म के चरवाहे अपनी भैंस, मवेशियों से किसानों की काफी मेहनत से बोई गई अरहर की फसल खुलेआम चरा रहे हैं। किसानों के



विरोध करने पर मारपीट व दबंगई पर उतारू हो जाते हैं। मजबूरन किसानों को फसल के नाम पर लागत की भी भरपाई नहीं हो पाती है। दबदंग चरवाहों का यह कृत्य हर साल ऐसा ही रहता है। यदि इन पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा तो किसानों की हालत बद से बदतर होती चली जाएगी। मेहनत मजदूरी कर किसी तरह खेती होती है, जिसे दबंगों द्वारा अपने मवेशियों से चरा देना किसानों के साथ घोर अन्याय है। किसानों ने इस संबंध में प्रशासन से अभियान चलाकर संबंधित पशु पालकों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूर्ण गणवेश में, अनुशासित तरीके से किया पथ संचलन

### करमा के सिरसिया ठकुराई मंडल में हुआ आयोजन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवमयी शताब्दी वर्ष के अवसर करमा के सिरसिया ठुकराई मंडल में विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया और अनुशासित तरीके से पथ संचलन किया। पथ संचलन का उद्देश्य समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना है। पथ संचलन से पूर्व विभाग संपर्क प्रमुख बृजेश जी द्वारा एकत्रित स्वयं सेवकों को संघ की 100 वर्ष गौरव पूर्ण यात्रा पर पाथेय प्राप्त हुआ । बौद्धिक उद्बोधन मे विभाग संपर्क प्रमुख वृजेश सिंह ने संघ के स्थापना से लेकर अब तक संघ के गौरवमयी स्मृतियों पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा आज संघ शून्य से शिखर तक पहुँच चुका है आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था है।

यह वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष है और 2025 विजयादशमी से 2026 विजयादशमी तक संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम मनाएगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्य उद्देश्य हिंदू संस्कृति, एकता और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देना है। आज भी बहुत सारे संत महात्मा और संगठन राष्ट्र की धर्म संस्कृति की रक्षा करने के लिए तत्पर हैं संघ ने भी उसी क्रम में समाज की के पुनरुत्थान के लिए कार्य प्रारंभ किया। आरएसएस स्वयंसेवकों के माध्यम से सामाजिक सेवा, शिक्षा और चरित्र निर्माण पर जोर देता है। यह शाखाओं के जरिए शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन और बौद्धिक विकास के जरिए व्यक्ति निर्माण करता है। आज संघ के समाज जीवन से जुड़े अनेक संगठन है जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं और उनकी अपनी विशेष पहचान है सेवा के 1 लाख से अधिक प्रकल्प चलते हैं संघ का कार्य किसी के प्रतिक्रिया में या निषेधात्मक नहीं है यह धर्म की रक्षा करते हुए राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए एक सकारात्मक कार्य योजना लेकर चलने वाला संगठन है। अब तक के इतिहास में यह सिद्ध हुआ है कि कार्य इस दिशा में बहुत हुआ परंतु उन सब के लिए आभार व्यक्त करते हुए और उनसे प्रेरणा लेते हुए हमें यह शिक्षा लेनी है कि दीर्घकाल तक कार्य करने के लिए हमें अनुशासन और संगठन करना होगा तथा अपने हृदय में अक्षय ध्येय निष्ठा जागृत रखनी होगी तभी हमें सफलता मिलेगी और भारत माता विश्व गुरु के सिंहासन पर अधिष्ठित हो सकेंगी पथ संचलन का कार्यक्रम राज कॉन्वेंट स्कूल करमा से करमा बाजार भ्रमण करते हुए वापस राज कॉन्वेंट स्कूल पर पथयात्रा का विश्राम हुआ। सोनभद्र नगर प्रचारक हरेंद्र, खंड कार्यवाह कामेश, खंड संपर्क प्रमुख भूपेंद्र, खंड प्रचार प्रमुख संतोष, खंड सह कार्यवाह जितेंद्र, विचार परिवार से आशुतोष सिंह अंकुर, राजेश मिश्रा, राजेन्द्र त्रिपाठी, गोपाल सिंह वैद्य, वरुण त्रिपाठी, नीरज तिवारी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन - छात्राओं को महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन एवं साइबर जागरूकता की दी गई जानकारी

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**





सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में आज दिनांक 10.10.2025 को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, चुर्क, सोनभद्र में मिशन शक्ति के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए मिशन शक्ति अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं इसके तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ० चारु द्विवेदी द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे1090(महिला हेल्प लाइन), 181 (महिला सहायता), 112 (आपातकालीन सेवा), 1930 (साइबर हेल्पलाइन) आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं, निरीक्षक धीरेन्द्र चौधरी द्वारा साइबर अपराध से बचाव के उपायों, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने की सावधानियों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर एडीएम सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर, मेडिकल कॉलेज सोनभद्र के प्रिंसिपल, उ0प्र0 उद्योग

मंडल के जिलाध्यक्ष, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर, डीपीआरओ सोनभद्र, हरसेवानन्द स्कूल के प्रिंसिपल, महिला थानाध्यक्ष, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मिशन शक्ति के अंतर्गत इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं छात्राओं में आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों व साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जिला कारागार में महिला बन्दियों को किया गया जागरूक

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 10.10.2025 को क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारु द्विवेदी द्वारा मिशन शक्ति टीम के साथ जिला कारागार गुरमा का भ्रमण किया गया। इस दौरान कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों को मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिला सुरक्षा, स्वावलम्बन एवं अधिकारों से सम्बन्धित जानकारी साझा की गई। साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076 आदि की जानकारी दी गई और मिशन शक्ति से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ना तथा समाज में पुनः सशक्त रूप से स्थापित होने के लिए प्रेरित करना रहा।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत वृद्ध महिलाओं को किया गया जागरूक

### जॉइंट मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी यातायात ने वृद्धाश्रम पहुंचकर साझा कीं उपयोगी जानकारियाँ

**समाज जागरण**

सोनभद्र। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत दिनांक 09.10.2025 को जॉइंट मजिस्ट्रेट सोनभद्र एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारु द्विवेदी द्वारा रॉबर्ट्सगंज स्थित वृद्धाश्रम में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वृद्ध महिलाओं को प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 1076, 1098 आदि) तथा मिशन शक्ति केंद्र के कार्य एवं सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य हर महिला को सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है, तथा किसी भी आपात स्थिति में वे बेझिझक पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन से तत्काल संपर्क कर सकती हैं। क्षेत्राधिकारी महोदया एवं जॉइंट मजिस्ट्रेट द्वारा वृद्धाश्रम में निवास कर रही महिलाओं की समस्याएं सुनी गईं और उनके निवारण हेतु आवश्यक आश्वासन एवं निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही वृद्ध महिलाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार, नियमित संवाद एवं देखभाल को समाज की साझा जिम्मेदारी बताया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं प्रशासन के अधिकारीगण, मिशन शक्ति टीम के सदस्य तथा वृद्धाश्रम की प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हर घर, नल से जल कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 2.42 करोड़ परिवारों को मिल रहा है स्वच्छ पेयजल

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रदेश में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु केन्द्र सहायतित जल जीवन मिशन कार्यक्रम का संचालन केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 50:50 प्रतिशत वित्त पोषण के आधार पर किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत श्हर घर को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में कुल 267.21 लाख घरों को पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित किये जाने के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 242 लाख परिवारों को नल से जल की आपूर्ति की जा रही है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के विन्ध्य एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 09 जनपदों (फेज-01) में विभिन्न ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से कुल 20,98,899 परिवारों के सापेक्ष अब तक 20,63,133 परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।` प्रदेश के अन्य 66 जनपदों में भी जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से कुल 2,46.22,842 घरों के सापेक्ष अब तक 2,21,222,51 परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया गया है। इस प्रकार प्रदेश के कुल 2,67,21,741 परिवारों के सापेक्ष अब तक 2,41,85,384 से अधिक परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किये गए है। प्रदेश के सभी 97073 ग्रामों में ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से शुद्ध, सतत एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से परियोजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। अब तक प्रदेश के 50,982 ग्रामों में शत-प्रतिशत घरों को क्रियाशील गृह नल संयोजन उपलब्ध कराया गया है, जिनमें से 26,085 से अधिक ग्रामों को ग्राम पंचायत द्वारा हर घर जल प्रमाणित किया जा चुका है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत परियोजनाओं के निर्माण में लगभग 5.63 लाख कि0मी0 से अधिक जल वितरण प्रणाली बिछायी जा रही है, जिसके सापेक्ष अब तक 05 लाख 17 हजार कि0मी0 जल वितरण प्रणाली बिछायी जा चुकी है। प्रदेश में जल वितरण प्रणाली बिछाये जाने के दौरान विभिन्न प्रकार के लगभग 01 लाख 97 हजार कि0मी0 रोड डिस्मैटल किये गये है, जिसके सापेक्ष अब तक 1 लाख` 90 हजार कि0मी0 डिस्मैटल रोड को रिस्टोर कराया गया है। प्रदेश में 33,229 (80 प्रतिशत) योजनाये ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनायें सौर ऊर्जा आधारित बनाई गयी है, जिनपर 900 मेगावॉट के सोलर पैनल अधिस्थापित किये गए है। सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के निर्माण के कारण परियोजनायें दीर्घकालिक रूप से स्थाई होगी तथा परियोजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण मितव्ययी होगा। साथ ही लगभग 13 लाख मेट्रिक टन कार्बन डाईआक्साइड का उत्सृजन प्रतिवर्ष कम होगा जो पर्यावरण के संतुलन हेतु लाभदायी होगा। प्रदेश में ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं के दीर्घकालिक स्थायित्व, नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत प्रदेश में नयी संचालन एवं अनुरक्षण नीति 2024 निर्गत की गयी है। जल आपूर्ति के लिए प्रदेश के सरकारी फ्रंटलाइन कार्यकताओं के प्रशिक्षण के अंतर्गत 28,606 ए०एन0एम0, 60,102 आशा कार्यकर्ती, 1,10,949 आंगनवाडी कार्यकर्ती, 1,10,453 स्कूल अध्यापक तथा 1,66,504 एस०एच०जी० मेम्बर्स सब मिलाकर 4,76,614 सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया गया।` दिनांक 26 जनवरी, 2025 को देवरिया, रायबरेली, गोरखपुर, मिजार्पुर एवं बुलन्दशहर जनपदों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल समिति के सरपंचों को गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के अवसर पर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित कर मा० मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। दिनांक 20 जून से 31 जुलाई, 2025 तक ैजवच क्पंततीमं ब्ंउचंपहद-2025 के तहत, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सभी जनपदों में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यान्वयन सहायता एजेंसियों के माध्यम से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनांक 29 अगस्त से 31 अगस्त, 2025 के दौरान, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, भारत सरकार द्वारा चलाए गए अभियान ह्यहर गली हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान के अंतर्गत, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशनं द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों की कार्यान्वयन सहायता एजेंसियों के माध्यम से सभी जनपदों ने खेलों के साथ स्वच्छता को जोड़ते हुए ग्राम, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न आयोजन किया गया। प्रदेश में अब तक जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1,16,340 स्कूलों एवं 1,55,136 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पाइप पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई गयी है।

जल की गुणवत्ता के परीक्षण हेतु 05 लाख से अधिक ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य किये जाने के फलस्वरूप 05वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में उत्तर प्रदेश को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इंटरनेशल ट्रेड शो में देश और दुनिया से आये लोगों को जल जीवन मिशन की जानकारी और जल संरक्षण की सीख देने के लिये बनाये गये हर घर जल गांव मॉडल को ट्रेड शो के बेस्ट डिस्पले अवॉर्ड से नवाजा गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत परियोजनाओं हेतु धनराशि रु० 16000.00 करोड़, संचालन एवं अनुरक्षण के अन्तर्गत रु० 3000.00 करोड़ एवं सम्बन्धित परियोजनाओं में अन्तः ग्राम अवसंरचनाओं के निर्माण लागत के सापेक्ष बांछित सामुदायिक अंशदान की धनराशि रू04500.00 करोड़ का बजट प्राविधान किया गया है। राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजनाओ को पूर्ण किये जाने हेतु वितीय वर्ष 2025-26 में धनराशि 10.00 करोड़ बजट प्राविधान किया गया है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदेश सरकार लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा रही है।

# कन्नौज: क्षेत्रीय गर्जना सम्मेलन 15 को, तैयारियों के लिए हुई समीक्षा बैठक

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जातिगत जनगणना धन्यवाद मोदी जी का क्षेत्रीय गर्जना सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉक्टर के0 लक्ष्मण का प्रस्तावित कार्यक्रम 15 अक्टूबर को समय 11:00 बजे मेडिकल कॉलेज तिर्वा के ऑडिटोरियम में संपन्न होना सुनिश्चित हुआ है। जिसकी तैयारी बैठक पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष वर्मा की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय कन्नौज में संपन्न हुई जिसमें अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा मनोज राजपूत एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राम प्रसाद कनौजिया जिला अध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया जिला महामंत्री भाजपा शैलेंद्र द्विवेदी क्षेत्रीय मंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा नंदलाल बाथम सहित कार्यकताओं ने सम्मेलन की योजना बनाई जिसका संचालन क्षेत्रीय महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनय वर्मा ने किया जिसमें जीतू प्रजापति जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा, मनोज बाथम जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा शिवानंद वर्मा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुमित सक्सेना जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ऋषि राजपूत जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा आशीष सविता जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा अतुल जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा उपस्थित रहे।

# कन्नौज: निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित हो वादों का निस्तारण: डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कर करेक्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सितंबर माह 2025 तक की राजस्व वसूली की प्रगति, विभागवार उपलब्धियों एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।उन्होंने कहा कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सितंबर माह में कुल 10,293.20 लाख कर वसूली के लक्ष्य के सापेक्ष 8,294.07 लाख की प्राप्ति हुई है, जो कि 80.55 प्रतिशत है। जिसमें वाणिज्य कर विभाग की प्राप्ति 51.34%, स्टाम्प एवं पंजीयन की 86.04%,विद्युत देयों की 67.91%,वानिकी की 53%,खनन की 18.99%, तथा परिवहन विभाग की 78.73% आदि कम वसूली वाले विभागों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सुधार हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवहन अधिकारी नियमित रूप से वाहनों की जांच कर राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करें, खनन अधिकारी अवैध खनन एवं परिवहन पर विशेष निगरानी रखें, तथा विद्युत विभाग राजस्व वसूली हेतु कैंप आयोजित कर लक्षित वसूली सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी वाद आरसीसीएमएस पोर्टल पर समय से दर्ज किए जाएं तथा निस्तारण की स्थिति अद्यतन रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी कार्ययोजना स्पष्ट एवं परिणामोन्मुख बनाएं तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यवाही करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसील स्तरीय राजस्व अधिकारियों को लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से समय-सीमा से बंधे वादों का निस्तारण शीघ्रता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने धारा 24, 34, 35/39, 47, 67 एवं 115 के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन तहसीलों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि वादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से न केवल जनविश्वास में वृद्धि होती है, बल्कि प्रशासन की कार्यकुशलता भी प्रदर्शित होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या शिथिलता पाई जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, उप जिलाधिकारी तिर्वा, तीनो उप जिलाधिकारी न्यायिक एवं छिबरामऊ, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्नौज :औद्योगिक गलियारा परियोजना के भूमि विनिमय को आयुक्त कानपुर की मंजूरी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जनपद कन्नौज में प्रस्तावित औद्योगिक गलियारा परियोजना के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आयुक्त, कानपुर मण्डल के. विजयेंद्र पांडियन ने ग्राम अलीपुर अहाना, तहसील तिर्वा की सार्वजनिक प्रयोजन हेतु सुरक्षित श्रेणी (धारा-77) की भूमि को ग्राम जनखत, तहसील तिर्वा की सामान्य श्रेणी (धारा-59) की भूमि से विनिमय की स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा संचालित औद्योगिक गलियारा परियोजना के लिए भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर यह विनिमय अनुमोदन हेतु अग्रसारित किया गया था। प्रस्ताव के अनुसार, ग्राम अलीपुर अहाना की धारा-77 के अंतर्गत आरक्षित भूमि (102 गाटे, रकबा 23.1130 हे.) को ग्राम जनखत की धारा-59 के अंतर्गत सामान्य भूमि (102 गाटे, रकबा 23.1100 हे.) से विनिमय किया गया है। आयुक्त, कानपुर मण्डल ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-77 के अंतर्गत प्रतिनिहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त भूमि को लोक उपयोगिता एवं औद्योगिक प्रयोजन हेतु उपयुक्त पाया। तदनुसार, विनिमय को अनुमोदन प्रदान कर भूमि को राजस्व अभिलेखों में अंकित कराये जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### औद्योगिक विकास के नए युग की ओर कन्नौज का कदम

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि औद्योगिक गलियारा परियोजना जनपद के औद्योगिक विकास की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गलियारा विकसित किए जाने हेतु तहसील तिर्वा के ग्राम अलीपुर अहाना को चिन्हित किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 111.2450 हेक्टेयर भूमि क्रय किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से अब तक 638 भू-स्वामियों से 62.25 हेक्टेयर भूमि सफलतापूर्वक क्रय की जा चुकी है। इस भूमि के एवज में 46 करोड़ 60 लाख 10 हजार 158 रुपये का मुआवजा भुगतान किया जा चुका है। शेष भूमि क्रय की प्रक्रिया तीव्र गति से प्रगति पर है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक भू-स्वामी से संवाद स्थापित कर पारदर्शी एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि परियोजना के कार्य में किसी प्रकार का विलम्ब न हो।

### स्थानीय रोजगार और औद्योगिक समृद्धि को मिलेगी नई गति

जिलाधिकारी ने कहा कि यह परियोजना न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगी, बल्कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (MSME) को भी गति देगी। इसके साथ ही जनपद में सड़क, विद्युत, जलापूर्ति, और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा परियोजना की प्रत्येक गतिविधि की सतत निगरानी की जा रही है ताकि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हों और कन्नौज का औद्योगिक भविष्य उज्ज्वल एवं सशक्त बने।

# कन्नौज: एसपी ने पुलिस लाइन में किया लाइब्रेरी का लोकार्पण

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। आज पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन कन्नौज में लाइब्रेरी का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस लाइब्रेरी की स्थापना का उद्देश्य पुलिस कर्मियों में अध्ययन की आदत विकसित करना, उनके ज्ञान व व्यवहारिक दक्षता में वृद्धि करना तथा उन्हें विभिन्न विषयों की जानकारी उपलब्ध कराना है। लाइब्रेरी में कानून, अपराध अन्वेषण, साइबर क्राइम, मनोविज्ञान, सामान्य ज्ञान व अन्य प्रेरणादायक पुस्तकों का संग्रह किया गया है, जिससे पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के साथ-साथ आत्मविकास का भी अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तिर्वा/लाइन कुलवीर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह व पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घायल युवक की इलाज दौरान अस्पताल में मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गांव महरहा में सोमवार को युवक श्रीकृष्ण तिवारी उम्र 35 पुत्र कामता प्रसाद तिवारी गांव किनारे बने पंचायत भवन के पास घायल अवस्था में पड़ा मिला था। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे कानपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर बुधवार रात को इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। गांव शव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता कामता प्रसाद तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बेटे को मार डालने की आशंका जताई है। मृतक के एक पुत्र छोटू 2 वर्ष है। मां मुन्नी देवी रो-रोकर बेहाल हो गई। मृतक दो भाइयों में छोटा था। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिली है जांच की जाएगी।

# कन्नौज: स्व. मुलायम सिंह की तीसरी पुण्य तिथि पर सपाइयों ने हवन पूजन कर दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्मविभूषण मुलायम सिंह यादव की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम हवन पूजन के साथ हुई जिसके बाद नेताओं नें नेता जी मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेता जी के जीवन और उनके संस्मरण पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया।

सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान एवं पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव नें कहा कि नेता जी का व्यक्तित्व बहुत विशाल है उन्होंने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। सैफई जैसे छोटे से गाँव से निकलकर देश और प्रदेश की राजनीति में शीर्ष पर पहुँचकर मजदूर, किसान, नौजवान, एवं महिलाओं आदि को हक अधिकार एवं सम्मान दिलाने के लिए अनेकों काम किये। एक तरफ मण्डल आंदोलन में सकारात्मक भागीदारी दिखाकर पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाना हो, चाहे भाजपा के रथ को रोककर उत्तर प्रदेश से भाजपा के सांप्रदायिक राजनीति को खत्म करना हो। चाहे रक्षा मंत्री रहते हुए शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुँचाकर राजकीय सम्मान के साथ उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था करना हो, चाहे अपने समर्थन की सरकार के खिलाफ जाकर महिला आरक्षण बिल में पिछड़े एवं दलित वर्ग की महिलाओं को आरक्षण देने की मुखर वकालत करना हो नेताजी नें अपने जीवनकाल ऐसे अनेकों फैसले लेकर वंचित शोषित वर्ग के जीवन को सुगम बनाने का कार्य किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी एवं सपा नेता मनोज दीक्षित और पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे ने कहा नेता जी एक सर्वसमावेशी व्यक्तित्व के व्यक्ति थे उन्होने अपने कार्यकाल में समाज के सभी वर्गों को सम्मान और आगे बढ़ने के सभी को समान अवसर प्रदान कर सही मायने में समजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम किया। नेता जी के आवास और कार्यालय के दरवाजे अपने कार्यकत्ताओं एवं जनता के लिए 24 घंटे खुले रहते थे एवं कार्यकत्ताओं के सुख दुःख में नेता जी एक परिवार के अभिवावक के रूप में उसके साथ खड़े रहते थे।

हम कन्नौज के लोग तो विशेष सौभाग्यशाली हैं की हम सबको नेता जी का नेतृत्व मिला। उनके नेतृत्व में कन्नौज में तमाम विकास के कार्य तो हुए ही, साथ ही नेता जी नें कन्नौज का नाम देश और प्रदेश की राजनीति में शीर्ष पर पहुंचने का काम किया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष पी पी सिंह एवं यश कुमार दोहरे और सपा नेता अनिल पाल और सपा नेता कुक्कू चौहान ने कहा आज नेता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हम सभी समाजवादी साथी नेता जी के मिशन को अखिलेश यादव के नेतृत्व में आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, एवं प्रदेश सचिव आकाश शाक्य,जिला महासचिव रामसेवक राजपूत, मुख्य जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, रामशंकर लोधी, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव ने कहा नेता

जी विचारधारा और नीतियों को बूथ स्तर तक ले जायेंगे और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में कन्नौन सांसद श्री अखिलेश यादव जी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए हम सभी जनपद की तीनों विधानसभा जीतने के लिए जनता को धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव की विचार धारा और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने के लिए संकल्प लेते हैं।

सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, रजनीकांत यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख सपा नेता विवेक पाल, योगेश शर्मा जिलाध्यक्ष छात्रसभा,गणेश द्विवेदी, राकेश कठेरिया,राजेश पाल, सेक्टर प्रभारी नितिन यादव,बंटी शर्मा,संतोष यादव,सुनील दिवाकर,रवि यादव, बजरंग सिंह चौहान,मुकुट सिंह यादव, रामशंकर प्रधान,शिब्बू तिवारी, राकेश कटियार, रवि चौबे, विजय वर्मा,अरुण यादव,आशीष यादव, तुफैल अहमद,गौरव वर्मा, ऋषभ गुप्ता, आशीष मिश्रा, चन्दन अग्निहोत्री, कामरान खान, जीशान वारसी, यशवीर सिंह भदौरिया,सुधीर कश्यप,अर्चना मिश्रा,अनिरुद्ध यादव, शशिमा सिंह,हिमांशु दोहरे,अलकेश यादव,सनोज यादव ,भोला यादव, मुजम्मिल खान, अमित यादव, सहित अन्य मौजूद रहे।

# कन्नौज : स्नातक एवं शिक्षक एम.एल.सी. मतदाता सूची 30 सितंबर से पुनरीक्षित होनी शुरू

## 06 नवम्बर 2025 तक चलेगा पंजीकरण अभियान

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि जनपद में स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र (एम.एल.सी.) की मतदाता सूची बनाए जाने का कार्य 30 सितंबर 2025 से प्रारंभ हो चुका है। यह कार्य 06 नवम्बर 2025 तक संचालित किया जाएगा। अब तक स्नातक मतदाता के लिए 60 आवेदन पत्र वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से 21 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जबकि शिक्षक वर्ग से अभी तक कोई आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु पात्र व्यक्ति स्नातक के लिए प्रारूप-18 एवं शिक्षक के लिए प्रारूप-19 में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विकास खण्ड कन्नौज, तालग्राम, जलालाबाद, छिबरामऊ, सौरिख, हसेरन, उमर्दा तथा नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, नगर पंचायत छिबरामऊ, सौरिख, तिवार्गंज एवं तहसील कन्नौज से आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा किए जा सकते हैं, इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन आवेदन के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट http://ceouttarpradesh.nic.in पर जाकर Online Registration for Graduate and Teacher Constituency विकल्प के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि स्नातक मतदाताओं के लिए आवेदक निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी होना चाहिए। आवेदक 01 नवम्बर 2025 से कम से कम तीन वर्ष पूर्व किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का स्नातक अथवा समकक्ष अर्हता प्राप्त कर चुका हो। तीन वर्ष की गणना उस तिथि से की जाएगी जब विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया हो।

इसी प्रकार शिक्षक मतदाताओं के लिए आवेदक निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी होना चाहिए। 01 नवम्बर 2025 से पूर्व के छह वर्षों में से कम से कम तीन वर्ष तक शिक्षण कार्य में संलग्न रहा हो। शिक्षण संस्थान का स्तर माध्यमिक विद्यालय से कम नहीं होना चाहिए। शिक्षक नियमित या तदर्थ रूप से पूर्णकालिक रूप में कार्यरत रहा हो। सहायक न प्राप्त निजी विद्यालयों के पात्र शिक्षक भी आवेदन कर सकते हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा जारी प्रमाण-पत्र को मान्य दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक योग्य स्नातक एवं शिक्षक वर्ग अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें।

# कन्नौज: एफएसडीए टीम ने भरे खाद्य पदार्थों के 6 नमूने, 230 किलो खाद्य तेल सीज

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। जिला अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में जनपद में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज आदि पर्व के दृष्टिगत खोया, पनीर, दूध, घी, मिठाईयां, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल, वनस्पति, रंगीन मीठे खिलौने एवं अन्य खाद्य तथा पेय पदार्थों में मिलावट की रोकथाम तथा मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के निर्माण, वितरण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अनिल कुमार राठौर एवं अरविंद कुमार साहू के छापामार दल द्वारा तिर्वा सदर तहसील क्षेत्र एवं तिर्वा तहसील क्षेत्र में एवं छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में विभिन्न बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए, सहज डेरी के पास, तिर्वा रोड, टिड़ियापुर पर वाहन संख्या यूपी 74 एटी 4582 से विक्रय हेतु लेकर जाते हुए, योगेंद्र कुमार निवासी बेहरीन से मिश्रित दूध के दो नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। तिर्वा रोड, कन्नौज स्थित कुशवाहा किराना स्टोर से खुले सरसों के खाद्य तेल का एक नमूना संग्रहित करते हुए, आठ कनस्तरों में लगभग 230 किलो खुला सरसों का खाद्य तेल सीज कर दिया गया, जिसकी अनुमानित बाजारी मूल्य लगभग 35000/- है, साथ ही शानू ट्रेडर्स, मछली मंडी, कन्नौज द्वारा आशीर्वाद कोल्ड स्टोरेज के पास, तिर्वा रोड पर वाहन संख्या यूपी 74 टी 7527 से विक्रय हेतु लेकर जाते हुए ओला नमकीन एवं खजाना नमकीन के दो नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। इसी क्रम में आशीर्वाद कोल्ड स्टोरेज के पास, तिर्वा रोड, कन्नौज से नंदलाल पुत्र श्री कालिका प्रसाद के मिठाई विक्रय प्रतिष्ठान से बेसन के लड्डू का एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। आज संग्रहित उपरोक्त सभी 06 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत तद्नुसार अग्रिम कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस अभियान के दौरान कार्रवाई से संबंधित सभी बाजारों में खाद्य कारोबार कताओं सहित आम जन को रंगीन, मिलावटी तथा दूषित खाद पदार्थ में मिलावट के संबंध में स्थलीय परीक्षण की विधियों की जानकारी देते हुए, खाद्य पदार्थों के उपभोग के संबंध में जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया है कि जनपद में आमजन को गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से, जिलाधिकारी के निर्देशानुसार यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा।

# कन्नौज: मिशन शक्ति: दसवीं की छात्रा अंशिका बनी सांकेतिक एसडीएम सदर

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा व स्वाबलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद कन्नौज मायादेवी इंटर कॉलेज, कन्नौज की 11वी की छात्रा अंशिका कटियार को एक दिन का सांकेतिक उप जिलाधिकारी सदर बनाया गया। एक दिन की सांकेतिक उप जिलाधिकारी बनी छात्रा अंशिका कटियार ने जनता दर्शन के दौरान आए हुए फरियादियों की समस्याओं को हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

छात्रा ने कहा वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं और मेरा प्रयास भी रहेगा कि सफल होकर मैं भी अधिकारी बनू और जरूरतमंद लोगो की सेवा कर सकूं।

उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री वैशाली ने छात्रा अंशिका कटियार को बधाई देते हुए उनके उज्जव भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राआ/बालिकाओं में अपने जीवन में ऊंची उड़ान भरने के लिए सकारात्मक सोच विकसित करना है, जिससे वह समाज में एक सशक्त नारी शक्ति बनकर समाज के साथ समान हिस्सेदारी से मिलकर विकसित समाज के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाती हैं।

इस दौरान मिशन शक्ति के अंतर्गत तहसील सदर कन्नौज में एक दिन के लिए उपजिलाधिकारी बनी सुश्री अंशिका कटियार ने महिलाओं को घरौनी वितरण की तथा महिला कोटेदारों को ई केवाईसी कराने हेतु राशन कार्ड धारकों को प्रोत्साहन करने पर प्रशस्ति पत्र वितरण किया।

# कन्नौज : यू०पी० इंटरनेशनल ट्रेड शो स्वदेशी मेले में प्रतिदिन होंगे आकर्षक कार्यक्रम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जनपद कन्नौज में यू०पी० इंटरनेशनल ट्रेड शोझ2025 (स्वदेशी मेला) का भव्य आयोजन दिनांक 09 से 18 अक्टूबर 2025 तक के०के० इंटर कॉलेज खेल मैदान (बोर्डिंग ग्राउण्ड) में किया जा रहा है।

यह मेला ह्ववोकल फॉर लोकलह्व के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के साथ-साथ ग्रामीण, महिला एवं कुटीर उद्योगों को सशक्त बनाने का उद्देश्य है। मेले में हस्तशिल्प, हैंडलूम, सुगंध, खाद्य उत्पाद, गृह सज्जा सामग्री, आयुर्वेदिक वस्तुएँ एवं अन्य स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिनकी बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है।

मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक, मनोरंजक एवं जनजागरण आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जा सके और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन मिले।

इसी क्रम में दिनांक 11 अक्टूबर 2025 (शनिवार) को सायं 5:30 बजे सांस्कृतिक विभाग द्वारा ह्वम्यूज़िक ग्रुपह्व के माध्यम से लोक गायन एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की जाएगी। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन दें तथा प्रदेश की संस्कृति और परंपरा को आत्मसात करे।

# कन्नौज: डीएम ने दिए दीपावली से पूर्व खाद्यान्न वितरण के निर्देश

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना-2013 एवं सिंगल स्टेज की पूर्ति निरीक्षक/विपणन निरीक्षक/बाट-माप अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेंहू व 16 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल एवं 5 किग्रा0 मक्का (उपलब्धता के अनुसार) कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति कार्ड धारको को निःशुल्क वितरण किया जायेगा। इसी प्रकार पात्र ग्रहस्थी कार्डधारकों को 2 किग्रा0 गेंहू व 2 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल एवं 1 किग्रा0 मक्का प्रति यूनिट (उपलब्धता के अनुसार) कुल 5 किग्रा0 निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जायेगा।

उन्होनें कहा कि खाद्यान्न वितरण शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से दीपावली से पहले हो जाना चाहिए। कहा कि एलपीजी वाहनों में घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग करते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराते हुये कठोर कार्यवाही की जाये। घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग करने वालो के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मक्का खरीद हेतु 9 केन्द्र एवं बाजरा खरीद हेतु 9 केन्द्र संचालित हैं। अभी तक मक्का बिक्री हेतु 26 किसानों द्वारा तथा बाजरा बिक्री हेतु 12 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया। मक्का खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400/- रुपए एवं बाजरा खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775/- रुपए निर्धारित हैं। मक्का एवं बाजरा खरीद की शून्य प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि केन्द्र प्रभारी किसानों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति पूर्ण करें।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि जनपद में 21 धान खरीद केन्द्र बनाये गये हैं। धान की खरीद 1 नवम्बर 2025 से प्रारम्भ हो जायेगी। धान खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369/- रुपए कामन एवं 2389/- रुपए ग्रेड ए निर्धारित हैं। उन्होनें निर्देश दिये कि धान खरीद से संबंधित समस्त प्रकार की तैयारियां अभी से पूर्ण कर ली जाये। उन्होनें कहा कि समस्त उपजिलाधिकारी पंजीकरण सत्यापन की कार्यवाही यथासमय पूर्ण करें।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्रा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्नौज: दीपावली पर्व पर जगमगाएगा कन्नौज

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद के सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में आकर्षक रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर नगर निकायों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण के माध्यम से नागरिकों को बेहतर वातावरण प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता में है। दीपावली पर्व के अवसर पर नगरों की सड़कों, प्रमुख बाजारों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा सार्वजनिक स्थलों को उज्ज्वल एवं आकर्षक बनाने के लिए अतिरिक्त एलईडी एवं स्पाइरल लाइटें लगाई जा रही हैं।

नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत में पूर्व से लगी एलईडी लाइटें क्रमशः कन्नौज में 6050, छिबरामऊ में1946, गुरसहायगंज 3000, सौरिख120, समधन 280, तालग्राम 400, सिकन्दरपुर 246 व तिर्वा 796 हैं तथा पूर्व से लगी स्पाइरल लाइटों की संख्या क्रमशः कन्नौज में 149, छिबरामऊ में 80, सौरिख में 25 व समधन में 31 हैं।

दीपावली के दृष्टिगत लगाई जाने वाली एलईडी लाइटें क्रमशः कन्नौज में 70, छिबरामऊ में 16, गुरसहायगंज में 10, सौरिख में 25, समधन में 16, तालग्राम में 10, सिकंदरपुर में 10 व तिर्वा में 140 हैं। इसी प्रकार स्पाइरल लाइट कन्नौज में 50, छिबरामऊ में 05, गुरसहायगंज में 10, सौरिख में 05 व समधन में 04 लगाने की तैयारी की जा रही है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्त लाइटें दीपावली पर्व से पूर्व सुचारू रूप से कार्यरत स्थिति में होनी चाहिए।

# लगातार बारिश से फसलें चौपट, किसान हुए हताश

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमाः इस वर्ष हुई लगातार बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। पहले खरीफ फसलों की बुवाई का मौका नहीं मिला, और अब रबी फसलों के लिए भी किसानों को अवसर नहीं मिल पाया। कुछ किसानों ने जोखिम उठाकर बोआई की, परंतु बार-बार हुई बारिश ने फसल को उगने से पहले ही खेत में सड़ा डाला। जहाँ बीते वर्षों में किसान सितंबर माह के अंत तक आलू, मटर जैसी रबी फसलों की बोआई कर लिया करते थे, वहीं इस वर्ष अक्टूबर की शुरूआत तक हुई







निरंतर बारिश ने फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। इससे किसानों के हौसले भी टूट गए हैं। पदमा प्रखंड के सिमरकुरहा निवासी युवा किसान नरेश यादव मायूस होकर बताते हैं, इस साल मैंने करैला, बोदी एवं अन्य फसलें ऋण लेकर लगाई थीं, लेकिन बारिश के कारण सारी फसल खेत में ही नष्ट हो गई। इससे मुझे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

नरेश यादव जैसे कई किसान हैं जिनकी मेहनत इस वर्ष की अप्रत्याशित बारिश ने चौपट कर दी है। किसानों की कमर टूट चुकी है और वे अब सरकार से मुआवजा या राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# कटकमसाड़ी स्टेडियम में होगा खतियानी फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

**मुख्य अतिथि होंगे डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो, विशिष्ट अतिथि विधानसभा प्रत्याशी उदय मेहता**

**भाजपा के गढ़ में गरजेंगे, डुमरी विधायक टायगर जयराम महतो**

**अरविंद कुमार यादव सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

कटकमसाड़ी प्रखंड क्षेत्र के कटकमसाड़ी स्टेडियम में आगामी 12 अक्टूबर 2025 को खतियानी फुटबॉल टूनामेंट का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों और आसपास के इलाकों की टीमें हिस्सा लेंगी। टूनामेंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफॉर्म प्रदान करना है, ताकि वे अपने खेल कौशल को आगे बढ़ा सकें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो शामिल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा प्रत्याशी उदय मेहता मौजूद रहेंगे। आयोजक मंडल की ओर से बताया गया कि टूनामेंट में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क ₹1500 रखा गया है। आयोजन समिति ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के जितने भी वरिष्ठ एवं पुराने खिलाड़ी रहे हैं, उन्हें इस अवसर पर सम्मानित भी किया जाएगा।खतियानी फुटबॉल टूनामेंट के संरक्षक संतोष कुमार महतो ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि युवा खिलाड़ियों में खेल भावना और एकता का संचार करना है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को जिला और राज्य स्तर तक पहुँचने का अवसर मिल सकेगा। टूनामेंट को सफल बनाने के लिए स्थानीय युवाओं और समाजसेवियों की टीम दिन-रात जुटी हुई है। आयोजन समिति में सजान सिंह, राजू यादव, पंकज कुमार पटेल, गौतम शर्मा, संजीत महतो, संदीप भोक्ता, पप्पू कुमार, चंदू यादव और अंतिम रजक की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। संतोष कुमार महतो, और ने बताया कि टूनामेंट के दौरान खिलाड़ियों की सुरक्षा, जलपान एवं चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों खेलप्रेमी और ग्रामीणों के शामिल होने की उम्मीद है।

# राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक 12 अक्टूबर को रुक्मणी भवन में किया जाएगा।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**




बड़कागांवः राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ हजारीबाग जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड में पिछड़ा समुदाय को आजादी के बाद हमेशा प्रताड़ित किया जा रहा है। श्री साव ने कहा कि बड़कागांव रुक्मणी भवन में 12 अक्टूबर को आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसके मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील साहू होगें और विशिष्ट अतिथि हजारीबाग जिला अध्यक्ष श्री हीरामन यादव उर्फ चरका यादव होंगे जिसमें संगठन पर विशेष जोर दिया जाएगा और हजारीबाग में हर प्रखंड में बैठक करके संगठन का विस्तार किया जाएगा । बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष श्री चुरामन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता सहित सभी नौजवानों को मान सम्मान के लिए बैठक में आना जरुरी है जिससे सामाजिक विकास हो।

# शिक्षक पिता के इकलौते पुत्र ने की खुदकुशी, क्षेत्र में शोक की लहर

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, समाज जागरण**

पदमाः पदमा प्रखंड क्षेत्र से शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक घटना सामने आई है। प्रखंड मुख्यालय के पास पदमा नदी के उस पार रहने वाले सुरेश सिंह के इकलौते पुत्र तन्मय कुमार (17 वर्ष) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह लगभग 3 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पदमा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग सदर अस्पताल भेज



दिया। मृतक तन्मय हजारीबाग के अन्नदा कॉलेज में प्लस टू का छात्र था। बताया जाता है कि वह पढ़ाई में काफी मेधावी था और परिवार का सबसे छोटा व इकलौता बेटा था। उसके पिता सुरेश सिंह एक सरकारी विद्यालय में शिक्षक रहे हैं, जो लगभग एक वर्ष पूर्व गारुकुरहा स्कूल से सेवानिवृत्त हुए थे। अचानक घटी इस घटना से परिवार ही नहीं बल्कि पूरा मोहल्ला स्तब्ध है। घर के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया। घटना के बाद पूरे पदमा क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

# सांसद प्रतिनिधि ने मतदान केंद्र स्थल परिवर्तन को लेकर अंचलाधिकारी को दिया आवेदन।

**अरविंद कुमार यादव दैनिक सामाज जागरण संवाददाता कटकमसांडी**

कटकमसांडी प्रखण्ड के पेलावल बूथ संख्या 97 का स्थल परिवर्तन करने को लेकर कटकमसांडी पूर्वी सांसद प्रतिनिधि बिरेन्द्र कुमार बीरु ने सहायक


भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी कटकमसांडी अनिल कुमार गुप्ता को एक लिखित आवेदन दिया है आवेदन में कहा गया है कि 97 मतदान केंद्र संख्या अभी पेलावल तहसील कचहरी में अवस्थित है जिसमें मुहल्ला उतरी शिवपुरी कृष्णा नगर के मतदाता की संख्या लगभग 90 प्रतिशत है और कृष्णा नगर से मतदान केंद्र की दूरी लगभग तीन किलोमीटर से भी अधिक है जिसके कारण अधिकतर मतदाता मतदान करने में रुचि नही लेते हैं व मतदान प्रतिशत कम होता है इसलिए मतदान केंद्र को सेंट्रल पब्लिक स्कूल कृष्णा नगर में किया जाय ताकि मतदान करने में मतदाताओं को सहूलियत होगी।

# दैनिक बाजार में किसानों को बैठने के लिए डस्ट बिछाया गया

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव प्रखंड में प्रतिष्ठित मुख्य चौक स्थित बड़कागांव दैनिक बाजार में किसानों को बाजार में बैठने में हो रही परेशानी को देखते हुए अश्वनी दुर्गा पूजा समिति बड़कागांव दैनिक बाजार के द्वारा डस्ट गिराया गया ,तथा इसे फैलाकर बिछाया गया। उक्त कार्य होने से सब्जी बेचते किसानों एवं खरीदारों को समस्या से निजात मिलेगी। वहीं अश्वनी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार महतो ने कहा कि रोड किनारे मोटरसाइकिल एवं नाली के पास दुकान लगने के कारण हमेशा सड़क जाम हो रही है। प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर अश्विनी दुर्गा पूजा समिति के उप सचिव सरोज महतो के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज में जागरुकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मानसिक स्वास्थ्य आज के समय की एक अहम आवश्यकता है, जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है - डॉ प्रवीण श्रीनिवास**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**




हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइसेंस एंड होस्पिटल में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दिन शुक्रवार को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता के रूप में सरकारी उर्दू स्कूल, मंडई, हजारीबाग में सहायक शिक्षिका डॉ. हरीम कुदसी में शामिल रही एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मामले पर विशेष चर्चा की। हजारीबाग डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण एवं उपप्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव ने संयुक्त रूप से उनको पौधा भेंटकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मानसिक अवसाद एवं तनाव मुक्त पर छात्राओं से विशेष संवाद कर तनाव मुक्त वातावरण का निर्माण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता के रूप में डॉ. शाज़िया महरीन ने अपना योगदान दी। मुख्य वक्ता डॉ. हरीम कुदसी 2018 से झारखंड सरकार के स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के लिए राज्य संसाधन में योगदान दे रही है। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य आज के समय की एक अहम आवश्यकता है और छात्रों में इसको लेकर जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि कॉलेज भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा जिससे विद्यार्थियों में मानसिक संतुलन और आत्मबल को प्रोत्साहन मिल सके।

# गुरु चट्टी के दिव्या लक्ष्मी ने मुक्केबाजी में राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल जीता

**सामाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

खेलो झारखंड 2025 में बड़कागांव गुरु चट्टी निवासी बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय 11th की छात्रा दिव्या लक्ष्मी (पिता हुलास प्रसाद दांगी माता



वार्ड सदस्य रिंकी देवी) ने खेलो झारखंड यूसयू मुक्केबाजी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर अपने गांव का ही नाम नहीं बल्कि पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। गुरु चट्टी ग्राम की प्रबुद्ध जनों ने दिव्या लक्ष्मी की सफलता पर खुशी जाहिर किया एवं शुभकामनाएं दी हैं। मौके पर अमित कुमार, कृष्ण कन्हैया, नरसिंह प्रसाद ,पूर्वउप मुखिया रिंकी देवी ,सुलेखा देवी , मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के संस्थपक दामोदर प्रसाद मेहता, अध्यक्ष बिंदु कुमार दांगी ,सचिव पिंटू गुप्ता ,कोषाध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी, बिगल किशोर महतो ,नरेश कुमार , झमन प्रसाद, व अन्य लोगों ने बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# बदहाल लेपो रोड मामले में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने नगर आयुक्त और अभियंता से की मुलाकात

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग**



शहर के लेपो रोड की बदहाल स्थिति को लेकर शुक्रवार को समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद से मुलाकात की। उन्होंने नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं होने और सड़क पर गंदगी फैलने की समस्या पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने नगर आयुक्त को एक लिखित आवेदन भी सौंपा। नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद ने आश्वासन दिया कि लेपो रोड क्षेत्र में जल्द ही नियमित कूड़ा उठाव की व्यवस्था बहाल की जाएगी और सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष टीम तैनात की जाएगी। इसके बाद शेफाली गुप्ता ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार बर्णवाल से मुलाकात की और सड़क की दुर्दशा को लेकर ज्ञापन सौंपा। अभियंता बरनवाल ने बताया कि सड़क के नीचे से गुजरने वाली पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण बार-बार पानी रिसता है, जिससे सड़क मरम्मत के बावजूद टूट जाती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सहयोग से पाइपलाइन की मरम्मत कर सड़क को स्थायी रूप से ठीक किया जाएगा। समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन, कहा क्षेत्र की हर परेशानी मेरी अपनी है मुलाकात के दौरान शेफाली गुप्ता ने कहा, क्षेत्र की कोई भी समस्या हमारी अपनी समस्या है। मैं व्यक्तिगत रूप से हर स्तर पर बात कर इसे ठीक कराने की कोशिश करूंगी। जनता की परेशानी को दूर करना मेरी प्राथमिकता है।स्थानीय नागरिकों ने भाजपा नेत्री के इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि अब लेपो रोड की स्थिति में जल्द सुधार देखने को मिलेगा।

# सेवा, समर्पण और संगठन ही कांग्रेस की पहचान है और यही हमारी ताकत भी है- मुन्ना सिंह

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग**



हजारीबागः कांग्रेस पार्टी के जनसंपर्क और लोकतांत्रिक पुनसंर्वेदन के इस दौर में शुक्रवार का दिन हजारीबाग के लिए विशेष रहा। पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने भारत माता चौक पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी वेला प्रसाद और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो का जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकताओं के नारे, जोश और तिरंगे की गूंज ने पूरे चौक का माहौल उत्सवी बना दिया। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा कि सेवा, समर्पण और संगठन ही कांग्रेस की पहचान है और यही हमारी ताकत भी है। कांग्रेस विचार केवल राजनीति नहीं, बल्कि जनसेवा का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि देश की जनता आज बदलाव चाहती है, और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का यह समर्पण ही देश में जन आकांक्षाओं को नया बल देगा। इसके बाद मुन्ना सिंह नगर कांग्रेस कमिटी हजारीबाग द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान में वार्ड संख्या 1 और 2 में पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकताओं और नागरिकों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक गरिमा की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनता की आवाज को सशक्त करने और लोकतंत्र की आत्मा को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी वेला प्रसाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिगम्बर मेहता, ओबीसी प्रदेश सचिव रेनु देवी, जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल तथा नगर अध्यक्ष प्रवेज अहमद जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान स्थानीय वार्ड पार्षद राजा बाबु, राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, कोमल कुमारी, अनिल कुमार उपाध्याय, सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, बाबर अंसारी, बाबर अंसारी, निसार अहमद भोला, तसलीम अंसारी, रविन्द्र प्रताप सिंह, मोहम्मद रब्बानी, माशूक अंसारी, रिंकु कुमार, दीपक गुप्ता, मोहम्मद शब्बीर, पंचम पासवान, अनिल कुमार भुईया, मुस्ताक अंसारी, संगीता कशवाहा, बब्लू अंसारी, मोहम्मद सिराजुद्दीन, दिनेश कुमार मेहता, मोहम्मद रज्जब, अजय कुमार यादव, कलीम अंसारी, अमीत सिन्हा, मोहम्मद सलीम, नागेश्वर राम, मोहम्मद चांद, बंगाली राम, मोहम्मद शहाबुद्दीन, संजय सिंह, रॉकी, नारायण पासवान, आदिल रसीद, बालेश्वर महतो, मोहम्मद मुजिब, जय कुमार मेहता, मोहम्मद महमूद, गिरजा शंकर, मीर शाद,गोपालयादव,मोहम्मद शाहन वाज, प्रकाश पासवान, शमशाद आलम, शिव नंदन साहू के सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## आगामी छठ पूजा को लेकर घाटों की सफाई और व्यवस्था हेतु प्रशिक्षु आईएएस एवं नगर निगम अधिकारियों द्वारा विभिन्न तालाबों का किया निरीक्षण।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग**



हजारीबाग : आगामी छठ पूजा को लेकर प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा एवं नगर निगम, हजारीबाग के अधिकारियों के नेतृत्व में आज शहर के विभिन्न तालाबों और घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान घाटों की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, पानी की गुणवत्ता और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित व्यवस्था हेतु निर्देश दिए गए। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी ने ने कहा कि छठ पूजा के अवसर पर घाटों की पूरी सफाई और सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही, कूड़ा निस्तारण के लिए पर्याप्त इंतजाम करने, जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु व्यवस्थाएं कड़ी रखने आदि की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर के छठ तालाब इंद्रपुरी चौक, धोबिया तालाब, खजांची तालाब, बुढ़वा महादेव तालाब आदि का निरीक्षण किया गया।

# संत जेवियर स्कूल , हजारीबाग में सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स फुटबॉल टूनामेंट का शानदार समापन

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग,**



उत्साह, जोश और खेल भावना से सराबोर चार दिवसीय सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स फुटबॉल टूनामेंट का भव्य समापन शुक्रवार को संत जेवियर स्कूल, हजारीबाग के खेल मैदान में हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस आयोजन ने विद्यार्थियों में खेल के प्रति नई ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार किया।इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हजारीबाग ज़िले के 10 नामचीन स्कूलों की टीमें शामिल हुईं। 7 अक्तूबर से प्रारंभ हुए इस टूनामेंट के दौरान मैदान पर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रारंभिक चरण के बाद नॉकआउट मैचों में कुछ टीमें विदा हो गईं, जबकि सेमीफाइनल में संत जेवियर स्कूल का मुकाबला ओएसिस स्कूल से और हॉलीक्रॉस स्कूल का सामना जैक एंड जिल स्कूल से हुआ। शानदार प्रदर्शन करते हुए संत जेवियर ने 2-0 से जीत दर्ज की, वहीं हॉलीक्रॉस ने 3-2 के अंतर से फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। मैदान दर्शकों की तालियों और जयकारों से गूंज उठा। दोनों टीमों संत जेवियर और हॉलीक्रॉस ने खेल भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। पहली पारी में हॉलीक्रॉस स्कूल ने शानदार गोल कर बढ़त बनाई, जबकि दूसरी पारी में संत जेवियर ने पूरी मेहनत की, किंतु स्कोर बराबर नहीं कर सके। इस प्रकार हॉलीक्रॉस स्कूल हजारीबाग ने 5-0 से विजय हासिल कर इस वर्ष की चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। खेल समाप्ति के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। संत जेवियर स्कूल के प्राचार्य फादर रौसनर खलखो एस.जे. ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा खेल जीवन का अभिन्न अंग है। जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण है टीम भावना और अनुशासन। उन्होंने रेफरी को सम्मानित किया तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए। तत्पश्चात विजेता हॉलीक्रॉस स्कूल को विजेता ट्रॉफी तथा उपविजेता संत जेवियर स्कूल को उपविजेता ट्रॉफी भेंट की गई।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. देवाव्रत मित्रा ने सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालक का महत्वपूर्ण कार्य मोहम्मद आशिफ ने किया।राष्ट्रगान के साथ इस खेल महोत्सव का समापन हुआ। संत जेवियर स्कूल, हजारीबाग ने फादर रौसनर खलखो एस.जे. के मार्गदर्शन में इस टूनामेंट को अनुशासन, उत्साह और उत्कृष्ट संगठन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस आयोजन ने विद्यालय की खेल परंपरा को एक नया आयाम प्रदान किया और विद्यार्थियों में खेल भावना की ज्योति प्रज्वलित की।

## अदिति नमामि विनोबा भावे विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग की टॉपर बनी।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबागः विनोबा भावे विश्व विद्यालय के संस्कृत विभाग की छात्रा अदिति नमामि ने एम.ए. (संस्कृत) परीक्षा में विश्वविद्यालय टॉप कर हजारीबाग का नाम रोशन किया है. अदिति खपरियावा निवास पत्रकार अजय मिश्रा की पुत्री हैं. सत्र 2023-25 में उन्होंने 9.25 एसजीपीए के साथ कुल 1384 अंक प्राप्त किए हैं. गद्य, काव्य शास्त्र, नाट्य शास्त्र और शोध प्रविधि जैसे विषयों में अदिति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. विभाग के शिक्षकों ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया. अदिति पहले ही दो बार नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी हैं और वर्तमान में लाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृत यूनिवर्सिटी, दिल्ली में बीएड की पढ़ाई कर रही हैं.

ब्रेकिंग न्यूजः

# हजारीबाग में एसीबी का बड़ा एक्शन! राजस्व कर्मचारी ₹3,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**जमीन के दाखिल-खारिज खठके एवज में मांगी थी 10,000 रुपये की घूस**

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अप्पू यादव**

दारूः-भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB), हजारीबाग ने आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दारू अंचल कार्यालय के एक सरकारी कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दारू अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम (पिता-चुरामन राम, ग्राम-दारूटोला) के रूप में हुई है। ज्ञानी राम को 3,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।

**क्या है पूरा मामला?**

दारू थाना क्षेत्र के मेढ़कुरी कला निवासी हीरामन प्रजापति ने अउइ को लिखित शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी और उनके भाइयों की मोजा मेघ्कुरी कला की जमीन के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के लिए राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम द्वारा 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। चूंकि आवेदक रिश्वत नहीं देना चाहते थे, उन्होंने इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक के समक्ष आवेदन दिया।




**एसीबी ने बिछाया जाल**

सत्यापनः आवेदन मिलने के बाद ACB ने मामले का सत्यापन कराया। सत्यापन में यह पाया गया कि राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम आवेदक से 3,000 रुपये प्रति डिसमिल के हिसाब से रिश्वत की मांग कर रहे थे। ट्रैप टीम का गठनः सत्यापन सही पाए जाने के बाद, पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग के आदेश पर एक विशेष ट्रैप टीम का गठन किया गया, जिसमें एक प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और दो सरकारी गवाह शामिल थे।

रंगे हाथ गिरफ्तारीः आज दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और आरोपी ज्ञानी राम को उनके दारू प्रखंड स्थित आवासीय सह कार्यालय परिसर में शिकायतकर्ता हीरामन प्रजापति से 3,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ज्ञानी राम के विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्रोतः पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, प्रमंडल कार्यालय हजारीबाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति। #follower#followme #viralreelschallenge

# बेड़ाहरियारा पंचायत में हुआ सामाजिक अंकेक्षण।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ प्रखंड के बेड़ाहरियारा पंचायत में शुक्रवार को मनरेगा एवं पीएम आवास योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण के लिए पंचायत भवन में ग्राम सभा सह जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पीयूष कुमार सिन्हा ने की इस अवसर पर पंचायत के मुखिया रामचंद्र यादव,उपमुखिया राहुल कुमार गुप्ता,पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद,ग्राम रोजगार सेवक मदन यादव,पंसस,वार्ड सदस्य, जेएसएलपीएस से संबंधित महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र में मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई,जिनमें आम बागवानी,डोभा,टीसीबी,पशुपालन और पीएम आवास योजना समेत सभी मामले को जन सुनवाई के दौरान निष्पादित किया गया।

## गलत जाति प्रमाण पत्र पर मुखिया पद से हटाया: निर्वाचन आयोग ने अंचलाधिकारी व राजस्व कर्मचारी पर भी कार्रवाई के दिया निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**





ठाकुरगंज प्रखंड स्थित जीरनगच्छ पंचायत की मुखिया सोगरा नसरीन को गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर पद से हटा दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने फर्जी प्रमाण पत्र जमा कर आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने के मामले में यह कार्रवाई की है। आयोग ने सोगरा नसरीन के फर्जी शपथ पत्र पर आपराधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, इस मामले में दोषी पाए गए प्रशासनिक अधिकारियों पर भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। यह कार्रवाई बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के ज्ञापन संख्या 39/2024 के आलोक में की गई है। यह मामला तनवीर आलम द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया था। सुनवाई के दौरान प्राप्त साक्ष्यों से यह प्रमाणित हुआ कि सोगरा नसरीन की जाति 'शेख' है, जो बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग में शामिल नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने फर्जी जाति प्रमाण पत्र का उपयोग कर आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ा और मुखिया बनीं। राज्य निर्वाचन आयोग ने उन्हें बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 की धारा 135 और 136/2 के तहत अयोग्य घोषित करते हुए तत्काल प्रभाव से मुखिया पद से मुक्त कर दिया है। वादी की ओर से अधिवक्ता रंजीत चौबे और प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता अविनाश कुमार तथा एसबीके मंगलम ने अपना पक्ष रखा था। इस प्रकरण में तत्कालीन अंचल अधिकारी (CO) और संबंधित राजस्व कर्मचारी को भी दोषी पाया गया है। आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है।

## छतरगाछ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कार सवार से एक लाख नकद बरामद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के पालन में छतरगाछ पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान बड़ी सफलता हासिल की है। छतरगाछ पुलिस कैंप प्रभारी राम बहादुर शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार देर रात बैंक चौक के पास रात्रि गस्ती के दौरान सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एक कार को रोककर तलाशी ली गई। इस दौरान वाहन में सवार व्यक्ति मोहम्मद जावेद, पिता मोहम्मद नूरुद्दीन, निवासी पश्चिम पाली, किशनगंज के पास से एक लाख रुपये नकद बरामद किए गए। जब पुलिस अधिकारी ने बरामद रुपये के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे तो आरोपी कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही वह पैसों के स्रोत को लेकर कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार रुपये की जब्ती सूची तैयार कर पूरी रकम को जब्त कर लिया। कैंप प्रभारी राम बहादुर शर्मा ने तत्काल इस कार्रवाई की सूचना निवार्ची पदाधिकारी सह अंचला धिकारी पोठिया को दी। जब्त राशि की गिनती के अनुसार 500 रुपये के कुल 200 नोट मिले, जिनकी कुल राशि एक लाख रुपये है। कैंप प्रभारी राम बहादुर शर्मा ने बताया कि चुनाव के दौरान नकदी, शराब और अन्य संदिग्ध वस्तुओं के आवागमन पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। क्षेत्र में शांति और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की टीम दिन-रात सक्रिय है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की और कहा कि ऐसी सघन जांच से चुनाव के दौरान पारदर्शिता बनी रहेगी।

## किशनगंज रेलवे स्टेशन पर हादसा: रेलवे ट्रैक पार करते समय महिला की हुई दुर्घटना

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब रेलवे ट्रैक पार कर रही एक महिला अचानक गिर गई और उसके सिर में गहरी चोटें आईं। महिला की पहचान सलगी वेसरा तेलता निवासी के रूप में हुई है। महिला के परिवार वालों ने बताया कि वे लोग तेलता से किशनगंज पैसेंजर ट्रेन से उतरे थे और रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। महिला को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को नाजुक देखते हुए हायर सेंटर अस्पताल रेफर कर दिया।

## 335.280 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक मनीष सक्सेना के निर्देश पर किशनगंज जिले में शराब पीने व शराब तस्करी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक संगम कुमार विद्यार्थी सहायक अवर



निरीक्षक राकेश कुमार अपने दल बल के साथ किशनगंज मुख्यालय के ब्लॉक चौक पर जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान एक कार को रोका गया और कार रुकते ही कार में बैठे एक तस्कर नीरज कुमार सहरसा जिले के रहने वाला फरार हो गया। उत्पाद विभाग की टीम ने कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में लदे 335.280 विदेशी शराब बरामद हुआ साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तस्कर का नाम अनमोल कुमार गांव मुरलीगंज मधेपुरा जिला निवासी है। मद्द निषेध अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग की टीम ने तस्कर को सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मच्छरजनित रोगों से बचाव और जवानों के स्वास्थ्य की पूर्ण निगरानी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले में न केवल सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी विशाल राज के निदेशानुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों – किशनगंज, ठाकुरगंज, पोठिया एवं कोचाधामन – में चिन्हित रअढ जवानों के आवासन स्थलों पर व्यापक फॉगिंग, स्वास्थ्य किट वितरण और चिकित्सकीय जांच अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य मच्छरजनित रोगों से सुरक्षा प्रदान करना और जवानों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण सुनिश्चित करना है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी आवासन स्थलों पर फॉगिंग की गई है ताकि मच्छरजनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से उन्हें पूर्ण सुरक्षा दी जा सके। जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि चुनाव केवल सुरक्षा या प्रशासनिक व्यवस्था का नहीं बल्कि जनस्वास्थ्य की जिम्मेदारी का भी विषय है। SAP जवान जिले में तैनात होकर चौबीसों घंटे कर्तव्य निभाते हैं, इसलिए उन्हें किसी भी तरह की स्वास्थ्य जोखिम से बचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को फॉगिंग के साथ-साथ साफ-सफाई, पेयजल की गुणवत्ता और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

**सिविल सर्जन ने दी टीम की सराहना – जवाबदेही का प्रतीक**

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य का निर्वहन कर रहा है। जिलाधिकारी के नेतृत्व में टीम वर्क के रूप में हमने फॉगिंग, स्वास्थ्य किट वितरण और चिकित्सकीय जांच अभियान को सफलता पूर्वक पूरा किया है। यह केवल औपचारिक कार्य नहीं बल्कि स्वास्थ्य के प्रति हमारी जवाबदेही का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि फॉगिंग के साथ-साथ आवासन स्थलों पर जलजमाव की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और मच्छरों के संभावित प्रजनन स्थलों को समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। जवानों को आवश्यक स्वास्थ्य किट, जिसमें दवाइयाँ और स्वास्थ्य संबंधी अन्य सामग्री शामिल हैं, उपलब्ध कराई गई। सभी स्थानों पर चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच भी की गई ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी का समय रहते निदान हो सके।

## सोन नदी में बड़ा हादसा नाव पलटने से छह डूबे एक का शव बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के बडेम थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा होने की खबर है जहां रघुनाथपुर घाट सोन नदी में नाव पलटने से 6 लोग डूब गए। समाचार लिखे जाने तक एक का शव बरामद हुआ जबकि 5 की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार बड़ेंम गांव निवासी सलीम अंसारी के 21 वर्षीय पुत्री तमन्ना कुमारी, व नरेश चौधरी के 21 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी, संजय चौधरी की पत्नी रंजीता देवी उम्र 35,सुरेन्द्र चौरसिया के 20 वर्षीय पुत्री मंजू कुमारी,योगिन्द्र लाल की 20 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी (छोटी), चितरंजन पासवान की पत्नी सबिता देवी उम्र 30 वर्ष सहित करीब 15 से ज्यादा लोग एक नाव में सवार होकर नदी के बीच स्थित द्वीप पर खेती के काम के लिए जा रहे थे। तभी बिच रास्ते मे नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें कुछ लोग तैरकर बच गये। वही घटना में बड़ेम निवासी सलीम अंसारी की 21 वर्षीय पुत्री तमन्ना कुमारी का शव बरामद किया गया है। जबकि पांच अन्य लापता है। सूचना पर बड़ेम थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी दल बल के साथ घटना स्थल पर मौजूद हैं।गोतखोरो एवं स्थानीय लोगों की मदद से लापता अन्य लोगो की तलाश जारी है। मामले बड़ेम थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि रघुनाथपुर बालू घाट के समीप से नाव मे सवार कुछ लोग खेती करने के लिए उसपार जा रहे थे इस बिच में नाव नदी में पलट गई जिसमें तमन्ना कुमारी का शव बरामद कर लिया गया है। वही अन्य की तलाश जारी है। वहीं हादसा के बाद अधिकारियों का दल घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।

## वाहन चैकिन के दौरान भरठूवां बंदूक पकड़े जाने पर,आर्म्स एक्ट के तहत दो अभियुक्त को भेजा गया जेल

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया**



पलामू (झारखंड)वरीय पदाधिकारी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार राज्य के सीमावर्ती थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग/छापामारी करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके आलोक में चेकिंग/छापामारी अभियान की शुरूआत की जा चुकी है। इसी क्रम में कल दिनांक 09.10.2025 को नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ।लकड़ाही बाजार, खैरादोहार स्थित वाहन चेकिंग के दौरान रात्रि 10 बजे 1. सिकेंदर उरांव पिता स्व जगु उरांव 2. विनोद उरांव 40 वर्ष पिता सूजन उरांव दोनों ग्राम हुटूगदाग थाना छतरपुर जिला पलामू को भरठूवां बंदूक एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है । पूछताछ के क्रम में पकड़ाए दोनों व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि जंगली सुअर का शिकार करने जा रहा थे । इस सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार दोनों व्यक्ति को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है

## ताइक्वांडो में हजारीबाग जिला विजेता और वूशु में बना उपविजेता।

**वूशु और तैराकी में रांची जिला बना चैंपियन।**

**खेलो झारखंड के तहत वूशु, ताइक्वांडो एवं तैराकी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न।**

**कल से हॉकी और तीरंदाजी में राज्य के खिलाड़ी दिखाएंगे अपना हुनर**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में आयोजित खेलो झारखंड के तहत वूशु, ताइक्वांडो एवं तैराकी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आज शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव ने बताया कि दो दिनों तक चली प्रतियोगिताओं में राज्य के सभी जिलों से चयनित खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित किया कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी अपार प्रतिभा, क्षमता और धैर्य से परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा खेलो झारखंड के माध्यम से प्रदान किया जा रहा यह मंच निश्चित रूप से भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का परचम लहराने का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्थलों पर किया गया – वूशु : ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम, खेलगांव ताइक्वांडो : गणपत राय इंडोर स्टेडियम तैराकी : सिद्धू कान्हू स्विमिंग स्टेडियम प्रतियोगिता परिणाम वूशु प्रतियोगिता ओवरऑल चैंपियनः रांची अंडर-17 बालिका वर्गः उपविजेता हजारीबाग अंडर-19 बालिका वर्गः उपविजेता धनबाद बालक वर्ग (अंडर-17 एवं 19): उपविजेता रामगढ़ ताइक्वांडो प्रतियोगिता अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्गः विजेता - हजारीबाग अंडर-14 बालिका वर्ग उपविजेताः रांची अंडर-14 बालक वर्ग उपविजेताः देवघर अंडर-17 बालिका वर्गः विजेता - रांची उपविजेता - हजारीबाग अंडर-19 बालिका वर्गः विजेता रांची उपविजेता पश्चिमी सिंहभूम तैराकी प्रतियोगिता अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग : विजेता रांची अंडर-17 वर्ग : विजेता रांची उपविजेता जमशेदपुर अंडर-19 वर्ग :विजेता रांची उपविजेता खूंटी सभी खेलों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह संबंधित खेल स्थलों पर ही आयोजित किया गया। इस अवसर पर झारखंड ओलंपिक संघ, वूशु संघ, ताइक्वांडो संघ एवं तैराकी संघ के पदाधिकारीगण, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग, शिवेंदु दुबे, कोषाध्यक्ष झारखंड ओलंपिक संघ शैलेंद्र दुबे, सचिव झारखंड वूशु संघ मिथलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष झारखंड ताइक्वांडो संघ तथा तैराकी संघ के शैलेन्द्र तिवारी, उपेंद्र तिवारी, युवराज पटेल, प्रदीप कुमार, उमेश पासवान आदि उपस्थित थे। साथ ही, खुली चयन प्रक्रिया के माध्यम से योग, मुक्केबाजी, नेटबॉल, बास्केटबॉल, वेटलिफ्टिंग एवं मलखंभ खेलों में भी प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया गया। कल से शुरू होगा हॉकी और तीरंदाजी का राज्य स्तरीय मुकाबला खेलो झारखंड के अंतर्गत शनिवार से हॉकी एवं तीरंदाजी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दोनों खेलों की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन में राज्य खेल कोषांग के सभी सदस्य, विभिन्न जिलों से आए शारीरिक शिक्षा शिक्षक तथा खेल संघों के पदाधिकारीगणों का विशेष योगदान रहा।

# चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव से तीन लोगों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति नबीनगर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी गोधन मुसहर उर्फ अक्षय मुसहर, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पवई गांव निवासी अनील मुसहर और नबीनगर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मनोज मुसहर उर्फ डिंगल मुसहर है।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पूछ ताछ में उक्त तीनों के निशानदेही पर सोना का झुमका 2 पिस,चांदी का पायल 2 जोड़ा और चांदी का झुमका 1 पिस बरामद किया गया है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त समान को जप्त कर तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## दो जदयू नेता हुए राजद में शामिल, तेजस्वी ने दिलाई सदस्यता

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में राज्य के कई बड़े और प्रभावशाली नेता जदयू छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार जदयू के कई वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसदों के बेटों ने राजद का दामन थाम लिया है। इसमें पूर्णिया के पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, बांका के जदयू सांसद गिरधारी यादव के बेटे चाणक्य प्रकाश, वैशाली से अजय कुशवाहा और जहानाबाद के पूर्व सांसद जगदीश शर्मा के बेटे व पूर्व विधायक राहुल शर्मा शामिल हैं। यह बदलाव राज्य की सियासत में नया मोड़ साबित हो सकता है। राजद के नेताओं का कहना है कि ये नामांकन पार्टी की ताकत को और बढ़ाएंगे। पार्टी अब बिहार के उन हिस्सों में मजबूत स्थिति बनाने की तैयारी कर रही है, जहां पिछले चुनावों में उसे सफलता नहीं मिल पाई थी। राजद अध्यक्ष के मुताबिक, इन नेताओं के शामिल होने से पार्टी की रणनीति को नई दिशा मिलेगी और उम्मीदवारों की टीम को मजबूत करने में मदद मिलेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जदयू के लिए यह झटका इसलिए भी बड़ा है क्योंकि ये नेता अपने क्षेत्रों में काफी प्रभाव रखते हैं। उनकी राजद में शामिल होने से राजद को उन क्षेत्रों में मजबूत पकड़ बनाने का अवसर मिलेगा, जहां पार्टी पहले कमजोर थी। वहीं जदयू के लिए यह चुनौती बढ़ाने वाली बात है, क्योंकि उन्हें अपनी पार्टी की छवि और संगठनात्मक मजबूती को बनाए रखना होगा। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो यह बदलाव बिहार के विधानसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण संकेत देता है। कई विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार चुनाव में गठबंधन और उम्मीदवारों के चयन की रणनीति काफी निर्णायक भूमिका निभा सकती है। जदयू के वरिष्ठ नेताओं का राजद में शामिल होना विपक्ष के लिए एक मजबूत संदेश है और यह सत्तारूढ़ पार्टी के लिए चेतावनी भी है। जदयू के कुछ नेताओं ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी में युवा नेताओं के लिए पर्याप्त अवसर नहीं दिए गए थे, जिसके कारण कुछ नेता नई चुनौतियों और बेहतर राजनीतिक अवसर की तलाश में राजद में शामिल हो गए। हालांकि, पार्टी नेतृत्व ने कहा है कि यह एक सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया है और चुनावों के करीब आते ही नेताओं के रुख में बदलाव आम बात है।राजद के कुछ नेताओ ने कहा कि ये नए नेता पार्टी के विकास और बिहार की जनता के हित में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी अब उन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने की तैयारी कर रही है, जहां इन नेताओं का प्रभाव रहेगा। उनका मानना है कि इस कदम से पार्टी की जनाधार और मजबूत होगा और आगामी चुनाव में इसका सकारात्मक असर पड़ेगा।

# आदित्य साहू को भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर हजारीबाग सांसद प्रतिनिधियों ने दी बधाई

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), झारखंड प्रदेश के नए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की ओर से ढरों शुभकामनाएँ दी गईं। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधियों का एक समूह शुक्रवार को आदित्य साहू के रांची जिले के ओरमांझी स्थित ग्राम कुचू आवास पहुँचा। सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने आदित्य साहू से मिलकर पुष्पगुच्छ भेंट किया, अंग-वस्त्र ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। उक्त प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि आदित्य साहू के कुशल नेतृत्व में भाजपा झारखंड प्रदेश में और भी सशक्त होगी और संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह के साथ सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, राजीव जायसवाल, रेणुका साहू, जीवन मेहता, द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, इन्द्रनारायण कुशवाहा, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, जय नारायण प्रसाद, महेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## पटना जिले के पालीगंज में एसडीपीओ ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत बिभिन्न थाना क्षेत्रों में बनाये गए चेक पोस्टो को शुक्रवार को पालीगंज एसडीपीओ ने निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार बिहार विधानसभा का बिगुल बज चुकी है। नामांकन



की शुरूआत भी हो चुकी है। जिसे देख इलाके में शांति पूर्ण मतदान कराने की तैयारी में प्रशासन भी जुट चुकी है। जिसके तहत सभी जगह अपराधियो पर नकेल कसने की तैयारी भी कर रही है। इसी क्रम में पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के पालीगंज थाना, सिगोरी थाना तथा इमामगंज थाना अंतर्गत चेक पोस्ट बनाई गई है। जहां पहुंचकर पालीगंज एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह ने एसएसटी कैम्प, बॉर्डर चेक पोस्ट तथा नाका इत्यादि का निरीक्षण किया। चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारीयों तथा पुलिस पदाधिकारीयों की उपस्थिति चेक की गई तथा आगामी चुनाव के आलोक में वहां से गुजरने वाले व्यक्तियों तथा वाहनों की सघन तलाशी हेतु निर्देश दिया। साथ ही मादक पदार्थ, अवैध हथियार एवं अनअकाउंटेबल कैश को जप्त करने हेतु निर्देश दिया।

## 40वाँ तारकेश्वर महतो ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता-समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल के नावाडीह प्रखंड ऊपरघाट कंजकिरो पंचायत स्थित ग्राम पिलपिलो तारकेश्वर महतो स्टेडियम में आयोजित दस दिवसीय सांसद खेल महोत्सव 40वा तारकेश्वर महतो ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आगाज शुक्रवार को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जरवाबस्ती बनाम निर्मलडीह के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीम ने खेल पर अपना दबदबा बनाए रखें और प्लेंटी शूट आउट में जरवाबस्ती विजेता बना। प्रतियोगिता का उद्घाटन ऊपरघाट जिला परिषद सदस्य कुमारी




खुशबू महतो ,डीवीसी सीएसआर के वरीय प्रबंधक मनीष कुमार, युवा आजसू राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो, कंजकीरो मुखिया ललिता देवी, किंग कोबरा सुप्रीमो श्यामसुंदर महतो ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं स्व० तारकेश्वर महतो जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।
मौके पर प्रतियोगिता के खेल संयोजक मनोज कुमार महतो ,भाजपा नेता रामचंद्र महतो, मोतीलाल महतो ,रघु मिर्धा, वीरेंद्र महतो, देवीलाल मांझी ,उमेश उजागर, किशोर महतो, गणपत महतो, दिलीप तुरी ,गोविंद किस्कू, दिनेश कुमार ,शैलेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे ।

# जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का फीता काट कर किया शुभारंभ।

समाज जागरण

कासगंजःराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला अस्पताल कासगंज में एक स्वास्थ्य कैंप लगाया गया जिसमें जिलाधिकारी प्रणय सिंह द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इसमें सर्वप्रथम नोडल अधिकारी डॉक्टर उत्कर्ष यादव द्वारा इसकी जानकारी दी गई। इस वर्ष के विषय पर बड़े पैमानों पर आपात स्थितियों के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की चुनौतियां किस प्रकार होती हैं जैसे बाढ़ आ जाए या फसल सूख जाए ,फसल बर्बाद हो




जाए या एग्जाम का समय स्टूडेंट परेशान रहते हैं तो इस तरह की अवस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग की आवश्यकता होती है आपके पास ही जिला अस्पताल में मनकक्ष तथा मानसिक रोग चिकित्सा अधिकारी की सुविधा तथा दवाइयां आपको देते हैं।

इस विषय पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रकाश डालते हुए जनमानस को बताया कि यहां सब इलाज उपलब्ध है, इन सब का इलाज उपलब्ध है जो भी मानसिक रोग लगता है आपको उसे दिखाना अति आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने जनमानस को संबोधित करते हुए बताया कि हम जो अपने आसपास के क्षेत्र में मानसिक रोग ग्रस्त लोगों को देखते हैं जिन्हें लोग पागल या मेंटल इस तरह से कहते हैं, उन सबको सहायता करते हुए अस्पताल में लाना चाहिए, जिससे सही समय पर सही दवा देकर उसका उपचार किया जा सके। मानसिक रूप से ग्रसित हर व्यक्ति का इलाज संभव है इलाज के पश्चात वह नॉर्मल जिंदगी जी सकता है अन्यथा वह अपना भी नुकसान करता है, और जनता का भी नुकसान करता है। जैसे वह दूसरे को मारपीट कर नुकसान पहुंचा सकता है स्वयं को भी नुकसान पहुंचाता है, अंत में खुदकशी भी कर लेता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी संजीव कुमार सक्सेना सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में जनपद कासगंज के दवा विक्रेताओं के साथ बैठक आहूत की गयी।

समाज जागरण

कासगंजः जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में जनपद कासगंज के दवा विक्रेताओं के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के दवा विक्रेताओं को निर्देश दिये गये कि कफ सिरप का विक्रय 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के उपयोग हेतु न किया जाये। साथ ही उनके द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि जनपद में सोर्ट एक्सपायरी की दवा की बिक्री आम जनमानस को न की जाये।



यदि कोई भी दवा व्यवसायी प्रतिबंधित कफ सिरप एवं सोर्ट एक्सपायी/एक्सपायर दवा का विक्रय करते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम-1940 व नियमावली 1945 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में औषधि निरीक्षक दीपक लोधी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त दवा विक्रेताओं को जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु आदेशित किया गया। बैठक में जनपद के लगभग 70 दवा विक्रेता मौजूद रहे।

# थाना पटियाली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 02 अभि0गण को किया गिरफ्तार, कब्जे से 08 कि0ग्रा0 गौमांस व 01 मोटर साइकिल बरामद ।

समाज जागरण

कासगंज पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी पटियाली सन्दीप वर्मा के नेतृत्व में दिनांक 09.10.2025 की रात्रि में थाना पटियाली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 02 अभि0गण 1.सोइल




पुत्र नवी खां निवासी मौ0 अहमद थोक कस्बा भरगैन थाना पटियाली जनपद कासगंज 2. वसीम पुत्र मौ0 यामीन निवासी रोशन महल गढैया थोक भरगैन थाना पटियाली जनपद कासगंज को टिमरुआ नहर से जैथरा की तरफ से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तार अभि0गण के कब्जे से 08 कि0ग्रा0 गौमांश व 01 मोटर साइकिल प्लैटिना बरामद हुई है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पटियाली पर मु0अ0सं0 380/25 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 पंजीकृत कर अभि0गण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

# विदाई समारोह में न्यायाधीश का किया अभिनंदन

समाज जागरण

कासगंज। शहर की दुर्गा कालोनी में संचालित एमएसीटी कोर्ट के न्यायाधीश राजीव कुमार की विदाई पर समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान न्यायाधीश को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान कासगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरिजा शंकर दुबे, महासचिव महीपाल सिंह राजपूत, रामनिवास राजपूत, कमलकांत गुप्ता, राजीव वशिष्ठ,



मुनेंद्र पाल राजपूत, चेतेंद्र चौहान, रमेश चन्द्र गोला, चेतन चौहान, सलीम समेत अन्य अधिवक्तागण

# पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**सपा नेत्री जाहिदा सुल्तान बोलीं—युगों-युगों तक याद रहेंगे नेताजी, सपाइयों ने लिया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प**

सहावर/कासगंज, समाज जागरण। पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सहावर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सपा नेत्री एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता जाहिदा सुल्तान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय सपा कार्यालय (बंगले परिसर) में किया गया, जहां सपा नेत्री जाहिदा सुल्तान ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर नेताजी की स्मृति



में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अपने संबोधन में सपा नेत्री जाहिदा सुल्तान ने कहा कि "नेताजी मुलायम सिंह यादव केवल एक नेता नहीं, बल्कि गरीब, किसान और आम जनता की आवाज थे। वे हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के हक की लड़ाई लड़ते रहे। उनका व्यक्तित्व और विचारधारा युगों-युगों तक याद रखी जाएगी।"

उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी के हर कार्यकर्ता को नेताजी के आदर्शों, संघर्ष और सरल जीवन शैली से प्रेरणा लेकर समाज की सेवा में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर उपस्थित सपाइयों ने नेताजी के बताये मार्ग पर चलने और समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में कई वरिष्ठ सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।

# धूम धाम से मनाई बाल्मीकि जयंती शोभा यात्रा ने किया कस्बा भ्रमण

समाज जागरण

कासगंजः केकस्बा पटियाली पाताली महादेव मंदिर पर वाल्मीक जयंती पर्व गुरुवार देर शाम धूम धाम से मनाया गया।शोभा यात्रा का फीता काट व आरती उतार कर शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने किया।मुख्य अथिति उच्चतर शिक्षा आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर नीरज किशोर मिश्र ने महर्षि वाल्मीक के स्वरूप की आरती उतार कर किया।



दर्जनों झांकियों व बैंड बाजों की धुन पर मोहल्ला मिश्राना,सहन,कटरा राजा साहब,अलीगंज रोड,मुख्य चौराहा,बाजार,गंजडुंडवारा रोड पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की और थिरकते नजर आए।इंस्पेक्टर लोकेश भाटी की अगुआई में पुलिस व पी ए सी वल ने शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा राम से पूर्व महर्षि बाल्मीकि ने उनके चरित्र का चित्रण संस्कृत भाषा में रचित बाल्मीक रामायण में किया।जिसका अनुशरण श्रीं राम की लीलाओं के माध्यम से समाज के लोग सदियों के रहे हैं।

प्रोफेसर नीरज किशोर ने कहा महर्षि वाल्मीक ने रामायण ग्रन्थ की रचना कर मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र पर आधारित लीलाओं का बखान कर समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई।

इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष वाल्मीक, उपाध्यक्ष बबलू बाल्मीक, कोषाध्यक्ष श्रीकृष्ण बाल्मीक, उपकोषाध्यक्ष सोनू कुमार, सुखलाल, विक्की, विशाल बाल्मीक, प्रशांत, बाल्मीकअभय, विवेक,श्याम बाबू,अन्नू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मुख्य न्यायाधीश के साथ अभद्रता के विरोध में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

समाज जागरण

एटा। आम आदमी पार्टी ने मुख्य न्यायाधीश के साथ हुई अभद्रता की घटना के विरोध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी थाना कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित धरना स्थल पर एकत्र हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि न्यायपालिका के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

अंत में प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा,



जिसमें घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों को दंडित करने की मांग की गई। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# आवश्यकता और वैज्ञानिक सोच देती है आविष्कार को जन्म-डीएम

**- दिव्यांग के लिए स्मार्ट हेंडीकेप्ट चेयर, व आर्मर ड्रोन रहे आकर्षण**
**- 192 बाल वैज्ञानिकों ने 140 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर दिखाई प्रतिभा**
**- जिला विज्ञान क्लब ने आयोजित की जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता**

अजय यादव / मुनन अहमद

कासगंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उ0प्र0 शासन के निर्देशन में गणेश इण्टर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें 192 बाल वैज्ञानिकों ने 140 विज्ञान मॉडलों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता का आयोजन जिला विज्ञान क्लब के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एमएलसी रजनीकान्त माहेश्वरी, कार्यक्रम अध्यक्ष जिलाधिकारी प्रणय सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़, सीडीओ सचिन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज एवं श्री गणेश इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुति दी। इससे पूर्व सभी अतिथियों को चौधरी दाताराम सिंह इंटर कॉलेज अलीपुर बरवारा के छात्र-छात्राओं द्वारा घोष बैंड एवं एनसीसी कैडेट्स की सलामी के साथ मंच तक ले जाया गया।

सभी अतिथियों का डीआईओएस डॉ




इंद्रजीत, कार्यक्रम संयोजक डॉ. जयन्त कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य एचपीएन दुबे ने बुके, माला, शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह, एमएलसी रजनीकांत महेश्वरी एवं अन्य आगंतुक अतिथियों ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों की काफी सराहना की गई,उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से नए नवाचार और आइडिया मिलते हैं और इन्हें अन्य लोगों के साथ साझा किया जाता है। अच्छे मॉडल्स को जनहित के लिए क्रियाकारी मशीनों में बदलकर उनका इस्तेमाल कर सकते हैं।

एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि एक विद्यार्थी द्वारा प्रदर्शनी में जो स्वदेशी वस्तुओं का मॉडल दशार्या गया है उसे निश्चायी निश्चित ही यह प्रतीत होता है, कि मा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी का जो संकल्प है उसे यह मॉडल सार्थक बनाने का प्रयास करेगा।

राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने जो एक्सीडेंट प्रीवेंशन सिस्टम, स्मार्ट अलार्म सिस्टम फॉर ह्यूमन सेफ्टी, गरुण ड्रोन, आर्मर ड्रोन, रिन्यूबल सोलर एनर्जी, हाईड्रो पावर प्लांट, मॉडीफाइड रेलवे क्रासिंग गेट, बायो एनर्जी, मल्टीपरपज रोबोटिक व्हीकल आदि के मॉडल प्रस्तुत किए हैं वह काफी सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि जिला विज्ञान क्लब जनपद में विद्यार्थियों एवं जनमानस के मध्य वैज्ञानिक गतिविधियों से वैज्ञानिक सोच और विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन नोडल समन्वयक राजबहादुर ने किया।

जिला विज्ञान क्लब समन्वयक डॉ. जयन्त कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर संजीव कुमार, प्रधानाचार्य एचपीएन दुबे, कैप्टन आलोक कुमार दुबे, डी एस पाल,सह समन्वयक अभिषेक पांडे, अनुभव पाठक, दीपक मिश्रा,मदन राजपूत सुदेश वर्मा, राजकुमार कुशवाहा, डॉ सरिता शर्मा, दीपराज माहेश्वरी, डॉ. बीपी मौर्या, डॉ राजकुमार वर्मा, विमल कुमार सिंह, वेद प्रकाश, मनोज यादव, जितेंद्र सिंह पाल,अजय माहेश्वरी एवं जनपद के विज्ञान शिक्षक एवं शिक्षकाएं आदि मौजूद रहे।

# ब्रह्मपुत्र मेल से चोरी गए सामान सहित युवक को किया गिरफ्तार

**कब्जे से चोरी गया सामान बरामद**

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! थाना जीआरपी ने दो दिन पूर्व ब्रह्मपुत्र मेल से चोरी गए सामान का खुलासा करने में सफलता हासिल की है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सारा सामान बरामद कर लिया है जीआरपी आगरा परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा पुलिस उपाधीक्षक इटावा के नेतृत्व में जीआरपी फिरोजाबाद ने सर्विलांस टीम और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्त रविंद्र कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी फतेहपुर खास थाना जसराना हाल निवासी यदुवंश नगर शिकोहाबाद को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की उसने बताया वह 7 अक्टूबर की रात ब्रह्मपुत्र मेल से शिकोहाबाद आ रहा था 8 अक्टूबर की भोर में वह शिकोहाबाद उतर गया और सामने वाली सीट पर बैठी एक महिला का ट्रॉली बैग भी उठा कर ले गया घर पर जाकर देखा तो उसमें एक जोड़ी पायल 2 जोड़ी बिछुआ एक मंगलसूत्र एक ओम का लॉकेट एक अंगूठी एक छोटा पिट्ठू बैग एक स्टेटर मशीन एक लड्डू गोपाल एक प्लास्टिक का डिब्बा जिसमें आर्टिफिशियल ज्वेलरी एक मेकअप किट

**किसानों को नहीं होने दी जायेगी खाद की कमी-जिलाधिकारी**

# जिलाधिकारी ने खाद की कालाबाजारी एवं नकली खाद की बिक्री की सख्ती से रोकथाम के लिये कराई छापामार कार्यवाही।

**जिलाधिकारी के निर्देशन में कृषि विभाग ने पुलिस के मामलेसाथ सोरों में पकड़ा नकली खाद का बड़ा भण्डार, दो गोदाम सीज।**

अजय यादव / मुंनन अहमद

कासगंजः जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने जिले में खाद की कालाबाजारी एवं नकली खाद की बिक्री की सख्ती से रोकथाम के लिये सम्बंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुये इसे काफी गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। खाद की काला बाजारी करने वालों तथा किसानों की फसल बर्बाद करने के लिये नकली खाद का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर की जायेगी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात बड़ी कार्यवाही करते हुये नकली डीएपी खाद के अवैध कारोबार का भण्डाफोड़ किया है। रात में एक मैक्स पिकअप को टीम द्वारा कलेक्टेट गेट कासगंज पर निरीक्षण हेतु रोका गया। जिसमें मै0 कृभको विनिर्मित डीएपी उर्वरक का स्टाक लोड पाया गया। चालक आकाश पुत्र भवानी मौहल्ला नगला, सोरों द्वारा बिल व अन्य अभिलेख उपलब्ध न कराये जाने पर सोरों कोतवाली के सुपुर्द कर दिया गया।

तत्पश्चात जगदीश पुत्र गौरी शंकर के लहरा रोड सोरों स्थित खाद गोदाम का निरीक्षण किया गया। जिसमें खाद के कच्चे माल का अवैध भण्डारण पाया गया। जिसके कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये। इसप्रकार उर्वरक का अवैध भण्डारण, व्यवसाय, बिक्री एवं वितरण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7, 8 एवं 19 का खुला उल्लंघन तथा दण्डनीय अपराध




है। इस गोदाम को सील कर दिया गया।

उक्त के अतिरिक्त सोरों में बदरिया अखाड़ा चैराहे पर स्थित गोदाम में उर्वरकों के अवैध भण्डारण की सटीक सूचना पर कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा औचक छापामार कार्यवाही की। गोदाम के बाहर गेट पर उर्वरकों के दाने भी पाये गये। इस गोदाम में उर्वरकों के अवैध भण्डारण पर गोदाम को भी सील कर दिया गया।

तत्पश्चात स्वामी राम चैतन्यपुरी पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम नगला बंजारा के व्यवसायिक प्रतिष्ठान/दुकान में उर्वरकों के अवैध भण्डारण की सटीक जानकारी होने पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा स्टाफ एवं पुलिस टीम के साथ औचक छापामार कार्यवाही की गई। निरीक्षण में मै0 कोरोमण्ड इंटरनेशनल लि0 उदयपुर की सिंगल सुपर फास्फेट की लगभग 800 खाली बोरियां एवं सिलाई मशीन, 06 गुल्ले धागे, एक वजन मशीन, नई डीएपी बोरी की कतरन, 05 बोरी में भरा हुआ कच्चा माल और फर्श पर बिखरे हुये उर्वरक के दाने पाये गये। जिससे स्पष्ट होता है कि यहां नकली उर्वरकों की पैकिंग की जाती है। मौके पर बताया गया कि यह दुकान जगदीश पुत्र गौरी शंकर निवासी लहरा रोड सोरों को किराये पर दी गई है। उक्त समस्त सामग्री को मौके पर ही सील कर दिया गया। उर्वरकों की अवैध पैकिंग/बैगिंग करने के दोषी जगदीश पुत्र गौरी शंकर निवासी लहरा रोड सोरों एवं आकाश पुत्र भवानी निवासी नगला, सोरों के विरूद्व उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7, 8 व 19 का खुला उल्लंघन होने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कड़ी विधिक कार्यवाही कराई जा रही है। छापामार कार्यवाही के दौरान उपजिलाधिकारी कासगंज संजीव कुमार, जिला कृषि अधिकारी डा0 अवधेश मिश्र, तहसीलदार सदर, सब इंस्पेक्टर/कस्बा इंचार्ज, वरिष्ठ सहायक जितेंद्र तोमर तथा अन्य स्टाफ कर्मी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।

# अंतर विश्वविद्यालय जूड़ो प्रतियोगिता में एके कालेज बना चैंपियन

## पांच स्वर्णपतक और एक रजत पदक के साथ सर्वाधिक पदक पाए

समाज जागरण

शिकोहाबाद। आदर्श कृष्ण महा-विद्यालय शिकोहाबाद ने सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा में आयोजित डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय जूडो (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता में चैंपियनशिप का खिताब जीता। इसमें कालेज के खिलाड़ियों ने कुल पांच स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त कर अपना नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता गुरुवार को सेंट जोंस कालेज आगरा में आयोजित की गई थी। जिसमें डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के जनपद आगरा, फिरोजाबाद,मैनपुरी एवं मथुरा के विभिन्न महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें एके कालेज शि-िकोहाबाद ने कुल पांच भार वर्गों में स्वर्ण पदक एवं एक भार वर्ग में रजत पदक के साथ सर्वाधिक पदक अपनी झोली में डालते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की।

विजेता खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के खेल निदेशक द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित



किया गया। इस अवसर पर महा-विद्यालय के प्राचार्य प्रो दीदार सिंह यादव एवं शारीरिक शिक्षा के विभाग अध्यक्ष प्रो जगदीश यादव ने छात्रों को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देते हुए बताया कि जूडो आत्म अनुश-ासन, सम्मान और आत्मरक्षा सिखाने में महत्वपूर्ण है। जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एक लोकप्रिय और फायदेमंद खेल है। शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक एवं टीम मैनेजर डॉ अनिल यादव ने बताया कि पहली बार एके कॉलेज शिकोहाबाद के पांच छात्रों का चयन डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से 10 नवंबर से लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय पंजाब में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयी जूडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ जसवंत सिंह, डॉ अनिल बघेल,डॉ शफी मोहम्मद,डॉ विजय शंकर आदि ने छात्रों को मेडल पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक, डॉ संजीव कुमार यादव, डॉ रूम सिंह, प्रो संजय कुमार यादव, डॉ विमल कुमार, डॉ बीतेंद्र कुमार गुप्ता,डॉ सुनील कुमार गुप्ता, डॉ अनिल कुमार गुप्ता,डॉ सुगंध कुमार,डॉ र-ाकेश कुमार यादव,डॉ आशुतोष कुमार आदि ने छात्रों का हौसला बढ़ाया।

# करवाचौथ की पूर्व संध्या पर महिलाओं और युवतियों ने की जमकर खरीददारी

फिरोजाबाद। करवाचौथ की पूर्व संध्या पर नगर के बाजारों में महिलाओं और युवतियों ले जमकर खरीददारी की। महिलाओं ने ज्वैलरी, कॉस्मेटिक, साड़ी, चूड़ी आदि के सामनों की दुकानों पर भीड़ रही। महिलाओं की भीड़ देखकर दुकानदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं सरार्फा बाजार में भीड़ देखने को मिली। करवाचौथ का पर्व दस अक्टूबर को मनाया जायेगा। इस दिन महिलाएं निर्जला उपवास रखकर रात को चंद्रमा को अर्ध्य अर्पित करेंगी। इसके बाद ही व्रत खोला जाएगा। इसको लेकर महिलाओ में काफी उत्साह है। यह दिन सुहागिनों के लिए सजने और संवरने का होता है। इसमें कोई कमी न रहे इसके लिए महिलाओं ने करवाचौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में जमकर खरीददारी की।

# राघवेंद्र चौहान का नाम बबलू गैंग से हटाने की अधिवक्ताओं ने की मांग

समाज जागरण

जसराना। बार एसोसएशन की बैठक अध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान साथी अ धिवक्ता राघवेंद्र सिंह पर लगाए गए झूठे मुकदमों एवं प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। बबलू गैंग से नाम नहीं हटाने पर अधिवक्ताओं ने आंदोलन करने की चेतवानी दी।

अध्यक्ष ओमकार सिंह यादव ने कहा अधिवक्ता क्रेता एवं विक्रेता के साथ गवाहों द्वारा बताए गए साक्ष्यों के आधार पर बैनामा लिखने का कार्य करता है। अधिवक्ता का बैनामा लेखन में कोई दोष नहीं होता है। साथी अधिवक्ता राघवेंद्र चौहान ने गोल्डी राठौर के बैनामा उसके बताए अनुसार लिखे थे। लेकिन उनको मामले में झूठा फंसा दिया। एक तरफ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी आश्वासन देते रहे दूसरी ओर उसे जेल भेज दिया। अधिवक्ता को जेल भेजने के बाद पुलिस द्वारा निरंतर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अधिवक्ता पर गैंगस्टर की का-र्रवाई करते हुए गोल्डी राठौर के गैंग में उसे सदस्य बनाया गया है। बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं ने कहा अगर अधिवक्ता का नाम गैंग से नहीं हटाया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता और सुविधाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

## कार्य में विलंब पर नाराजगी, बाउंड्री वॉल और हाईटेंशन तार हटाने के निर्देश

फिरोजाबाद, समाज जागरण
(ब्रजमोहन सिंह)।

जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता, सुविधाओं और प्रोजेक्ट अलंकार की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी कार्य में विलंब न हो। उन्हें बताया गया कि छह विद्यालयों में से चार में बाउंड्री वॉल का कार्य शुरू नहीं हुआ, जिस पर डीएम ने ना-राजगी जताते हुए आवास विकास के एक्सईएन को चार्जशीट करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से ड्रॉपआउट न हो और सभी विद्यालयों में डिजिटल उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि पांच राजकीय विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन पूर्ण हो चुके हैं, जबकि सात विद्यालयों का निर्माण स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत जारी है।

जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण में 121 में से



113 विद्यालयों का कार्य पूरा हो चुका है, शेष आठ जल्द ध्वस्त किए जाएंगे। वहीं, 80 विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तारों में से 17 हटाए जा चुके, शेष 63 को इस माह में हटाने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय में सोलर लाइट लगाने और आरटीई के अंतर्गत नामांकित बच्चों की उपस्थिति और फीस की जांच करने के निर्देश दिए। अब तक 4063 छात्राओं का नामांकन आरटीई के तहत कराया गया है। बैठक में डीआईओएस धीरेंद्र कुमार, बीएसए आशीष पांडे एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। – सौजन्य : सूचना विभाग, फिरोजाबाद

# कक्षा आठ की छात्रा बनी एक दिन की बीईओ, दी छात्रों को नसीहत

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। टूंडला के कम्पोजिट स्कूल मदावली की कक्षा आठ की छात्रा चंचल पौनिया एक दिन के लिए बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारी) बनीं। उन्होंने कार्यालय का कामकाज संभालते हुए विद्यालयों का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से स्कूल आने व पढ़ाई पर ध्यान देने की नसीहत दी। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में चंचल ने एमडीएम रसोई में स्वच्छता की जांच की और शिक्षकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि यह अनुभव शिक्षा व्यवस्था को समझने में मददगार रहा।

## छठ पूजा आयोजन समिति दुमदुमा की नई समिति का गठन।

**दैनिक समाज जागरण**
**गोरख नाथ गुप्ता।**

असम तिनसुकिया के दुमदुमा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुमदुमा में छठ पूजा मनाने की तैयारी जोरो से चल रही है। घाटों की रखरखाव तथा व्रत धारियों के सुविधा के लिए एक समिति का गठन किया गया। सन 2024 की पुरानी समिति के सचिव रोहित दुबे द्वारा आय व्यय प्रस्तुत करने के बाद नई समिति का गठन किया गया। दुमदुमा हिंदुस्तानी दुगार्पूजा भवन में आयोजित सभा की अध्यक्षता समाज सेवी दिलीप प्रसाद ने किया। सर्वसम्मति से इस बर्ष के लिए अध्यक्ष रोहन यादव, सचिव संतोष पंडित ,कोषाध्यक्ष नरेश गुप्ता शिक्षक को चयनित किया गया। सभा में बलराम शर्मा मुन्ना साह ,अभय भारती ,जितेंद्र शाह ,पंकज पाठक, विजय यादव ,इंद्रदेव महतो, मनोज यादव ,कौशल गुप्ता ,तीर्थनाथ यादव अखिलेश शाह ,निरंजन शाह दिलीप गुप्ता शिक्षक, मिलन यादव पार्षद आनन्द तिवारी मुंद्रिका प्रसाद चिंटू गुप्ता, आदि सहित समाज के युवक एवं शुभचिंतक उपस्थित थे। मालूम हो कि दुमदुमा शहर के विभिन्न घाटों की छठ पूजा आयोजन हेतु समिति द्वारा समुचित रूप से व्यवस्था की जाती है।

## हरिद्वार से 17 वर्षों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार, 50 हजार रुपये का इनाम था घोषित

समाज जागरण – हरिद्वार। हरिद्वार पुलिस ने थाना गंगनहर में पंजीकृत मामले का 17 वर्षों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी के ऊपर 50,000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त लंबे समय से फरार था और विभिन्न स्थानों पर छिपकर भागता रहा। उत्तर प्रदेश विशेष Task Force (@up-pstf) की सतर्कता और लगातार खोजबीन के बाद उसे हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया गया। अब आरोपी को कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# दुमदुमा आंचलिक जातीयतावादी युवा छात्र परिषद की एकादश द्विवार्षिक तथा विशेष अभिनंदन कार्यक्रम आयोजन।

### छात्रों के साथ समाजीक जीवन में भी काम की सराहना --: प्राचार्य कमलेश्वर कलिता।

**समाज जागरण**
**गोरख नाथ गुप्ता।**

तिनसुकिया जिला के दुमदुमा आंचलिक जातीयतावादी युवा छात्र परिषद कि एकादश द्विवार्षिक अधिवेशन तथा विशेष अभिनंदन कार्यक्रम दुमदुमा शाखा साहित्य सभा में आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में सर्व प्रथम आंचलिक परिषद के अध्यक्ष रोहन यादव ने झंडा फहराया तथा इसके बाद श्रद्धांजलि कार्यक्रम का शुभारंभ आंचलिक सचिव हीरक ज्योति मोरान ने शहीद वेदी पर पुष्पांजलि तथा दिवंगत जूवीन गर्ग को श्रद्धांजलि अर्पित करके किया। सभा में अखिल असम जातीयता वादी युवा छात्र परिषद के केंद्रीय सहसचिव सुरजीत मोरान, दुमदुमा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज दत्त, दुमदुमा कॉलेज के प्राचार्य कमलेश्वर कलिता, केंद्रीय समिति के कार्य निर्वाहक सदस्य हुन मनी चलिहा, तिनसुकिया जिला सचिव कल्याण मोरान, तिनसुकिया जिला पत्रकार संस्था के सचिव राणा ज्योति नेउग सहित वरिष्ठ व्यक्ति मंच पर उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में विगत वर्षों के दौरान इस वर्ष भी पत्रकार, संस्कृतिक शिक्षक साहित्यिक खेल तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े 7 लोगों को फुलाम गमछा, स्मृति चिन्ह ,सेलेंग चादर, छापी तथा प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया । विशेष अभिनंदन समारोह का शुभारंभ असम जातीयतावादी युवा छात्र परिषद के सहसचिव सुरजीत मोरान



ने किया। जिसमें स्वर्गीय कृष्ण काकोती स्मृति शैक्षिक पुरस्कार इस बार संयुक्त रूप से दुमदुमा महाविद्यालय के पदार्थ विज्ञान के अध्यापक रातुल गोगोई एवं इतिहास विभाग के द्विजेन शर्मा को प्रदान किया गया। पंकज सोनवाल स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार एन के टीवी के पत्रकार वनजीत कलिता, विशिष्ट अभिनेत्री तथा नृत्य कलाकार निमार्ली कुंवर स्मृति सांस्कृतिक पुरस्कार दुमदुमा के प्रवीण अभिनेता, नाट्यकार अजय खाटनियार , को प्रदान किया गया। सलिल नेउग स्मृति साहित्य पुरस्कार युवा साहित्यकार विकियाल बायलुंग तथा दुलू सोनवाल स्मृति कृषि पुरस्कार कदेर्गुड़ी के विश्वनाथ मोरान को प्रदान किया गया। जोनाक सिंह गुरुंग स्मृति क्रीड़ा पुरस्कार रंगाजान के विभु मोरान को प्रदान किया गया।
सभा में मुख्य वक्ता के रूप में दुमदुमा कॉलेज के प्राचार्य कमलेश्वर कलिता ने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुमदुमा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज दत्त ने किया। कार्यक्रम के उद्घोषक के रूप में दुमदुमा जातीयता वादी युवा छात्र परिषद के सह सचिव छत्रपति मोरान उपस्थित रहा । कार्यक्रम में जिला के आंचलिक सदस्यों तथा विभिन्न दल संगठनों एवं अंचल के वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।

## मिजार्पुर पुलिस ने नवजात शिशु अपहरण के दो आरोपी गिरफ्तार

मिजार्पुर में पुलिस ने नवजात शिशु को बेचने के इरादे से अपहरण करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी शिशु को अवैध तरीके से बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की और अपहृत शिशु को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी को कानूनी रूप से पुख्ता किया गया है। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में राहत की लहर फैल गई और पुलिस की सतर्कता की प्रशंसा की जा रही है।

# दिल्ली में जेल से अपराध साम्राज्य चलाने वाले पांच गैंगस्टर

समाज जागरण, दिल्ली व्यूरो – रमेशचंद्र द्विवेदी

नई दिल्ली। चमक-धमक से भरी दिल्ली में अपराध की एक अलग दुनिया भी है। राजधानी में कुछ ऐसे गैंगस्टर हैं जिन्होंने जेल की सजा काटते हुए भी अपने अपराध साम्राज्य को मजबूती से चलाया। जेल के पिंजरे में बंद होकर भी ये अपराधियों के इशारे पर अपहरण, डकैती, हत्या, अवैध शराब व मादक पदार्थ की तस्करी, वसूली और दंगे कराने जैसे गंभीर अपराध कराते हैं।




केन्द्रीय कारागार तिहाड़ जेल में बंद सबसे खतरनाक अपराधियों में शामिल हैंः कपिल सांगवान, हाशिम बाबा, काला जठेडी, छेनू पहलवान और नीरज बवाना। इनकी सजा काटते हुए भी टीमों के जरिए अपराधों का संचालन जारी रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार, कई अपराधियों ने समाज के दबंग लोगों के अत्याचार, न्याय न मिलने, बेरोजगारी या बदले की भावना के चलते अपराध की दुनिया में कदम रखा। कुछ अपने नाम की प्रसिद्धि या राजनीतिक संरक्षण के कारण भी अपराध की दुनिया में सक्रिय हैं।

जेल में रहते हुए भी ये गैंगस्टर अपने इशारों से अपराध के जाल को देश के किसी भी कोने या विदेशों तक फैलाने में सक्षम हैं। यही कारण है कि तिहाड़ जेल के ये अपराधी आज भी अपराध की दुनिया के बादशाह कहे जाते हैं।

# वसुंधरा राजे भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकती है

समाज जागरण दिल्ली व्यूरो चीफ रमेशचंद्र व्दिवेदी

नईदिल्ली/भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल2023में ही समाप्त हो गया है तो दूसरी एक ही व्यक्ति दो पद पर नहीं रह सकता है । भाजपा जब भी कोई पदाधिकारी का चयन करती है तो चौंकाने वाली कार्य करती है । अभी तक भाजपा ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने सफल नहीं हो पाई है । शायद अब ज्यादा देर हो चुकी है यह चुनाव बिहार के बाद का कयास लगाए जा रहे हैं । वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रेस में जो नाम सामने आ रहे हैं उनमें सबसे पहले बंसुधरा राजे, योगी आदित्यनाथ, संजय जोशी, शिवराज सिंह तथा मनोहर लाल खट्टर के नामों की चर्चा जोरों पर है । दूसरी ओर आर एस एस के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के विचार से भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से भाजपा और आरएसएस के विचारों को लेकर चलने के साथ संगठन को मजबूत बनाने में माहिर हो ।देखा जाए तो संजय जोशी को आर एस एस का पूरा समर्थन मिल रहा है लेकिन नरेंद्र मोदी और अमित शाह के पसंद से दूर हैं । वसुंधरा राजे सिंधिया 1987में राजस्थान प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष बनी और दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री की सत्ता भी सम्भाल चुकी है । इतना ही नहीं अटल बिहारी वाजपेई के मंत्री मंण्डल में राजे को विदेश मंत्री बनाया गया । इन्हें जो भी पद मिला वह अच्छी तरह से सम्भाला है ।



इन्हें राजनीति की चाणक्य कहा जाय तो अतिशयोक्ति नहीं होगी इसके अलावा वह एक अच्छी संगठन कर्ता व्यवहार कुशल तथा निष्पक्ष निर्णय लेने में सक्षम के रूप में देखी जा सकती है ।आर एस एस के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत से मिलने के बाद फिर नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह से मुलाकात के समय सोहार्द पूर्ण बातों से यह कयास लगाया जा रहा है कि इन्हें ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी मिल सकती है ।इनके भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से महिलाओं के वोटरों पर काफी असर पड़ेगा । किसी कारण वश यदि इन्हें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनाया जा रहा है तो शायद योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है । जनता का एक बहुत बड़ा हिस्सा इनके पक्ष में दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर आर एस एस का पूरा सपोर्ट मिल रहा है । दूसरी ओर सनातन हिंदू एकता का भी इनके प्रति काफी झुकाव दिखाई दे रहा है । फिलहाल इसका निर्णय तो समय के अनुसार जाना जा सकता है ।

# सुहाग का पर्व करवा चौथ

**समाज जागरण दिल्ली व्यूरो चीफ रमेशचंद्र व्दिवेदी**

नईदिल्ली/ दिल्ली एनसीआर में सुहाग का त्योहार करवा चौथ पर्व



धूमधाम से मनाया गया ।यह त्योहार हर साल कार्तिक महीने की कृष्णपक्ष की चतुर्थी तिथि पर मनाया जाता है ।यह पर्व महिलाएं अपने पति की दीघार्यु होने और सुख समृद्धि करती है ।इस पर्व में करवा माता की पूजा औरतें करती है ।साथ में चतुर्थी तिथि होने से गणेश सहित शिव परिवार की पूजा करने की रिवाज है ।औरते बिना जल पिये व्रत करती है ।व्रत करने वाली महिलाएं दिन भर व्रत करने के पश्चात रात में चांद देखकर चांद को अर्घ्य देने के बाद ही जल और अन्न ग्रहण करती है ।इस कारण चंद्र दर्शन का बहुत महत्व माना जाता है ।

# एमपी पुलिस आरक्षक भर्ती के एडमिट कार्ड 25 अक्टूबर तक जारी हो सकते

भोपालःमध्यप्रदेश में पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया हाल ही में खत्म हुई भर्ती के लिए करीब साढ़े 9 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने अप्लाई किया चौंकाने वाली बात ये है कि इसमें हजारों की संख्या में पोस्ट ग्रेजुएट, इंजीनियर्स तो हैं ही पीएचडी डिग्री वाले भी शामिल हैं पुलिस की



कांस्टेबल भर्ती 7500 पदों के लिए होनी है 30 अक्टूबर को दो पालियों में इसका एग्जाम आयोजित किया जाएगा इस परीक्षा के लिए सिर्फ 10वीं पास होनी जरूरी है अब इस भर्ती के लिए एडमिट कार्ड जारी हो रहा है सूत्रों की माने तो 25 अक्टूबर तक इस भर्ती के एडमिट कार्ड जारी हो सकते हैं
आपको बता दे मध्य प्रदेश में पुलिस विभाग में लगभग 8500 पदों पर भर्तियां होनी है इसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी है सभी के विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं सबसे पहले कांस्टेबल भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया था इसमें लगभग 7500 पदों पर भर्ती होगी इसकी परीक्षा 30 अक्टूबर से शुरू होगी इसके बाद एएसआई के पदों पर भी विज्ञापन जारी कर दिया गया है लगभग 500 पदों का भर्ती होगी इसके ऑनलाइल आवेदन 3 अक्टूबर से शुरू हो चुके हैं वहीं बीते दिन सब इंस्पेक्टर भर्ती का भी विज्ञापन जारी कर दिया गया है और इसके आवेदन 27 अक्टूबर से शुरू होंगे लगभग 500 पदों पर भर्ती होगी

### हिमन्त विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है: विधायक विजय ने कहा।

# श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर में पहली बार स्वास्थ्य सेवा के 'मेघा हेल्थ कैंप' का आयोजन किया गया।

### 50 से अधिक बीमारियों की पूर्ण जांच, निदान और उन्नत चिकित्सा तथा मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया।

**श्रीभूमि संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण :**

असम के मुख्यमंत्री के सपनों की स्वास्थ्य सेवा परियोजना के अंतर्गत असम के विभिन्न क्षेत्रों में बहुप्रतीक्षित 'मेघा हेल्थ कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आज 10 अक्टूबर (शुक्रवार) आयोजित इस विशाल स्वास्थ्य शिविर में अनुमानित 50 प्रकार की बीमारियों के लिए उन्नत चिकित्सा सेवा पूरी तरह से मुफ्त प्रदान की गई। साथ ही, सभी मरीजों के लिए मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर रामकृष्णनगर कॉलेज में एक तैयारीमूलक बड़े स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया और विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा बैठक कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की गई। बैठक में रामकृष्णनगर सर्कल ऑफिसर सौभिक दत्त और रामकृष्णनगर विधायक उपस्थित थे। विधायक



विजय मालाकार प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, राजनीतिक नेता, स्थानीय गण्यमान्य व्यक्तित्व और पंचायत प्रतिनिधिगण मौजूद थे। बैठक में रामकृष्ण नगर लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार ने कहा कि 0 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए इस शिविर में सभी प्रकार की बीमारियों का पूर्ण परीक्षण, आवश्यक चिकित्सा और दवाइयाँ प्रदान की जा रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर उन्नत चिकित्सा के लिए रेफरेंस सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने और कहा कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम में स्वास्थ्य सेवाएँ उच्च गुणवत्ता की हो रही हैं। निःशुल्क विधानसभा आधारित मेगा स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग, स्नायु रोग से लेकर आँख और कान संबंधित समस्याओं सहित 50 से अधिक बीमारियों की पूर्ण स्क्रीनिंग, निदान और चिकित्सा की जाती है। विशेष रूप से गरीब वर्ग में रहने वाले व्यक्तियों में वउऋऋकार्ड का वितरण हमारी सर्वांगीण और सुलभ स्वास्थ्य सेवा के वादे को और मजबूत करेगा और मुख्यमंत्री के इस स्वास्थ्य सेवा परियोजना को शुश्रूषा सेतु परियोजना के माध्यम से सफलतापूर्वक लागू करना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए पत्रकार, प्रशासन, स्वास्थ्यकर्मी, स्थस्थानीय जनप्रतिनिधि और आम नागरिक, सभी से सहयोग की कामना करते हैं। विशेष रूप से बारक के 31 विशेषज्ञ चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ, नर्स, स्थानीय नागरिक और स्वयंसेवी संगठनों के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि रामकृष्णंखर आम जन के घर तक उन्नत चिकित्सा पहुँचाने के इस प्रयास को ऐतिहासिक कदम के रूप में देखा जा सकता है। आयोजकों ने बताया कि शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक दल भाग लिया। आधुनिक उपकरणों के माध्यम से रोगों का निदान करने से लेकर चिकित्सा परामर्श तक सभी प्रकार की सुविधाएँ रोगियों के लिए उपलब्ध करवाई गई हैं।

**गीधराज सुनि आरत बानी। रघुकुलतिलक नारि पहिचानी"**
**" हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी तुम देखी सीता मृग नैनी"**

# जप-तप से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं - स्वामी पंचमानंद जी महाराज

**समाज जागरण**

नोएडा सेक्टर 82 स्थित पॉकेट 12 में आयोजित श्रीराम कथा के आठवें दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज ने कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भरत जी चित्रकूट में भगवान राम से मिलते हैं। भगवान राम उनको गले से लगा लेते हैं और पिता का वचन याद दिला कर वापस अयोध्या भेज देते हैं। आगे भगवान राम पंचवटी में निवास करते हैं जहां पर रावण की बहन सूर्पनखा पहुंचती है और विवाह का प्रस्ताव रखती है। बार बार मना करने पर भी नहीं मानती है तो लक्ष्मण जी उसके नाक कान काट लेते हैं। रावण दरबार में सुर्पणखा विलाप करती हुई पहुंचती हैं। रावण ने उसकी दशा देखकर पूछा कि तेरे नाक कान किसने काटे। सुर्पणखा ने



कहा कि राम लक्ष्मण दशरथ के पुत्र हैं। राम के छोटे भाई लक्ष्मण ने नाक कान काटे है और उन्होंने खर दूषण और त्रिसरा का भी वध कर दिया। रावण सोचता हैं खर दूषण को मारने वाला निश्चित ही कोई अवतार है ।ह्यह्य तो मै जाइ बैर हठि करऊॅ। प्रभु सर प्रान तजे भव तरऊॅह्लह्ल। रावण मारीचि के पास जाता हैं और राम से बदला लेने के लिए कपट मृग बनने को कहता हैं। मारीचि सोने का मृग बनकर पंचवटी से निकलता



हैं तो सीता राम जी से उस स्वर्ण मृग की खाल लाने को कहती हैं। राम जी उसके पीछे जाते है और उस स्वर्ण मृग को एक बाण से मार देते हैं। मारीचि मरते समय हा लक्ष्मण हा लक्ष्मण की आवाज करता हैं। सीता जी ने राम को संकट में जानकर लक्ष्मण को उनकी सहायता में भेजती है। मौका देखकर लंकेश साधु का वेश रखकर सीता को जबरदस्ती सीता को रथ में बैठाकर आकाश मार्ग से जाता हैं ।ह्यह्य गीधराज सुनि आरत बानी। रघुकुलतिलक नारि पहिचानीह्लह्ल। जटायु रावण पर हमला कर देते हैं इसके बाद लंकेश जटायु के पंख तलवार से काट देता है। इधर राम लक्ष्मण पंचवटी पहुंचते हैं वहां पर सीता को न पाकर दुःखी होकर ढूंढने लगते हैं ।ह्यह्य हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी तुम देखी सीता मृग नैनीह्लह्ल। रास्ते में घायल गिद्व राज जटायु मिलते हैं वह सारा वृतांत बताते हैं और भगवान की गोद में अपने प्राण त्याग देते हैं। उसके बाद भगवान सबरी के आश्रम पहुंचते हैं जहां पर प्रेम भक्ति में सबरी के झूठे बेर खाते हैं। इस अवसर पर श्रीराम कथा आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी देव मणि शुक्ल ने बताया कि श्रीराम कथा के नौवें दिन हनुमान जी राम जी की भेंट, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सीता खोज, लंका दहन, रावण वध और राम राज्याभिषेक आदि प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। इस मौके पर तमाम सेक्टरवासी भक्त

# विश्व हिन्दू परिषद भगवान महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ेगा:-मिलिंद परांडे

**समाज जागरण**

नई दिल्ली ।विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रांत की ओर से रोहिणी शिव बालेश्वर मंदिर दिल्ली में भव्य रूप से मनाई गई भगवान वाल्मीकि जयंती। इस आयोजन में मिलिंद परांडे जी संगठन महामंत्री -विश्व हिंदू परिषद, का उद्बोधन रहा । उन्होंने कहा की हम सब एक ही ऋषि की संताने हैं । समय काल खण्ड में जो असमानताएं/कटुताऐ आ गई हैं;उन्हें दूर करने का काम हम सभी का हैं ।विश्व हिंदू परिषद सामाजिक समरसता पर काम कर रही है ।समाज को एक सूत्र में बांधने का काम बड़ी तेजी से हो रहा है ।इसके अच्छे परिणाम जल्द देखने को मिलेंगे.. भगवान महर्षि वाल्मीकि जी केवल लेखन में ही दक्ष नहीं थे बल्कि वे स्वयं 64 युद्ध कलाओं में भी परांगत थे। उन्होंने लव-कुश को युद्ध कलाएं सिखाई , रामायण को कैसे गा कर सुनाया जा सकता है;




उन्होंने लव-कुश को सिखाया। वह स्वयं आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे ;इसीलिए उन्होंने प्रभु राम को एक आदर्श राजा के रूप में प्रस्तुत किया ।विश्व हिंदू परिषद भगवान महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ेगा ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरजीत कुमार ने कहा हम सभी का उद्गम एक जगह से हुआ है और हम सभी को एक जगह ही जाना है तो फिर;ऊंच-नीच ;जाति -पाति का कोई अर्थ नहीं है। प्रत्येक जन समान है;जब ईश्वर ने कोई असमानता नहीं दिखाई तो हम कौन होते हैं समाज को बांटने वाले। राष्ट्रीय हित में अपनी परंपराओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ाने का काम शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ कर रही है। उन्होंने भगवान वाल्मीकि की जयंती की सभी को बधाई दी।श्री गुरु रविदास मंदिर तुगलकाबाद दिल्ली की जगह को सरकार ने समाज को 23/9/25 को सौंप दिया ।इसके लिए सरकार का अभिनंदन कियाऔर समाज को बधाई दी।

कार्यक्रम में साध्वी रेणुका जी ने भी सभी को आशीर्वचन दिया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रचारक भाला जी, सुबोध जी प्रांत संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद,ओंकार जी प्रांत समरसता प्रमुख विश्व हिंदू परिषद,मनोज कुमार आजाद जी अध्यक्ष दिल्ली प्रांत श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ, विक्रम जीत जी राष्ट्रीय मंत्री श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ, अशोक जी राष्ट्रीय महामंत्री ज्वेलर्स संघ, मधुसूदन शर्मा जी, भगत सिंह जी,कृष्णा पासवान जी,धारा सिंह जी, रामजीत जी,चंद्र कुमार जी, दिनेश शर्मा जी, विजय मल्होत्रा जी,कृष्ण भारद्वाज जी, सुखविंदर जी नरेंद्र कुमार जी,विनय कुमार जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राजीव बड़ेरिया चुने गए जबलपुर कैट CAIT के अध्यक्ष

**समाज जागरण**

"कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रडर्स" (कैट) की उच्च स्तर बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी सी भरतीया ,राष्ट्रीय महामंत्री व चांदनी चौक के सांसद श्री प्रवीण खंडेलवाल जी , राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री भूपेन्द्र जैन जी , प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील अग्रवाल जी , प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी , एवं कैट से गोविंद दास असाठी जी व अन्य पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से जबलपुर के राजीव बड़ेरिया को कैट जबलपुर के अध्यक्ष पद पर चुना



गया, बड़ेरिया जी जबलपुर में मेट्रो हॉस्पिटल , अपोलो हॉस्पिटल , ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज , नर्सिंग कॉलेज के डारेक्टर है, साथ ही आप अनेक सामाजिक संस्थानों से विगत कई वर्षों से जुड़े है, इस मौके पर महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री रवि गुप्ता, श्री अखिल मिश्र , श्री युवराज गडवाल, शंकर नागदेव, जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री प्रेम दुबे, श्री कमल ग्रोवर , श्री हिमांशु खरे, श्री राधे श्याम अग्रवाल, श्री शशि पांडेय , एफ एम सी जी से श्री निखिल पाहवा, प्रदेश सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ, जबलपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बख्तावर, कैट जबलपुर के पदाधिकारी संदेश जैन, दीपक सेठी, कैलाश गुप्ता, रोहित खटवानी, मनु शारद तिवारी, श्रीमती सीमा सिंह चौहान, राहुल बरडिया (सी ए), मनोज जसाठी, मेवा लाल छिरोलिया, जबलपुर डीजल पेट्रोल एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश मेहता, अजगर अली (असगी), पुनीत हांडा, विशाल गुलाटी, तरुण अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अरुण पवार, संदीप भूरा, संजय जैन, एवं जबलपुर मोबाइल एवं टेलीकम्युनिकेशन संगठन, सेंट्रल इन्फो टेलीकॉम ट्रेडर्स एसोसिएशन जबलपुर के सभी पदाधिकारी ने एवं जबलपुर के अन्य व्यापारिक संगठनो ने शुभकामनाएं दी व उज्वल भविष्य की कामना की ।

# अवैध शराब की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार, 135 पेटी शराब और ट्रक बरामद

समाज जागरण – वाराणसी।

वाराणसी पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी में लिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से विभिन्न ब्रांड की 135 पेटी अवैध शराब और एक ट्रक बरामद किया। पुलिस के अनुसार यह शराब




अन्य जिलों में तस्करी के लिए ले जाई जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।
पुलिस ने बताया कि अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।